मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 39.6 | 29.4 |
| जमशेदपुर | 40.5 | 24.8 |
| डालटनगंज | 36.0 | 23.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | मंगलवार 23 अप्रैल 2024 चैत्र पुर्णिमा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 15 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## चुनाव से पहले ही खुल गया भाजपा का खाता



**सूरत।** लोकसभा चुनाव के नतीजे तो 4 जून को आएंगे. लेकिन सूरत में भाजपा का खाता पहले ही खुल गया है. गुजरात की सूरत सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी सात निर्दलीय प्रत्याशियों के नाम वापस लिए जाने के बाद भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध जीत गए हैं. गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने सोमवार को सोशल मीडिया पर दलाल को जीत की बधाई दी. मुकेश दलाल की तस्वीरों के साथ एक्स पर लिखा, सूरत ने पीएम नरेंद्र मोदी का पहला कमल खिलाया! सूरत सीट से प्रत्याशी मुकेशभाई दलाल को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं. इस बीच, गुजरात कांग्रेस के प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने इस मामले को अदालत में ले जाने की बात कही है. कांग्रेस नेता ने कहा कि नामांकन पत्र रद्द नहीं किया गया है, वह असंवैधानिक है.


### किस पर करें यकीन: सिंगापुर और हांगकांग ने पहले ही लगाया बैन, मिला था खतरनाक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड

# एमडीएच व एवरेस्ट मसालों पर केंद्र का भी एक्शन, सैंपलों की होगी जांच

**शुभम संदेश नेटवर्क। नयी दिल्ली**

हांगकांग और सिंगापुर ने भारतीय कंपनियों एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड के करी मसालों की सेल पर बैन लगा दिया है. इसके बाद अब केंद्र सरकार ने भी इन दोनों ब्रांड के मसालों के सैंपल की टेस्टिंग कराने का फैसला किया है. सरकार ने फूड कमिश्नर को इन दोनों ब्रांड्स के मसालों के सैंपल कलेक्ट करने के निर्देश दिए हैं.

हांगकांग ने दोनों कंपनियों के इन प्रोडक्ट्स में कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा होने की बात कही थी. इसके बाद सिंगापुर ने भी इन ब्रांड्स के मसालों पर बैन लगा दिया था. इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है. सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार ने फूड कमिश्नरों को देश की सभी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से मसालों के सैंपल कलेक्ट करने का निर्देश दिया गया है. देश के सभी फूड कमिश्नरों को अलर्ट कर दिया गया है. मसालों के सैंपल कलेक्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. तीन से चार दिनों में देश की सभी मसाला प्रोडक्शन यूनिट से सैंपल कलेक्ट कर लिए जाएंगे. इससे पहले हांगकांग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने बयान जारी कर कहा कि एमडीएच ग्रुप के तीन मसाला मिक्स- मद्रास करी, सांभर मसाला और करी पाउडर में कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है. रूटीन सर्विलांस प्रोग्राम के तहत एवरेस्ट के फिश करी मसाला में भी यह पेस्टिसाइड पाया गया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन कंपनियों के मसालों में कथित रूप से कार्सिनोजेनिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है.







### कैंसर जैसी बीमारी का खतरा

हांगकांग ने भारतीय मसाला ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है. इन कंपनियों के कई मसालों में कार्सिनोजेनिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है. बीते हफ्ते सिंगापुर ने एवरेस्ट की फिश करी मसाला पर भी रोक लगा दी थी. सिंगापुर फूड एजेंसी (एसएफए) ने दावा किया था कि इस मसाले में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा काफी ज्यादा है, जो कि इंसान की सेहत के लिए सही नहीं है. बता दें एथिलीन ऑक्साइड एक तरह का पेस्टीसाइट है, जिसके सेवन से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होने का खतरा होता है. रिपोर्ट के मुताबिक, हांगकांग स्पेशल एडमिनिस्ट्रेटिव रीजन की सरकार के सेंटर फॉर फूड सेफ्टी ने कहा कि एमडीएच ग्रुप के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी होने के कारण इसकी बिक्री पर रोक लगा दी गई है.

### हांगकांग के अधिकारियों ने दिया बयान

हांगकांग के अधिकारियों ने बयान में कहा, सीएफएस ने अपने नियमित फूड सर्वेलैंस प्रोग्राम के तहत परीक्षण के लिए सिम शा सुई में तीन खुदरा दुकानों से उपर्युक्त नमूने एकत्र किए. परीक्षण के नतीजों से पता चला कि इन मसालों में एक कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है. सीएफएस ने संबंधित विक्रेताओं को अनियमितताओं के बारे में सूचित कर दिया है और उन्हें इन मसालों की बिक्री को रोकने का निर्देश दिया है. इसमें कहा गया है, इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एथिलीन ऑक्साइड को समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में क्लासिफाई किया है.पेस्टिसाइड रेसिड्यू इन फूड रेगुलेशन (कैप. 132सीएम) के अनुसार, मानव उपभोग के लिए कीटनाशक अवशेषों वाला भोजन केवल तभी बेचा जा सकता है जब भोजन का सेवन खतरनाक या स्वास्थ्य के लिए हानिकारक न हो. दोषी पाए जाने पर अपराधी को अधिकतम 50,000 डॉलर का जुर्माना और छह महीने की कैद की सजा हो सकती है.

### नेस्ले के बेबी फूड प्रोड्क्ट्स में भी मिली एक्स्ट्रा शुगर

बीते दिन एफएमसीजी कंपनी नेस्ले के बेबी फूड्स प्रोड्क्ट्स में एक्स्ट्रा शुगर मिलने की बात सामने आई थी. स्विट्जरलैंड की पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि नेस्ले भारत सहित एशिया और अफ्रीका के देशों में बिकने वाले बेबी प्रोडक्ट में अतिरिक्त शक्कर मिलाती है. भारत सरकार ने भी इस मामले में संज्ञान लिया है. फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने कहा कि पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क की रिपोर्ट के आरोपों की जांच की जाएगी. एफएसएसएआई ने कहा कि इसे वैज्ञानिक पैनल के सामने रखा जाएगा. न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत सरकार ने भी इस मामले में संज्ञान लिया है. फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कहा कि पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क की रिपोर्ट के आरोपों की जांच की जाएगी.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,300 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

## ब्रीफ खबरें

### गुकेश ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट खिताब जीता



**टोरंटो।** भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए हैं. उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा. गुकेश की इस जीत पर पीएम मोदी सहित दुनिया भर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है. पेज 10 भी देखें...

### पीएम मोदी के खिलाफ ईसी पहुंच गयी कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि वह पीएम मोदी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे, क्योंकि उन्होंने विभाजनकारी एवं दुर्भावनापूर्ण बयान देकर आचार संहिता का उल्लंघन किया है. पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग पहुंच कर मोदी की टिप्पणी और कुछ अन्य विषयों पर शिकायतें की हैं.

### सेंसेक्स ने 560 अंकों की छलांग लगाई

**मुंबई।** बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और निवेशकों की खरीदारी आने से घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स व निफ्टी उछल कर बंद हुए. सेंसेक्स 560.29 अंक चढ़कर 73,648.62 अंक पर बंद हुआ. निफ्टी भी 189.40 अंक बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया. - पेज 11 भी देखें

### जनता मांग रही पिछले पांच साल का हिसाब-किताब

# सांसदों से जनता की नाराजगी नये उम्मीदवारों की मुश्किलें बढ़ीं

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

- प्रत्याशियों को अब बताना पड़ रहा है कि चुनाव जीतकर काम नहीं करनेवाला मैं नहीं कोई और था
- दबी जुबान से प्रत्याशी और समर्थक भी कह रहे चुनाव तो लड़ रहे, लेकिन मुश्किल है राह

लोकसभा चुनाव में इस बार प्रत्याशियों को तरह- तरह की मुश्किलें पेश आ रही हैं. अपने लोकसभा क्षेत्र में एक्टिव नहीं रहने वाले कई सांसदों का भाजपा ने इस बार टिकट काट दिया है. उनकी जगह नये उम्मीदवार चुनाव के मैदान में उतारे गये हैं. ऐसे सभी उम्मीदवारों के सामने काफी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं. कई उम्मीदवार और उनके समर्थक तो दबी जुबान से बोल भी रहे हैं कि पार्टी ने उन्हें टिकट तो दे दिया है, लेकिन क्षेत्र में जनता की भारी नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में जीत की राह मुश्किल नजर आ रही है. प्रत्याशियों को इस तरह की मुश्किल मुख्य रूप से दो लोकसभा क्षेत्रों लोहरदगा और चतरा में आ रही हैं.

- प्रत्याशी गांव-गांव जनसंपर्क कर वोट मांग रहे हैं, लेकिन जनता उनसे पिछले 5 साल का हिसाब मांग रही

प्रत्याशी गांव-गांव जनसंपर्क कर वोट मांग रहे हैं, लेकिन जनता उनसे पिछले पांच साल के कामकाज का हिसाब-किताब मांग रही है. प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को गांव-गांव में यह बताना पड़ रहा है कि जिस सांसद से आप लोगों की नाराजगी है, वो दूसरे हैं और आपसे वोट मांगने वाले हम दूसरे प्रत्याशी हैं. ये भी बताना पड़ रहा है कि इससे पहले जीते सांसद ने आपके क्षेत्र में अच्छा काम नहीं किया, इसी लिए तो पार्टी ने उनकी जगह हमें नया उम्मीदवार बनाया है. हम आपके विकास के लिए जी-जान लगा देंगे. बस आप हमारा समर्थन कीजिए और जिता दीजिए.

### सुदर्शन भगत के कामकाज का हिसाब समीर से मांग रही जनता

भाजपा ने लोहरदगा से तीन बार सांसद रहे सुदर्शन भगत का टिकट काट कर इस बार राज्यसभा सांसद रहे समीर उरांव को दे दिया है. टिकट मिलने के बाद से ही समीर उरांव लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रहे हैं, लेकिन लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के पांच में से तीन विधानसभा क्षेत्रों में उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. समीर उरांव 2005 में लोहरदगा लोकसभा के अंतर्गत आने वाली सिसई विधानसभा सीट से विधायक भी रह चुके हैं. गुमला विधानसभा क्षेत्र में भी उनकी अच्छी पकड़ है, लेकिन बची हुई तीन विधानसभा सीटों लोहरदगा, मांडर और बिशुनपुर में उन्हें परेशानी हो रही है. सुदर्शन भगत भाजपा से तीन टर्म सांसद रहे हैं. लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की अधिकांश जनता ने उन्हें कभी क्षेत्र में देखा ही नहीं. सुदर्शन भगत लोहरदगा विधानसभा छोड़ कर बाकी के चार विधानसभा क्षेत्रों में कभी एक्टिव नहीं रहे. जनता ने भाजपा को वोट दिया था. अब लोकसभा क्षेत्र की जनता सांसद के कामकाज का हिसाब-किताब मांग रही है. क्षेत्र में दौरे के दौरान भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को लोगों की नाराजगी भी झेलनी पड़ रही है.



### सुनील सिंह के कामकाज का हिसाब अब कालीचरण सिंह से मांगा जा रहा

कुछ ऐसा ही हाल चतरा लोकसभा सीट का है. भाजपा ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के मौजूदा सांसद सुनील सिंह का भी टिकट लोकसभा क्षेत्र में एक्टिव नहीं रहने के कारण काट दिया है. चतरा के सभी विधानसभा क्षेत्रों की जनता में सुनील सिंह के खिलाफ काफी गुस्सा है. कई बार जनता ने उनका खुल कर विरोध भी किया. भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी सुनील सिंह से कभी खुश नहीं थे. भाजपा ने उन्हें इस बार दरकिनार करते हुए इस बार कालीचरण सिंह को टिकट दिया है. कालीचरण सिंह लोकसभा क्षेत्र में घूम रहे हैं. उनके सामने भी इसी तरह की परेशानी आ रही है. जनता भाजपा सांसद के कामकाज का हिसाब मांग रही है. जनता कहती है कि पुराने वाले को जिताया था, उसने कभी दर्शन ही नहीं दिया. अब आप आये हैं, हम आप पर क्यों भरोसा करें. कहीं आप भी जीत कर गायब हो गये, तो हम लोग क्या करेंगे. कालीचरण सिंह लाख समझाते हैं कि पुराने वाले एक्टिव नहीं थे, इसी लिए उनकी जगह मुझे मैदान में उतारा गया है, मैं आप सबकी सेवा करूंगा. क्षेत्र का विकास होगा... लेकिन जनता है कि भरोसा ही नहीं कर पा रही है.



### ढुल्लू महतो पर सरयू राय ने फिर तोड़ा पहाड़, कहा-

# केस की बात छुपायी जा रही

- ढुल्लू पर कई ऐसी संगीन धाराएं, जिसमें 5 से 10 वर्ष की हो सकती है सजा

**संवाददाता। धनबाद**

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की मांद में घुसकर ललकारा है.धनबाद के सरायढेला में मीडिया से बातचीत करते हुए सरयू ने कहा- भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है.इन मुकदमों में अगर स्पीडी ट्रायल हुआ, तो पांच से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है. ऐसे में क्या भाजपा धनबाद में एक-डेढ़ साल में मध्यावधि चुनाव कराना चाहती है.

**धनबाद में पार्टी उतारेगी उम्मीदवार :** सरयू राय का धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़ने पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है. इस पर राय ने कहा कि मंगलवार तक पार्टी निर्णय ले सकती है कि पार्टी से धनबाद लोकसभा के लिए कौन चुनाव लड़ेगा. उन्होंने कहा कि धनबाद में पार्टी की तरफ से उम्मीदवार उतारा जाएगा. इसके लिए पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है. 24 घंटे के अंदर उम्मीदवार का ऐलान कर दिया जाएगा.

**कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन नहीं :** कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को आशीर्वाद देने पर उन्होंने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद दिया गया है, जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है. लेकिन कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में किसी भी तरह का समर्थन नहीं दिया गया है. -पेज 7 भी देखें

### तो क्या मध्यवधि चुनाव कराना चाहती है भाजपा

*प्रदेश के नेताओं ने शपथ पत्र में लिखा- भाजपा में ढुल्लू धनबाद के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रत्याशी*



### बातों को छुपाया जा रहा

सरयू राय ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो को अभी सिर्फ दो मुकदमों में सजा सुनायी गयी है. कहा जो शेष मामले हैं, वे कहीं अधिक गंभीर हैं. इनमें से कुछ मामलों में ढुल्लू महतो को पांच से 10 साल तक की सजा हो सकती है. भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो शपथ पत्र दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी 19 मामले लंबित हैं और केवल दो मामलों में ही सजा हुई है. जबकि वर्ष 2022 में धनबाद के एसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दी थी, जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है. साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है. लंबित मामलों में कई संगीन धाराएं भी हैं.

### शपथ पत्र के कॉलम में लिखा- ढुल्लू सर्वश्रेष्ठ

राय ने कहा कि शपथ पत्र में एक कॉलम और है, जिसमें कहा गया है कि आपने ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी क्यों बनाया, क्या आपके पास कोई विकल्प नहीं था. इस पर प्रदेश के नेताओं ने लिखा है कि ढुल्लू महतो ही धनबाद के लिए सबसे सर्वश्रेष्ठ और अच्छे प्रत्याशी हैं. इससे यह साबित होता है कि धनबाद में ढुल्लू महतो से सर्वश्रेष्ठ कोई नेता, कार्यकर्ता या समर्थक नहीं है. यह धनबाद के बाकी भाजपा नेताओं का अपमान है. इसलिए भाजपा के नेता, कार्यकर्ता व समर्थक वोट देते समय अपनी अंतरात्मा की आवाज जरूर सुनें, इसके बाद वोट करें.

## चुनावी समर 2024

### संतान मामले में तेजस्वी का पलटवार

## पीएम मोदी 6 व नीतीश भी तो 5 भाई-बहन हैं

**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार द्वारा लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के नौ बच्चों को लेकर टिप्पणी ने बवाल कर दिया है. तेजस्वी यादव ने अब इसका जवाब दिया है. उन्होंने अबंडेकर और मोदी से लेकर नीतीश तक के भाई -बहन की गिनती कराते हुए कहा कि चुनाव मुद्दों पर लड़िए. तेजस्वी ने पटना एयरपोर्ट पर कहा, नीतीश हमारे अभिभावक हैं, पिता तुल्य हैं, हमेशा से हम उनका सम्मान करते हैं. वो नहीं बोलना चाहते हैं, वो नहीं बोल रहे हैं, उनसे कोई बोलवा रहा है. तेजस्वी ने कहा कि सीएम से इस तरह की बात करवाने वालों को बता दें कि बाबा साहब अंबेडकर खुद 14 भाई-बहन थे, बाबा साहब अपने माता पिता की 14वीं संतान थे. नेताजी सुभाष चंद बोस 8वें भाई थे सीएम नीतीश कुमार पांच भाई-बहन हैं. अटल बिहारी बाजपेयी भी 7 भाई-बहन थे. पीएम नरेंद्र मोदी 6 भाई-बहन हैं. बता दें कि नीतीश ने पिछले हफ्ते एक चुनावी सभा में लालू-राबड़ी के परिवारवाद पर कहा था कि एतना बच्चा कोई पैदा करता है. लालू जब खुद कुर्सी से हटे तो बीवी को बिठा दिया. फिर बच्चों को ले आए हैं.



### परिवारवाद पर फिर मोदी का तंज

## भ्रष्टाचार पर लगा ताला 'शहजादे' ढूंढ़ रहे चाबी

**अलीगढ़ (उप्र)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए सोमवार को कहा कि जनता ने पिछले चुनाव में सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी पर ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिली है. मोदी ने कहा, पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए और आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिल रही. उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा, अच्छे भविष्य और विकसित भारत की चाबी भी आप ही के पास है. देश को गरीबी से पूरी तरह मुक्त करने का समय आ गया है. अब देश को भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त करने का समय आ गया है. अब देश को परिवारवादी राजनीति से मुक्त करने का समय आ गया है.



### तिहाड़ से केजरीवाल की चिट्ठी

## मैं रोज इन्सुलिन मांग रहा हूं, नहीं दी जा रही

**नयी दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल अधीक्षक को चिट्ठी लिखी है. चिट्ठी में कहा है कि मैंने अखबार में जेल प्रशासन का बयान पढ़ा है. मुझे बयान पढ़ कर दुख हुआ. तिहाड़ के दोनों बयान झूठे हैं. मैं रोज इन्सुलिन मांग रहा हूं. मैंने गुलुको मीटर की रीडिंग दिखाई. बताया कि दिन में 3 बार शुगर हाई जा रही है. शुगर 250 से 320 के बीच जाती है. एम्स के डॉक्टरों ने कभी भी नहीं कहा कि चिंता की कोई बात नहीं. वो डाटा और हिस्ट्री देखकर बताएंगे. तिहाड़ का प्रशासन राजनीतिक दवाब में झूठ बोल रहा है. जेल प्रशासन का पहला बयान है कि केजरीवाल ने इन्सुलिन का मुद्दा कभी नहीं उठाया. यह झूठ है. मैं 10 दिन से इन्सुलिन का मुद्दा उठा रहा हूं,जब भी कोई डॉक्टर मुझे देखने आया तो मैंने बताया कि मेरी शुगर बहुत हाई है. मैंने ग्लूको-मीटर की रीडिंग दिखा कर बताया कि दिन में 3 बार पीक आती है और शुगर 250-320 के बीच जाती है. फास्टिंग की शुगर रोज 160-200 पर है. मैंने रोज इन्सुलिन की मांग की तो आप झूठा बयान कैसे दे सकते हैं कि मैंने कभी इन्सुलिन का मुद्दा नहीं उठाया?



### राहुल ने बोले-भारत भटकेगा नहीं

## तानाशाह की 'सूरत' फिर देश के सामने है!

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुजरात की सूरत सीट से भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध विजेता घोषित किए जाने के बाद दावा किया कि यह बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है. उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि तानाशाह की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है. राहुल ने एक्स पर लिखा, तानाशाह की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है! जनता से नेता चुनने का अधिकार छीन लेना अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है.मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है. पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबरा कर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं. कांग्रेस के मेनिफेस्टो को मिल रहे समर्थन के रुझान आने शुरू हो गए हैं. देश अब अपने मुद्दों पर, अपने रोज़गार, अपने परिवार और अपने भविष्य के लिए वोट करेगा.



## गढ़वा: शस्त्र जमा नहीं करने वाले 35 लोगों का लाइसेंस रद्द

**संवाददाता। गढ़वा**

जिले के डीसी शेखर जमुआर ने आदेश का उल्लंघन करने वाले 35 लोगों का शस्त्र का लाइसेंस रद्द कर दिया. एसपी दीपक पांडेय की अनुशंसा पर डीसी ने यह कार्रवाई की है. डीसी ने बताया कि निर्वाचन के तहत जिले में 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावी है. इसके उपरांत जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है.

इसी क्रम में सभी निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्रों को थाना अथवा गन हाउस में जमा करने का आदेश जारी किया गया था. आदेश के बावजूद कुछ अनुज्ञप्ति धारी द्वारा शस्त्र जमा नहीं किया गया. तत्पश्चात आर्म्स एक्ट 1959 तथा आर्म्स रूल 2016 का उल्लंघन के मामले में एसपी ने ऐसे अनुज्ञप्तिधारी का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने की अनुशंसा की थी. उक्त अनुशंसा के आलोक में आर्म्स एक्ट की धारा 17 3(बी) के तहत ऐसे कुल 35 अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है



डीसी शेखर जमुआर

### इनके लाइसेंस हुए रद्द

सुनील उपाध्याय, विनय पांडेय, गोपाल कृष्ण चौबे, प्रदीप महतो, मो. रशिद खान, नागेंद्र प्रसाद केशरी, संजय उपाध्याय, जयप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर विश्वकर्मा, केश्वर तिवारी, नागेन्द्र नाथ धर दुबे, जय किशोर शुक्ला, राजेश्वर तिवारी, द्वारिका प्रसाद केशरी, प्रभाकर चौबे, अनीता देवी, डॉ जितेंद्र सिन्हा, मो. शरीफ, रंगनाथ पांडेय, चंद्रशेखर प्रसाद मेहता, सुनील पांडेय, बलेंद्र कुमार सिंह, जयराम महतो, राम विनय सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, नीलम प्रताप देव, राजमणि प्रताप देव, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, सूरजमणी सिंह, कंचन मणी सिंह, अनिरुद्ध पांडेय, अजय कुमार चंद्रवंशी, बाबूराम शुभग सिंह, गिरिवर पांडे, मो. असलम अंसारी.

### खान विभाग: जामताड़ा, कोडरमा और खूंटी जिले को मिली सबसे कम रॉयल्टी

# रॉयल्टी के मामले में पश्चिम सिंहभूम और धनबाद टॉप पर



**प्रमुख संवाददाता। रांची**

रॉयल्टी जमा करने में पश्चिम सिंहभूम और धनबाद जिला ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है. सबसे अधिक रॉयल्टी पश्चिम सिंहभूम को मिली है. जबकि दूसरे नंबर पर धनबाद जिला है. पश्चिम सिंहभूम में विभिन्न प्रकार के खनिजों के खनन 12, 221.26 करोड़ रुपए रॉयल्टी के रूप में मिली है. दूसरे नंबर पर धनबाद जिले को 10,305.06 करोड़ रुपए रॉयल्टी के रूप में मिले हैं.

**चार जिलों की रॉयल्टी कम :** झारखंड के चार जिलों जामताड़ा, कोडरमा, गढ़वा और खूंटी में कम रॉयल्टी मिली है. सबसे कम जामताड़ा जिले को 27.01 करोड़ रुपए ही रॉयल्टी मिल पाई है. वहीं खूंटी जिले को 45.57 करोड़ रुपए रॉयल्टी मिली है कोडरमा जिले को खनन से 47.13 करोड़ रुपए की रॉयल्टी प्राप्त हुई है. जबकि कोडरमा में खनिजों के लिए 6346 परमिट जारी किए गए थे. गढ़वा जिले को 34.37 करोड़ रुपए की रॉयल्टी प्राप्त हुई है.

**किस जिले को कितनी मिली रॉयल्टी**

| जिला | राशि (करोड़ में) | जिला | राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| साहिबगंज | 755.98 | हजारीबाग | 2389.69 |
| पाकुड़ | 1607.48 | पश्चिमी सिंहभूम | 12221.26 |
| गोड्डा | 869.26 | पूर्वी सिंहभूम | 337.00 |
| दुमका | 196.55 | लातेहार | 1107.82 |
| देवघर | 574.70 | रामगढ़ | 3843.42 |
| जामताड़ा | 27.01 | लोहरदगा | 132.96 |
| धनबाद | 10305.06 | खूंटी | 45.57 |
| रांची | 613.33 | जामताड़ा | 27.01 |
| गढ़वा | 34.37 | गिरिडीह | 153.42 |
| गुमला | 294.02 | बोकारो | 3245.88 |
| चतरा | 4154.68 | कोडरमा | 47.13 |

**किस जिले में कितने जारी किए गए परमिट**

| जिला | परमिट | जिला | परमिट |
|---|---|---|---|
| साहिबगंज | 42404 | हजारीबाग | 26828 |
| पाकुड़ | 38701 | पश्चिमी सिंहभूम | 64796 |
| गोड्डा | 3296 | पूर्वी सिंहभूम | 3826 |
| दुमका | 12708 | लातेहार | 20741 |
| देवघर | 11504 | रामगढ़ | 44799 |
| जामताड़ा | 3070 | लोहरदगा | 2728 |
| धनबाद | 50846 | खूंटी | 2335 |
| रांची | 10390 | जामताड़ा | 3070 |
| गढ़वा | 1070 | गिरिडीह | 5952 |
| गुमला | 4310 | बोकारो | 22086 |
| चतरा | 34816 | कोडरमा | 6346 |

**पश्चिम सिंहभूम में सबसे अधिक परमिट जारी**

खनिजों की ढुलाई के लिए सबसे अधिक परमिट पश्चिमी सिंहभूम में जारी किए गए. इस जिले में 64,796 परमिट जारी हुए. धनबाद में 50,846 परमिट जारी हुए. इसी तरह साहेबगंज में 42404,पाकुड़ में 38,701, चतरा में 34,816,रामगढ़ में 44,799,बोकारो में 22086 और हजारीबाग में 26828 परमिट जारी किए गए.

# राज्य के सिपाही व हवलदार को मिलेगी एएसआई रैंक में प्रोन्नति

- पुलिस मुख्यालय ने सर्विस बुक तैयार रखने का दिया निर्देश

**संवाददाता। रांची**

सिपाही और हवलदार को एएसआई रैंक में प्रोन्नति मिलेगी. इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने एएसआई रैंक में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का सर्विस बुक तैयार रखने का निर्देश दिया है. डीआईजी कार्मिक ने जिले के एसएसपी, एसपी, सभी कमांडेंट और वाहिनी के प्रमुख को संबंधित पत्र लिखा है. लिखे पत्र में कहा गया है कि निकट भविष्य में सिपाही और हवलदार कोटि के पुलिसकर्मियों को एएसआई रैंक में प्रोन्नति दिया जाना है. जिसे लेकर मनोनयन की मांग पुलिस मुख्यालय के द्वारा किया जाना है. इसलिए प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का सर्विस बुक तैयार रखा जाए. ताकि मनोनयन की मांग किए जाने पर सही समय पर सर्विस बुक उपलब्ध रहे और किसी प्रकार की त्रुटि नहीं रहे.

**प्रमोशन तो मिल रहा, लेकिन उस स्थान पर नहीं हो रही बहाली:** झारखंड पुलिस इन दिनों पुलिसकर्मियों की कमी से जूझ रही है. सैकड़ों स्वीकृत पद खाली हैं. पुलिसकर्मियों को प्रमोशन तो मिल रहा, लेकिन इन पदों पर बहाली नहीं हो पा रही है. राज्य में हवलदार और सिपाही स्तर तक के पुलिसकर्मियों की भारी कमी हो गयी है. वर्तमान में हालात यह है कि हवलदार रैंक के पुलिसकर्मियों के कुल 7751 पद स्वीकृत हैं. लेकिन वर्तमान में 4620 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं, वहीं सिपाही रैंक के पुलिसकर्मियों के कुल 32021 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 25554 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं.

## ब्रीफ खबरें

### रिम्स में घायल मरीजों से मिले झामुमो नेता



**रांची।** झामुमो नेता शमीम बड़ेहार और सरना समिति तुलसी मुंडा सरहुल शोभायात्रा में घायल मरीजों को देखने के लिए सोमवार को रिम्स पहुंचे. इस दौरान उन्होंने मरीजों के परिजन से मुलाकात की. साथ ही चिकित्सकों से मिल कर मरीज की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली. इस दौरान झामुमो नेता कहा कि हर परिस्थिति में हम मरीजों के साथ खड़े रहेंगे. उनकी समस्या के निदान के लिए सीएम से मिलेंगे. ताकि मरीजों को अच्छी से अच्छी उपचार सेवा मिल सके.

### मुसलमानों को वोट बैंक समझा जाता है: सगीर

**रांची।** ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव मो सगीर अंसारी ने कहा कि झारखंड में करीब 18 प्रतिशत आबादी मुसलमानों की है. लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों ने इतनी बड़ी आबादी को नजरअंदाज किया है. तथाकथित सेकुलर दलें मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझती हैं. जिसका खामियाजा उन्हें लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि आखरी समय तक उम्मीद थी कि 14 में से कम से कम दो सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट मिलेगी. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए नारे का पालन किया जाए .

### पूर्णिमा महतो व चामी मुर्मू को पद्मश्री सम्मान

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के जमशेदपुर की पूर्णिमा महतो व सरायकेला की चामी मुर्मू को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया. पूर्णिमा महतो राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हैं और प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से भी पुरस्कृत हैं. वहीं चामी मुर्मू को लेडी टार्जन कहा जाता है. वह 30 लाख से अधिक पेड़ लगा चुकी हैं. पद्मश्री पूर्णिमा महतो का जन्म 15 अगस्त 1976 को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में हुआ. उनकी तीरंदाजी यात्रा टाटा अकादमी से जुड़े एक संस्थान में प्रशिक्षण सत्र के साथ 10 वर्ष की उम्र में शुरू हुई थी. उन्होंने 1993 और 1998 के बीच कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया था.

### कांग्रेस ने चली चाल, प्रदीप के बहाने एमवाई वोट बैंक साधने का प्रयास

# गोड्डा में बदला चुनावी समीकरण

**खास बातें**

- राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बन- बिगड़ रहे समीकरण
- क्षेत्र में जातिगत गोलबंदी भी शुरू, अंतरकलह का भी डर

**प्रवीण कुमार। रांची**

गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक उथल-पुथल चरम पर है. कांग्रेस ने गोड्डा सीट से घोषित प्रत्याशी महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह का नाम काट कर प्रदीप यादव को प्रत्याशी बना दिया है. गोड्डा लोकसभा से दीपिका को उम्मीदवार घोषित करने के बाद से ही उनका विरोध हो रहा था. प्रत्याशी बदले जाने के बाद से ही गोड्डा लोकसभा में नये समीकरण बनने- बिगड़ने लगे हैं. इन सबके बीच लोकसभा क्षेत्र में जातिगत गोलबंदी भी होने लगी है. कुछ क्षेत्रों के मतदाताओं को देखने से लग रहा है कि उन्होंने अपना प्रत्याशी लगभग तय कर लिया.

**कांग्रेस ने एमवाई समीकरण साधने के लिए प्रदीप को उतारा :** राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि क्षेत्र में मुस्लिम और यादव गठबंधन की सबसे अधिक बातचीत हो रही है, लेकिन इसके काट के रूप में राजपूतों को छोड़ कर ब्राह्मण और अन्य अगड़ी जाति के मतदाता भी एकजुट होते दिख रहे हैं. जातिगत समीकरण को लेकर नेताओं के अपने-अपने दावे हैं. हर नेता जाति विशेष में पकड़ रखने का दावा करते हुए अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रहा है. लोकसभा क्षेत्र में घटवार जाति के लोगों का भी बड़ा आधार है.

**दुबे के सामने भी चुनौतियां कम नहीं**



भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे भले ही अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हों, लेकिन उनके समक्ष चुनौतियां कम नहीं हैं. ये उनके करीबी भी मानते हैं. वैसे दुबे दावा चाहे जो कर लें, लेकिन उनकी पार्टी के नेता-कार्यकर्ता फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं. क्योंकि, उन्हें मालूम है कि क्षेत्र में चुनौतियां भी कम नहीं हैं.

- यादव, मुस्लिम और अन्य पिछड़ी जाति के मतदाताओं में सेंधमारी करनी होगी.
- अडानी का पावर प्लांट लगने से इलाके के तापमान में वृद्धि हुई है. लोगों को स्वास्थ्य संबंधी संकट का सामना करना पड़ रहा है, इसका जवाब देना होगा.
- एंटी इनकंबेंसी फैक्टर का भी सांसद दुबे को सामना करना पड़ सकता है.
- विकास कार्य की बदौलत शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में वोट लेना आसान नहीं होगा.
- मोदी फैक्टर अब पुराना हो चुका है. नये राजनीतिक समीकरण से पार पाना आसान नहीं होगा.

**क्या है प्रदीप यादव के समक्ष चुनौती**



कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव को अंतिम समय में प्रत्याशी बना कर कांग्रेस मुस्लिम-यादव मतदाताओं पर पकड़ मजबूत बनाने की चाल चली है. लेकिन उनके सामने भी चुनौतियां कम नहीं हैं. कांग्रेस के अंदर ही विरोधी खेमे को भी साधने की चुनौती होगी. दीपिका पांडेय सिंह के समर्थकों पर भी नजर रखनी होगी.

- किसी भी अल्पसंख्यक को टिकट नहीं मिला है, ऐसे में अल्पसंख्यकों का भी विश्वास जीता होगा.
- मुस्लिम और यादव मतों का बिखराव रोकना होगा. मुस्लिम मतदाता बूथ तक पहुंचें, यह सुनिश्चित करना होगा.
- अन्य पिछड़ी जातियों का वोट प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ताओं को खास इलाकों में लगाने की जरूरत होगी.
- महिलाओं के बीच नकारात्मक छवि बनने की प्रक्रिया को रोकने की कोशिश विभिन्न स्तरों पर जरूरी है.
- रोजागार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दे को लेकर ठोस पहल करना और लोगो में भरोसा जगाना होगा.
- दीपिका पांडे सिंह को साथ लेकर ब्राह्मण और अन्य अगड़ी जाति के वोटों को अपने पक्ष में करना होगा.

### दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ कोई प्रचार नहीं: निशिकांत

- गोड्डा से प्रदीप यादव की उम्मीदवारी की घोषणा पर भाजपा प्रत्याशी की दो टूक

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

**कांग्रेस ने बदला प्रत्याशी**

रविवार को कांग्रेस ने गोड्डा से अपना प्रत्याशी बदल दिया. दीपिका पांडेय सिंह की जगह प्रदीप यादव को टिकट थमा दिया है. अब चुनावी अखाड़े में प्रदीप यादव और निशिकांत दुबे आमने-सामने होंगे. प्रदीप यादव के उम्मीदवारी की घोषणा होते ही निशिकांत दुबे ने फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए साफ कर दिया कि वह चुनाव प्रचार नहीं करेंगे.

प्रदीप यादव को कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने कहा है कि दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ कोई प्रचार नहीं करेंगे. उन्होंने अपने फेसबुक हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा कि आज से चुनाव प्रचार बंद, अब केवल चाय, खाना, नाश्ता और क्रिकेट.

बता दें कि निशिकांत दुबे ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि 'इंडिया' गठबंधन के तहत गोड्डा सीट से अगर झामुमो कोई उम्मीदवार खड़ा करता है या कांग्रेस से प्रदीप यादव चुनाव लड़ते हैं, तो वे प्रचार नहीं करेंगे. वे रिजल्ट वाले दिन सीधे अपना रिजल्ट लेने जाएंगे. अगर कांग्रेस प्रदीप यादव के अलावा किसी और को उम्मीदवार बनाया जाता है, तब वह चुनाव प्रचार करेंगे.

# उलगुलान रैली में मारपीट व आचार संहिता उल्लंघन मामले में केस दर्ज

**संवाददाता। रांची**

धुर्वा थाना क्षेत्र के प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन की ओर से उलगुलान न्याय महारैली आयोजित की गयी थी. इस दौरान दो पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट की घटना हुई थी. चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में प्रभु दयाल यादव के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है. वहीं जिला प्रशासन ने आचार संहिता का उल्लघंन मामला दर्ज कराया है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, प्रभात तारा मैदान में दिन के 2.30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग कार्यक्रम में घुसे और इंडिया गठबंधन का विरोध करने लगे. जब नंद गोपाल त्रिपाठी ने इसका विरोध किया, तो कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया. उनके सिर पर तख्ते के डंडे से हमला किया. इस हमले में उनका सिर फट गया. हमला करने वाला प्रभु दयाल यादव था. उसके साथ 20-25 लोग थे जो विरोध कर रहे थे. खून से लथपथ होने के बाद उन्हें पारस अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज हुआ.

### गांडेय सीट से 29 को पर्चा दाखिल करेंगी कल्पना



**रांची।** गांडेय विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में झामुमो ने कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया है. वे 29 अप्रैल को परचा दाखिल करेंगी. गांडेय का उपचुनाव 20 मई को होना है. बताते चलें कि गिरिडीह जिले की गांडेय सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई है. 31 दिसंबर 2023 को विधानसभा सचिवालय ने इसका आदेश जारी किया था. वहीं भाजपा ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए दिलीप कुमार वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है.

### आजसू पार्टी की तमाड़ विस स्तरीय बैठक, अध्यक्ष सुदेश महतो बोले

# संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत

**संवाददाता। रांची**



संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है. राज्य के हर गांव में हमारी पहुंच है. इस पहुंच को और मजबूत व सुदृढ़ करने के लिए हम सभी को मिल कर काम करना है. पार्टी कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव के साथ काम करते रहने की आवश्यकता है. यह साल हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है. उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक के दौरान कही.

उन्होंने उपस्थित सभी प्रभारियों के साथ उन्होंने विभिन्न रणनीतियों और भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की. सुदेश ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देशहित में सोचने वाले एनडीए गठबंधन और अपने निजी स्वार्थ व हित के बारे में सोचने वाले इंडी गठबंधन के बीच है. एक तरफ हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा प्रभावी चेहरा है, वहीं दूसरी तरफ न कोई चेहरा है न कोई संकल्प है. इंडिया गठबंधन का उद्देश्य देश का विकास नहीं बल्कि जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना है.

बैठक में खूंटी लोकसभा प्रभारी रमेश मुंडा, गुंजल इकिर मुंडा, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, केंदीय सदस्य केशव चंद्र महतो, बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल, रांची जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, दुति कृष्ण मुंडा, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, महिला अध्यक्ष राधिका देवी, बुंडू नगर अध्यक्ष सुमित्रा देवी,तमाड़ पूर्वी महिला अध्यक्ष सुनीता देवी, तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, योगेश्वर महतो, सुखसारन महतो, मो सेराज, अभिषेक गोराई, प्रीति कुमारी, नंदे महतो, सुबोध माझी, आकाश बिट,आकाश कुमार, समीर गोराई, भीम महतो आदि उपस्थित थे.

### चमरा लिंडा ने खरीदा पर्चा, 24 अप्रैल को दाखिल करेंगे नामांकन

# लोहरदगा का समीकरण बिगड़ा

- निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव, अब लोहरदगा में त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झामुमो विधायक चमरा लिंडा भी चुनावी अखाड़े में कूद गये हैं. उन्होंने पर्चा भी खरीद लिया है और 24 अप्रैल को नामांकन करेंगे. चमरा के चुनावी मैदान में आने से लोहरदगा सीट पर समीकरण बिगड़ गया है. यहां का चुनाव दिलचस्प होनेवाला है. अब भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव, कांग्रेस के सुखदेव भगत और चमरा लिंडा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा.



बताते चलें कि चमरा लिंडा ने चुनावी मैदान में उतरने से पहले 17 अप्रैल को अपने समर्थकों के साथ बैठक भी की थी. इस बैठक में लोहरदगा लोकसभा सीट के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र के उनके समर्थक मौजूद थे. इस बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में खड़े होंगे. चुनाव को लेकर चमरा लिंडा अब जनता के बीच भी जाएंगे.

**ऐसी है आगे की रणनीति**

दो मई को लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड के भैया गांव चौरा में एक सभा का आयोजन होगा. इस सभा में लोहरदगा लोकसभा सीट के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र से उनके समर्थक शामिल होंगे. वहीं, चमरा लिंडा द्वारा आगामी 24 अप्रैल को नामांकन करना तय हुआ है. नामांकन के साथ ही वह चुनाव के प्रचार में जुट जाएंगे.

### झारखंड के अलग-अलग जिलों में पुलिस की गोली से निर्दोष की हो चुकी है मौत

# पुलिस की गोली का शिकार हो रहे निर्दोष



**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड में निर्दोष लोग पुलिस की गोली का शिकार हो रहे हैं. पिछले एक दशक के दौरान झारखंड के अलग-अलग जिलों में पुलिस की गोली लगने से 10 लोगों की मौत हुई है. पुलिस ने किसी को नक्सली, तो किसी को अपराधी बता कर गोली मार दी. आइए बताते हैं कि कब और कहां पुलिस की गोली से किसी निर्दोष की मौत हुई है.

**एक दशक में 10 लोगों की गयी जान**

- **17 अप्रैल 2024 :** गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से निर्दोष युवक हरिनारायण पहाड़िया की मौत हो गयी थी.
- **20 मार्च 2020 :** खूंटी के मुरहू में नक्सलियों की टोह में निकली पुलिस जवानों की गोली से एक निर्दोष ग्रामीण रोशन होरो की मौत हो गयी थी.
- **12 जून 2021 :** लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र के कुकू-पीरी जंगल में पुलिस की गोली से ग्रामीण ब्रह्मदेव सिंह की जान चली गयी थी.
- **28 नवंबर 2019 :** सरायकेला जिले के कुचाई थाना क्षेत्र की रायसिंदरी पहाड़ी पर रघुनाथ मुंडा की पुलिस की गोली लगने से मौत हुई थी.
- **9 जून 2017 :** गिरिडीह जिले के ढोलकट्टा के निकट माओवादियों से हुए कथित पुलिस मुठभेड़ में मोतीलाल बास्के मारे गये गये थे.
- **23 जून 2017 :** चतरा के पिपरवार में सलमान नाम के युवक की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गयी थी.
- **03 सितंबर 2014 :** गुमला बिशुनपुर के बेती स्कूल के पास पुलिस ने नक्सली समझ कर मजदूरों को ले जा रहे बॉक्साइट ट्रक पर फायरिंग कर दी थी. इस घटना में छह मजदूरों को गोली लगी थी. जिसमें दो मजदूर की मौत हो गयी थी.
- **2012 :** चाईबासा के मंगल होनहागा की मौत भी पुलिस की गोली लगने से हुई थी.
- **2011 :** चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से सोमा गुड़िया की जान चली गयी थी.

### भाकपा माले महासचिव ने पीएम पर साधा निशाना, कहा- संविधान विरोधी नफरत बांट रहे मोदी

# यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव : दीपांकर

**संवाददाता। रांची**



हमारी पार्टी संविधान और लोकतंत्र के पक्ष में प्रतिबद्ध है. इसलिए रांची के उलगुलान न्याय महारैली में इंडिया गठबंधन के नेता लोकतंत्र और संविधान की बात कर रहे थे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के चुनावी सभा में आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए संविधान विरोधी नफरत बांट रहे थे. चुनाव आयोग को हमने अपील भेजी है. अब देखना है कि बड़े से बड़े नेताओं पर कार्रवाई का दावा करने वाली चुनाव आयोग मोदी पर कार्रवाई करती है या नहीं.

ये बातें भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कही. वह सोमवार को महेंद्र सिंह भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि सीएसडीएस के सर्वे से पता चलता है कि 50 फीसदी नागरिकों को महंगाई और बेरोजगरी की चिंता है. देश का पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें लोगों को यह अशंका है कि आने वाले समय में चुनाव होगा या नहीं. जिस संविधान से देश चलता है वो संविधान बचेगा या नहीं. आशंका को बल तब मिलता है, जब 400 पर नारे के लक्ष्य को भाजपा के अनंत कुमार हेगड़े, लल्लू सिंह और अरुण गोविल संविधान बदलने के साथ जोड़ रहे हैं. इतना ही नहीं, मोदी जी के आर्थिक सलाहकार ने भी संविधान बदलने के लिए लेख लिख डाला.

**विधानसभा के बाद संसद में गूंजेगी जनता की आवाज**

भट्टाचार्य ने आगे कहा कि इस चुनाव के बाद, उस संविधान जिससे लोकतंत्र, संसदीय प्रणाली, दलित-आदिवासियों का आरक्षण और नगारिकों की आजादी जुड़ी है, उसपर जबरदस्त हमले होनेवाले हैं. यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है. माले नेता ने कहा कि हमें 'इंडिया' गठबंधन से एक सीट कोडरमा मिली है. विनोद कुमार सिंह वहां से उम्मीदवार है, जो बगोदर से विधायक भी हैं. वह झारखंड विधानसभा में कई वर्षों से जनसंघर्ष और न्याय की आवाज बने हुए हैं. कोडरमा की जनता की बिल्कुल यह इच्छा है कि यह आवाज विधानसभा से आगे बढ़कर अब संसद में गूंजे.

**संविधान से मिली वोट की ताकत का इस्तेमाल करें**

दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि पहले चरण में मतदान का प्रतिशत कम रहा. लोगों से अपील है कि मतदान करें. जनता के पास संविधान से मिली वोट की ताकत है, उसका इस्तेमाल कर आजादी आंदोलन के शहीदों के सपने को पूरा कर सकते हैं. प्रेस वार्ता में पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त, पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, केंद्रीय कमेटी सदस्य शुभेंदु सेन व गीता मंडल शामिल थीं.

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर समीक्षा की, कहा-

# कोई मतदाता मतदान से न चूके

**संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले जिले मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किये जा रहे कार्यों एवं तैयार कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गई. निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने समीक्षा की. उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किये गए हैं. मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए इन मॉडल मतदान केंद्रों को थीम बेस्ड मतदान केंद्र के रूप में पदाधिकारी विकसित करें. वहीं, मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र ढूंढने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसे लेकर प्रेरित करें.



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य करना है. उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगढ़िया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने को भी कहा. पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि माइकिंग के जरिये मतदाताओं को मतदान दिवस की जानकारी दें. साथ ही मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाएं. उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिल कर इनके संस्थानों में शत-प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें.

के. रवि कुमार ने कहा कि स्वीप के कार्यक्रम से सभी लोगों को नवाचारी प्रयासों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करें. विडियो कॉन्फ्रेंसिंग में रांची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया. साथ ही तैयार कार्ययोजनाओं की भी जनकारी दी.

तापमान
39.4° अधिकतम | 26.0° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | मंगलवार 23 अप्रैल 2024 चैत्र पूर्णिमा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 15 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





### दो मिनी एचवाईडीटी खराब, सप्लाई पानी का पाइप 30 साल पुराना, जगह-जगह लीकेज, लोग परेशान

# कर्बला नगर की आबादी सात हजार, पानी के लिए मचा है हाहाकार

**रेहान अहमद। रांची**

कर्बला चौक स्थित कर्बला नगर में सात हजार से अधिक की आबादी रहती है. यहां मुस्लिम और आदिवासी समाज के लोग रहते हैं. क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सप्लाई पानी का कनेक्शन एवं पांच मिनी एचवाईडी लगा है. इनमें दो एचवाईडीटी खराब पड़े हैं. सप्लाई पाइप 30 साल पुराने हैं.

पाइप नालियों से गुजरा है. पाइप पुराना होने की वजह से लीकेज हो गया है. इस कारण पानी गंदा भी आता है, जिसे लोग छान कर इस्तेमाल करते हैं. ऐसे में पीने के लिए खरीद कर 15 से 20 रुपये में जार लाते हैं. कम खर्च कर एक दिन में एक जार चलाते हैं. नहाने-धोने के लिए सप्लाई व मिनी एचवाईडीटी के पानी का प्रयोग करते हैं. इसके बाद भी बढ़ती गर्मी में पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने को मजबूर हैं.

**छान कर करते हैं पानी का इस्तेमाल**
**रोज 20 रुपये में पानी जार खरीदते हैं लोग**



### सप्लाई पाइप को जल्द बदलने की जरूरत: मौलाना तहजिबुल



मौलाना तहजिबुल हसन रिजवी ने कहा कि कर्बला नगर की आबादी सात हजार की है. यहां सप्लाई का कनेक्शन कुछ क्षेत्रों में है, लेकिन पाइप 25-30 साल पुराना है, जो काफी जर्जर व जगह जगह से लीकेज हो गया है. इसे बदलने की सख्त जरूरत है. नगर निगम को इस ओर ध्यान देना चाहिए. ऐसे तो क्षेत्र में पांच मिनी एचवाईडीटी निगम की ओर से बोरिंग कर लगाया गया है, लेकिन दो खराब पड़े हैं. सूचना देने के बावजूद इसे अबतक ठीक नहीं किया गया है. इस कारण यहां रहनेवाले लोगों के समक्ष परेशानी बनी हुई है.

### पीने के लिए हर रोज खरीदते हैं जार का पानी: मो इम्तियाज



मो इम्तियाज ने कहा कि क्षेत्र के आधे हिस्से में सप्लाई पाइप लगी है. हमलोगों के यहां पाइप भी नहीं बिछा है. कहने पर भी इस ओर नगर निगम का ध्यान नहीं है. मिनी एचवाईडीटी से पानी भरते हैं, पर सभी को पूरा नहीं पड़ता है. पीने के पानी के लिए बाहर से 20 रुपये में पानी का जार खरीद कर लाते हैं. एक दिन में बचा बचा कर एक जार चला लेते हैं, लेकिन पानी की परेशानी बनी हुई है. नया सप्लाई पानी का कनेक्शन बिछा दिया जाए, तो बहुत हद तक परेशानी दूर हो जाएगी.

### इस बुढ़ापे में भी पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं: गुड़िया



गुड़िया मां ने कहा कि मुहल्ले में पानी की बड़ी परेशानी है. यहां मिनी एचवाईडीटी से पानी पूरा भी नहीं हो पाता है. इस बुढ़ापे में भी पानी के लिए भटकने को मजबूर हूं. नगर निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि लोगों को कुछ राहत हो सके. यहां टैंकर से नियमित पानी दिया जाए, तो थोड़ी राहत जरूर मिल जाएगी.

### पहले पानी का जुगाड़ करते हैं फिर स्कूल जाते हैं: मो आयान



मो आयान ने कहा कि सुबह उठ कर सबसे पहले पानी के जुगाड़ में लग जाते हैं. इसके बाद स्कूल जाते हैं. अगर स्कूल चले जाएंगे, तो फिर घर में माता-पिता को पानी की परेशानी हो जाती है. इस लिए उठते ही सबसे पहले घर में पानी जुटाने का काम पूरा करते हैं. उसके बाद ही दूसरा काम करते हैं. घर-घर में सप्लाई पानी का नया कनेक्शन सरकार की ओर से दे दिया जाए, तो बहुत हद तक परेशानी दूर हो जाएगी. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

---

### आज भाजपा, झामुमो व कांग्रेस के एक-एक प्रत्याशी करेंगे नामांकन

# खूंटी में नामांकन करेंगे अर्जुन मुंडा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य में पहले चरण का चुनाव 13 मई को है. यहां कुल चार चरणों में चुनाव होने हैं. इसके लिए सोमवार से भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. सिंहभूम से वर्तमान सांसद गीता कोड़ा ने नामांकन दाखिल किया. वहीं, खूंटी सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मंगलवार को नामांकन करेंगे. इस दौरान उनके साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी रहेंगे.

पलामू और लोहरदगा से क्रमशः वीडी राम और समीर उरांव 24 अप्रैल को नामांकन करेंगे. वीडी राम के साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह, जबकि समीर उरांव के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल भी रहेंगे. पटेल रांची आकर यहां से लोहरदगा जाएंगे. झारखंड में 13 मई से एक जून तक चार चरणों में चुनाव होने हैं. पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा,और पलामू सीट के लिए चुनाव होने हैं. इसमें पलामू सीट एससी के लिए, जबकि बाकी तीन सीट एसटी के लिए आरक्षित हैं.

दूसरे चरण में 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट के लिए वोटिंग होगी. तीसरे चरण में 25 मई को गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में मतदान होगा. वहीं, चौथे चरण में एक जून को राजमहल (एसटी), दुमका (एसटी) और गोड्डा सीट के लिए एक जून को मतदान होगा.

**खूंटी में सभा और रोड शो करेंगे राजनाथ सिंह:** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को खूंटी में रोड शो करेंगे. रक्षा मंत्री दोपहर 1:10 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे. वहां से सड़क मार्ग से खूंटी के लिए रवाना होंगे. दोपहर दो बजे भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में खूंटी में जनसभा को संबोधित करेंगे. इसके बाद रांची के लिए रवाना होंगे. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी सुबह 11 खूंटी कॉलेज मैदान पहुंचेंगे. वहां से अर्जुन मुंडा के साथ समाहरणालय नामांकन के लिए जाएंगे. वे 11:40 बजे रोड शो करते हुए खूंटी के पतरा मैदान पहुंचेंगे और वहां सभा को संबोधित करेंगे.



**खास बातें**

- अर्जुन मुंडा के नामांकन में आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
- पलामू से वीडी राम व लोहरदगा से समीर उरांव कल भरेंगे पर्चा

## एक महीने में 40 मंदिरों में मत्था टेक चुके हैं मुंडा

**सत्य शरण मिश्रा। रांची।** 2019 के लोकसभा चुनाव में सिर्फ 1445 वोट से जीतने वाले अर्जुन मुंडा इस बार भारी मतों से जीत हासिल करने के लिए जनता और कार्यकर्ताओं के बीच तो पहुंच ही रहे हैं, लेकिन नियमित रूप से भगवान के दरबार में भी हाजिरी लगा रहे हैं. लोकसभा का टिकट मिलने के बाद अर्जुन मुंडा अपनी जीत का आशीर्वाद मांगने के लिए एक महीने में 40 से अधिक मठ-मंदिरों में मत्था टेक चुके हैं.

**मुंडा ने कब-कब किस मंदिर-मठ में लगाई हाजिरी**

- **21 अप्रैल-** मुरहू प्रखंड स्थित महर्षि मेंहीं आश्रम पहुंचे.
- **18 अप्रैल-** खरसावां विधानसभा के मोलाडीह में संकीर्तन में शामिल हुए. टेंटोपोंसी में बासंती पूजा में शामिल हुए.
- **17 अप्रैल-** खरसावां विधानसभा के पदमपुर, सुपाईपाई, गोठानटांड, सोहनडीह, कृष्णापुर, महुलपानी, सिंदरी, मुंडाटांड में आयोजित संकीर्तन में शामिल हुए.
- **14 अप्रैल-** कोलेबिरा के अघरमा गांव स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की. पालकोट प्रखंड में मां दशभुजी मंदिर में पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया.
- **12 अप्रैल-** बुंडू के थानाटोली में चैती दुर्गा में शामिल होकर मां का आशीर्वाद लिया.
- **11 अप्रैल-** तमाड़ प्रखंड के मारधान गांव स्थित शिव मंदिर में आयोजित चैत्र महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए. तमाड़ प्रखंड के सारजमडीह में आयोजित अखंड हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए.
- **10 अप्रैल-** बुंडू प्रखंड के कुम्हारटोली स्थित काली मंदिर में पूजा अर्चना की. गुटुहातू में मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ में शामिल हुए.
- **9 अप्रैल-** सरायकेला खरसावां के हल्दीबनी में सार्वजनिक हरि संकीर्तन समिति के द्वारा आयोजित संकीर्तन में शामिल हुए.
- **2 अप्रैल-** तमाड़ स्थित दिउड़ी मंदिर में माता का पूजा-अर्चना किए.
- **28 मार्च-** तमाड़ के पुंडीदिरी मां दिउड़ी सत्संग आश्रम में आयोजित रामचरित मानस पाठ में शामिल हुए.
- **26 मार्च-** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के नूतनडीह, संतारी, कुम्हारसाई, गोजूडीह गांव में हरि संकीर्तन में शामिल हुए.
- **24 मार्च-** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के लकड़बाद, केंदुआ, डोरो, कुदासिंगी और कृष्णापुर गांव में हरि संकीर्तन में शामिल हुए.
- **23 मार्च-** खरसावां विधानसभा क्षेत्र के कुचाई प्रखंड के बंदोलोहर गांव में हरि संकीर्तन में शामिल हुए. तमाड़ के बोधडीह में आयोजित रामचरितमानस पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए. तमाड़ के बाबाईकुंडी में आयोजित हरि संकीर्तन में शामिल हुए.
- **22 मार्च-** सिमडेगा के बेरनीबेड़ा में बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना की.
- **20 मार्च-** तेलंगाना के अदिलाबाद के पोन्नारी में बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना की.
- **18 मार्च-** खरसावां के बगराईडीह में हरि कीर्त्तन में शामिल हुए.

### सिंहभूम से जोबा माझी दाखिल करेंगी पर्चा



**रांची।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से 'इंडिया' गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी मंगलवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी. सोमवार को जोबा माझी को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने सिंबल प्रदान किया. नामांकन कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए झामुमो-कांग्रेस और राजद की ओर से व्यापक तैयारी की गई है. जोबा माझी के नामांकन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन साथ रहेंगे. नामांकन से पूर्व चाईबासा के खुटकटी मैदान में जनसभा की जाएगी.

### खूंटी से कालीचरण मुंडा भी आज भरेंगे नामांकन

**रांची।** झारखंड में आहिस्ता-आहिस्ता चुनाव की तारीख भी नजदीक आती जा रही है. वहीं, परचा दाखिल करने का दौर शुरू हो गया है. खूंटी संसदीय सीट से 'इंडिया' गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा मंगलवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे. इससे पूर्व लोकसभा क्षेत्र में अपने कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा के बहाने अपना शक्ति प्रदर्शन भी करेंगे.

# राजस्थान ने मुंबई को नौ विकेट से हराया

**एजेंसी। जयपुर**

**यशस्वी जायसवाल का सीजन में पहला शतक**

आईपीएल 2024 के 38वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने एकतरफा मुकाबले में मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से हराया. मुंबई से मिले 180 रन के लक्ष्य को राजस्थान ने सिर्फ एक विकेट खोकर हासिल किया. टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली. यशस्वी 104 रन बनाकर नाबाद रहे. वहीं, कप्तान संजू सैमसन ने 38 रन की दमदार पारी खेली. यशस्वी और संजू ने दूसरे विकेट के लिए अटूट शतकीय साझेदारी निभाई.

टीम इंडिया के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईपीएल में अपने शानदार फॉर्म में लौट आए हैं. उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सवाई मानसिंह स्टेडियम में 60 गेंद पर नाबाद 104 रन बनाए. उनके शतक के दम पर राजस्थान ने अपनी बादशाहत बरबरार रखी और मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से रौंद दिया. 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की बल्लेबाजी शानदार रही. उसने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के रूप में केवल एक विकेट गंवाया. बटलर 25 गेंद पर 35 रन बनाकर आउट हुए. उसके बाद जायसवाल का साथ देने कप्तान संजू सैमसन आए और उन्होंने जायसवाल के साथ मिलकर मैच को निपटा दिया. सैमसन ने भी 28 गेंद पर 38 रनों की बेहतरीन पारी खेली.



# एक माह तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाए निगम: हाईकोर्ट

**संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने मौखिक तौर पर रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव से जानना चाहा कि लालपुर में सड़क पर लगे सब्जी मार्केट के दुकानदारों को हटाने को लेकर क्या कार्रवाई हुई है?

इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लालपुर में डिस्टलरी पुल के पास वेंडर मार्केट बना हुआ है. इसमें नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर दिया गया है, लेकिन सब्जी विक्रेताओं के लिए वेंडर मार्केट पूरी से तैयार नहीं हुआ है. इसमें करीब दो माह का समय लगेगा. लालपुर में 273 सब्जी विक्रेता हैं, जिनमें से करीब 110 सब्जी विक्रेताओं को ही वेंडर मार्केट बनने पर शिफ्ट किया जा सकेगा. हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को निर्धारित की है.

**मामले में आज फिर होगी सुनवाई**



### सब्जी विक्रेताओं को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करें

हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा है कि ऐसी व्यवस्था करें, ताकि सभी सब्जी विक्रेता वेंडर मार्केट में शिफ्ट हो सकें. हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से यह भी पूछा कि लालपुर में जिन स्थानों से मीट विक्रेताओं को हटा कर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया गया है, उस खाली जगह को रांची नगर निगम ने कस्टडी में लिया है या नहीं? नगर निगम के अधिवक्ता से कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या आप संतुष्ट हैं कि वाकई में लालपुर से नॉनवेज बेचने वाले दुकानदार वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर चुके हैं? कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम को लगातार एक माह तक मेन रोड, लालपुर चौक सहित मुख्य चौक चौराहों पर सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाने की जरूरत है. कोर्ट ने यह भी कहा कि कचहरी चौक के पास वेंडर मार्केट बन चुका है, तो अलबर्ट एक्का चौक के आसपास फुटपाथ पर दुकानें नहीं लगनी चाहिए. लेकिन हकीकत यह है कि शाम होने के बाद से ही मेन रोड में सड़कों पर फुटपाथ विक्रेता दुकान लगा लेते हैं, जिससे जाम की समस्या प्रतिदिन होती है.

---

### चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में हाईकोर्ट ने ईडी से पूछा

# जमीन की प्रकृति क्या है, मूल रैयत कौन है?

**संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने ईडी से पूछा कि चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की प्रकृति क्या है तथा इसका मूल रैयत कौन है? कोर्ट ने अनुसंधान में जितने भी इससे संबंधित रिकॉर्ड आये हैं, उसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में दो सप्ताह में दाखिल करने का निर्देश दिया है.

मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी. बता दें कि विष्णु अग्रवाल पर चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है. इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है. ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है. ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी. कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था. इसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी.

**जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ का है आरोप**



### अफसर अली की रिमांड अवधि 27 तक बढ़ी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में सोमवार को सात दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया. ईडी ने अफसर ने अली से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए छह दिनों की और रिमांड देने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने 27 अप्रैल तक के लिए रिमांड प्रदान की है. ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था. मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद समेत पांच लोगों को चार्जशीटेड आरोपित बनाया गया है.

### अवैध रूप से संचालित वाटर बॉटलिंग प्लांट के खिलाफ रांची नगर निगम ने की कार्रवाई

# पांच वाटर बॉटलिंग प्लांट को बंद कराया

**संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार के निर्देश पर निगम क्षेत्र के वाटर बॉटलिंग प्लांट की लगातार जांच की जा रही है, ताकि अवैध जल निकासी को रोका जा सके. इस कड़ी ने सोमवार को निगम की छापेमारी टीम और सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया गया. इस क्रम में लगभग 20 वाटर बॉटलिंग प्लांट के संचालकों के दस्तावेजों की जांच की गई. जांच के क्रम में पांच प्लांटों को अवैध पाया गया और तत्काल ही बंद करा दिया गया.

सेंट्रल ग्राउंड वाटर की टीम ने उक्त संचालकों को सख्त निर्देश दिया गया कि भविष्य में अगर पुनः अवैध रूप से प्लांट का संचालन करते हुए पकड़े गये, तो अधिकतम दो लाख रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी. उप प्रशासक ने सभी वाटर बॉटलिंग प्लांट के संचालकों को सख्त चेतावनी दी है कि अगर वे लोग अवैध रूप से प्लांट को चला रहे हैं, तो उसे स्वयं अपने स्तर पर बंद कर दें, अन्यथा दोषी पाये जाने पर उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी.






**इन वाटर प्लांट को कराया गया बंद**

1. लाइफ वाटर
2. सरस्वती शुद्ध जल
3. वर्णवाल इंटरप्राइजेज
4. राकेश कुमार साहू
5. सुधा आरओ वाटर

## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिनः डॉ विद्यापति
- सर्जरीः डॉ शीतल मलुआ
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रकाश कुमार
- ऑर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- ऑब्स गायनीः डॉ एसबी सिंह
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- न्यूरोलीजीः डॉ सुरेंद्र कुमार
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- प्लास्टिक सर्जरीः डॉ विक्रांत
- पीएमआरः डॉ अमित चैतन्य
- रेडिशन ऑन्कोलॉजीः डॉ अनूप
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजीः डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- यूरोलॉजीः डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- यूरोलॉजीः डॉ पंकज कुमार
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ मोहम्मद इमरान
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वंदिता, डॉ समरीना कमल और डॉ उमा सिन्हा
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ अमरेश
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष

## ब्रीफ खबरें

### योगेंद्र तिवारी की बेल पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई. मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी. मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है. तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुआ है. ईडी ने बीते 19 अक्टूबर में तिवारी को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी. इसके बाद उसे जेल भेजा गया था. पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था. ईडी ने योगेंद्र तिवारी और उनके करीबियों के लगभग तीन दर्जन ठिकानों पर बीते 23 अगस्तको छापेमारी की थी.

### अध्यक्ष बनायी गयीं डॉ शशिलता जायसवाल

**रांची ।** संस्कार भारती झारखंड ने चाईबासा में नई समिति का गठन किया. मौके पर प्रांत अध्यक्ष डॉ सुशील अंकन, रांची महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आशुतोष प्रसाद, प्रदेश की नाट्य सह संयोजक अनिता सिंह व सिंहभूम के विभाग प्रमुख विजय और चाईबासा के संघ पदाधिकारी उपस्थित थे. डॉ शशिलता जायसवाल को अध्यक्ष, देवेंद्र कुमार सिंह- कार्यकारी अध्यक्ष , विनोदनी- उपाध्यक्ष, सुष्मिता चटर्जी -मंत्री, शशि गुप्ता -सह मंत्री,विद्युत सिंह राय -कोषाध्यक्ष , विश्वनाथ बरनवाल- सह कोषाध्यक्ष, डॉ विनीता वर्मा - साहित्य संयोजक, प्रियंका राठौर - साहित्य सहसंयोजक , रूबेला घोष : संगीत संयोजक, सूर्य कारवां : संगीत सहसंयोजक, चंदन दत्ता : नृत्य संयोजक, सौम्य भार्गवः नृत्य सहसंयोजक, शिवलाल शर्मा : नाटक संयोजक ,जगन्नाथ मुंडा : सहसंयोजक , अंबर माधुरी : चित्रकला संयोजक बनायी गयी.

### गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की तरफ से पहली बार मैदान में उतरे नेता ने की भीष्म प्रतिज्ञा, भाजपा के निशिकांत दुबे से है मुकाबला

# चुनाव जीता तो सेवा करूंगा, नहीं तो राजनीति से ले लूंगा संन्यास : प्रदीप यादव

**प्रमुख संवाददाता।रांची**

राज्य की हॉट सीट बन चुकी गोड्डा में काफी राजनीतिक हलचल देखने को मिल रही है. इस लोकसभा सीट से दीपिका पांडे सिंह को कांग्रेस की तरफ से टिकट दिया गया था लेकिन कुछ ही दिनों में कांग्रेस ने उम्मीदवार बदल दिया. अब इस सीट से पांचवीं बार प्रदीप यादव मैदान में हैं. पिछले चारों चुनाव वो हार चुके हैं. हालांकि कांग्रेस की तरफ से वो इस बार पहली बार चुनाव लड़ेंगे. प्रदीप यादव को टिकट मिलने के बाद तीन बार के भाजपा के गोड्डा सीट से सांसद निशिकांत दुबे से मुकाबला है. एक ओर निशिकांत दुबे ने चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है वहीं प्रदीप यादव की ओर से भी करारा जवाब मिला है. निशिकांत दुबे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप यादव के खिलाफ चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस उम्मीदवार की ओर से भी उन्हें करारा जवाब दिया गया है. गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ने बहुत बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि यह चुनाव मेरा आखिरी चुनाव है. अगर लोकसभा चुनाव जीता तो जनता की सेवा करूंगा नहीं तो राजनीति से संन्यास लेने का प्रयास करूंगा, विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ूंगा. प्रदीप यादव ने कहा कि पांच बार विधानसभा से जीत चुका हूं, विधानसभा में क्षेत्र की आवाज उठा चुका हूं, लोगों का आशीर्वाद ले चुका हूं, अब दिल्ली में लोगों की आवाज उठाऊंगा.



### फालतू बातों पर ध्यान मत दीजिए : यादव

प्रदीप यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि फालतू बातों पर ध्यान नहीं दीजिए. उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे क्या लिखते हैं उस पर नहीं जाना है. हम सभी घटक दलों को एक साथ होकर देश को बचाने के लिए संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ना है. प्रदीप यादव ने कहा जो लोग संविधान बचाने की बात करते हैं वह सबसे पहले आरक्षण को खत्म करेंगे. उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने एक हजारों करोड़ का कर्जा आदनी-अम्बानी का माफ कर रही है. हमारे राहुल गांधी ने एलान किया है करोड़ों किसानों का कर्ज माफ करेंगे. उन्होंने कहा कि जल्द हम सब फुरकान अंसारी से मिलने वाले हैं. बाकी घटक दलों के नेताओं भी मिलेंगे.

### खास बातें

- बोले,विस में लोगों की आवाज उठाई, अब लोस की बारी है
- राज्य की हॉट सीट बनी गोड्डा से कांग्रेस ने बदला उम्मीदवार

### दीपिका पांडेय की जगह प्रदीप यादव उतारे गये

रविवार को ही कांग्रेस ने गोड्डा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदला है. पहले यहां से दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया गया था. अब यहां से प्रदीप यादव चुनाव लड़ेंगे. वहीं, प्रदीप यादव को टिकट दिए जाने के बाद बीजेपी के प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने कहा कि अब वह चुनाव प्रचार करने नहीं जाएंगे. सिर्फ रिजल्ट लेने जाएंगे. उन्होंने कहा कि जो आदमी लगातार चार बार हारे, 2004 में फुरकान अंसारी से हारे, 2009, 2014 और 2019 में मुझसे हारे, जिनके ऊपर बलात्कार के आरोप हों उनके खिलाफ क्या चुनाव प्रचार करें. उन्होंने कहा कि 2019 में वो कहते दिखे कि यह मेरा आखिरी चुनाव है. इसके बाद संन्यास ले लूंगा. कई मौकों पर उन्होंने संन्यास लेने की बात कही, जिनके बात का कोई मतलब ना हो, जिनसे चुनाव में कोई मुकाबला ना हो, उनके खिलाफ क्या चुनाव प्रचार करेंगे.

### गीता के नामांकन के बाद गरजे मरांडी, सोरेन परिवार पर साधा निशाना

# चोरों के सरदार बनेंगे, तो जेल जाएंगे ही : बाबूलाल

- कहा-नाम बदल कर जमीन खरीदी-बेची, फिर भी पत्नी पूछती हैं कि क्या है कसूर

**प्रमुख संवाददाता।रांची**



सिंहभूम में भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा के नामांकम के बाद जनसभा हुई. जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधा. कहा कि चोरों के सरदार बनेंगे, तो जांच एजेंसी जेल में डालेगी ही. पत्थर खदान को लीगल नहीं होने दिया. अवैध खनन कराया. राजमहल की पहाड़ी खत्म हो गई. कोयला की तस्करी हो रही है. आयरन ओर खदान का ऑक्शन नहीं कराया. सब खदानें बंद पड़ी हैं. लोगों को रोजगार नहीं मिला. सरकारी जमीन, आदिवासी जमीन को फ्रॉड करके बेच दिया. सेना की जमीन भी बेच दी. नाम बदलकर जमीन खरीदा-बेचा. फिर भी हेमंत सोरेन की पत्नी पूछती हैं कि उनका कसूर क्या है? उन्हें ईडी की 191 पेज की चार्जशीट पढ़नी चाहिए.

**लाखों रुपये में नौकरी बेच दी :** बाबूलाल ने कहा कि सीएम का काम था, लोगों को सुविधा देना, आवास देना, रोजगार देना. लेकिन उन्होंने बालू की तस्करी कराई. गाय की तस्करी कराई. पेपर लीक हो जाता है. लाखों रुपए में नौकरी बेच दी. भाजपा की सरकार बनी, तो संविधान खत्म कर दिया जाएगा, ऐसा आरोप लगाते हैं. लेकिन झामुमो और कांग्रेस संविधान को मानते ही नहीं हैं. जबकि, भाजपा संविधान को धर्म ग्रंथ मानती है. हम संविधान दिवस मनाते हैं, जबकि झामुमो और कांग्रेस संविधान की इज्जत नहीं करते. एजेंसी की नोटिस का जवाब नहीं देते. बाबूलाल ने यह भी कहा कि इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर संविधान खत्म कर दिया था.

**हमने किसी की जमीन नहीं लूटी :** बाबूलाल ने कहा कि 24 साल में 13 साल हमारी सरकार थी. मरांडी की सरकार थी. मुंडा की सरकार थी. हमने किसी की जमीन नहीं लूटी. सीएनटी एक्ट का उल्लंघन झामुमो और हेमंत सोरेन ने किया. जिसके साथ सरकार बनायी, उन्हें समझना होगा कि कांग्रेस सरकार में विस्थापन हुआ. गांव उजड़े, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? कांग्रेस और झामुमो के राज में लोगों को उजाड़ा गया. भाजपा पर आरोप लगाया कि ईसाई और मुस्लिम के साथ भेदभाव करते हैं, लेकिन हमने सभी योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव के दिया. हमें संकल्प लेना है कि गीता कोड़ा को जितना है. 13 मई को सब लोग मतदान करें.

### झारखंड राज्य भाजपा की देन

जनसभा में बाबूलाल ने कहा कि झारखंड राज्य भाजपा की देन है. वर्षों की लड़ाई थी. आजादी के बाद से ही संघर्ष शुरू हुआ, लेकिन कांग्रेस ने यहां की जनता की भावना का सम्मान नहीं किया. खरीद बिक्री होती रही, लेकिन राज्य नहीं बना. भाजपा ने केंद्र में सरकार बनने पर अलग राज्य गठन का वादा किया था और इसे एक साल में पूरा भी किया. भाजपा जो कहती है, वही करती है. केंद्र में बीजेपी की सरकार नहीं थी, तो गांव की हालत क्या थी? गांव में सड़क नहीं थी. मैं खुद स्कूल जाने के लिए 10 किलोमीटर चला. गांव में डॉक्टर नहीं थे. लोग अस्पताल नहीं पहुंच पाते थे. आज पूरे झारखंड में सड़कें हैं. कहीं भी गाड़ी से जा सकते हैं. कांग्रेस ने देश में 60 साल शासन किया, लेकिन गांव की चिंता नहीं की. कांग्रेस-झामुमो भ्रष्टाचार में सहोदर भाई हैं.

### जेपीएससी ने रिकार्ड 35 दिनों में जारी किया पीटी का परिणाम

# 7 हजार अभ्यर्थियों ने मारी बाजी

- विभिन्न जिलों में 834 केंद्रों पर 17 मार्च को हुई थी प्रारंभिक परीक्षा

**संवाददाता।रांची**





झारखंड लोक सेवा आयोग ने सोमवार को झारखंड संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का परिणाम जारी कर दिया. इस परीक्षा में 7,011 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं, जो मुख्य परीक्षा में भाग लेंगे. आयोग ने रिकॉर्ड 35 दिनों में इस परीक्षा का परिणाम जारी किया. यह परीक्षा 17 मार्च को राज्य के विभिन्न शहरों में बनाए गए 834 केंद्रों पर आयोजित की गई थी. इस परीक्षा में 3,20,661 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। नियमावली के अनुसार, कुल 342 पदों के अनुसार 15 गुना अर्थात 5,130 अभ्यर्थियों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए होना था. लेकिन सभी श्रेणियों में अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त होने के कारण कुल 7,011 अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित किए गए. सफल अभ्यर्थियों में 1,159 महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हैं. क्षैतिज आरक्षण में आदिम जनजाति के 16, खेलकूद कोटा के 60, दृष्टि बाधित दिव्यांगता से 62, बधिर दिव्यांग्ता से 46, चलन दिव्यांग्ता से 45, बौद्धिक एवं मानसिक रूप से कमजोर श्रेणी से 48 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए हैं.

**अनारक्षित और पिछड़ों का कट ऑफ समान :** जेपीएससी ने सोमवार को इस परीक्षा का परिणाम के साथ-साथ कट आफ अंक भी जारी कर दिया. अनारक्षित, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का कट आफ अंक 246 रहा। इसी तरह, अनुसूचित जाति का कट आफ अंक 236 तथा अनुसूचित जनजाति का कट आफ अंक 224 रहा.

### किस श्रेणी में कितने अभ्यर्थी हुये चयनित

- अनारक्षित : 1,972
- अत्यंत पिछड़ा वर्ग : 1,420
- पिछड़ा वर्ग : 1,009
- अनुसूचित जनजाति : 1,590
- अनुसूचित जाति : 508
- आर्थिक रूप से कमजोर : 512

### रिम्स से कैदी हथकड़ी निकाल कर फरार हुआ

**रांची।** रिम्स की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है. सुरक्षा में चूक की वजह से रिम्स के सर्जरी वार्ड से कैदी श्याम किशोर चौधरी (32) हाथ से हथकड़ी निकाल कर रविवार रात भाग निकला. आरोपित पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है. उसे 13 अप्रैल को डालटनगंज सदर अस्पताल से रिम्स लाया गया था. कैदी ने कील निगल लिया था. 13 अप्रैल को उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था. बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि हवलदार शनिचरवा उरांव व जीतलाल महतो ने एफआईआर कराई है.

# हेमंत की जमानत पर आज ईडी की अदालत में सुनवाई

**संवाददाता।रांची**

राजधानी के बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होगी. ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है. 16 अप्रैल को सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी. अदालत में ईडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की थी. हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है. याचिका में स्वयं को निर्दोष बताते हुए उन्होंने जमानत की सुविधा प्रदान करने की मांग की है. हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है. ईडी ने बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी की देर रात मुख्यमंत्री आवास से पूछताछ के दौरान ही उन्हें गिरफ्तार किया था. तब से वह जेल में हैं. इस मामले में ईडी ने जांच पूरी कर हेमंत के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है.

# शिबू सोरेन के मोरहाबादी आवास के पास कार ने महिला को कुचला,मौत

**संवाददाता।रांची**

लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी के समीप सोमवार की रात एक अनियंत्रित कार ने एक महिला को कुचल दिया, जिससे महिला की मौत हो गई है. साथ ही कार ने अन्य छह लोगों को भी अपनी चपेट में लिया है. सभी लोग घायल हो गए हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और एक्सयूवी 700 कार को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

**कार महिला को कुचलते हुए बिजली पोल से टकराई :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक ने मोरहाबादी के म्यूजियम चौक से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आवास तक कई लोगों को धक्का मारा. वहीं झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के आवास के समीप एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी. जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई है. स्थानीय लोगों ने बताया कि अनियंत्रित कार ने महिला को कुचलते हुए बिजली पोल से टकराई. इस कारण कार रूक गई, वरना और लोगों की जान जा सकती थी. वहीं घटना के बाद कार चालक और कार में सवार लोग भाग खड़े हुए.



### पुलिस कार को जब्त कर जांच में जुटी

गाड़ी किसी वकील की है. गाड़ी में बैठे सभी व्यक्ति घटना के बाद फरार हो गए हैं. फिलहाल कार को जब्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है. कार चालक और सवारों का पता लगाया जा रहा है. गिरफ्तारी के बाद ही पता चल पाएगा कि यह मामला ड्रंक एंड ड्राइव का है या फिर गाड़ी में किसी तरह की तकनीकी खराबी से जुड़ा मामला है.

# पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर हुई बैठक

**संवाददाता।रांची**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर सोमवार को लोकसभा चुनाव में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को लेकर बैठक हुई. इसमें कहा गया कि ऐसे वोटर्स को पोस्टल बैलट मतदान की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी. समाहरणालय में आयोजित बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र व ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय, आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थान के प्रतिनिधि व मीडियाकर्मी उपस्थित थे.

बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत ने डाक मतपत्र से संबंधित सभी बारीकियों की विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा. संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी.

**मीडियाकर्मियों के समक्ष हुआ वीडियो डेमोन्स्ट्रेशन :** वैसे मीडियाकर्मी जिन्होंने लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान कवरेज के लिए प्राधिकार पत्र प्राप्त किया है और वो पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान के इच्छुक हैं. उन्हें बैठक के दौरान बैलेट के माध्यम से मतदान के मार्गदर्शन के लिए वीडियो दिखाया गया.

### पोस्टल बैलेट से कब कर सकते हैं मतदान

चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं. उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9 :00 बजे से शाम 5 :00 बजे तक कार्यरत रहेंगे. यहां बता दें कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल 16 श्रेणी के कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है.

### इनसाइड स्टोरी : गोड्डा लोकसभा सीट — दीपिका पांडेय का टिकट वापस लेकर प्रदीप यादव को बनाया गया प्रत्याशी

# देवघर एयरपोर्ट पर ही राहुल ने प्रत्याशी बदलने पर लगाई थी मुहर

**कौशल आनंद।रांची**



कांग्रेस आलाकमान ने झारखंड में प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी. रांची लोकसभा से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय को प्रत्याशी बना दिया.चूंकि गोड्डा से फुरकान अंसारी और धनबाद से ददई दुबे को उम्र काहवाला देते हुए टिकट देने से मना कर दिया गया.उस वक्त ही लगभग तय हो चुका था कि सुबोधकांत सहाय को भी प्रत्याशी नहीं बनाया जाएगा. लेकिन रांची लोकसभा सीट पर सुबोध कांत सहाय की ही मर्जी चलेगी यह भी तय था. इसलिए आलाकमान ने सुबोधकांत सहाय से विकल्प के तौर पर नाम मांगा था, सुबोधकांत अपनी पुत्री यशश्विनी सहाय का नाम आलाकमान को सौंप कर रांची वापस आ गये थे.

सबसे चौंकाने वाला निर्णय कांग्रेस आला कमान का गोड्डा लोकसभा सीट को लेकर रहा. कांग्रेस ने झारखंड की गोड्डा सीट से दीपिका पांडेय सिंह का नाम वापस लेते हुए प्रदीप यादव को टिकट देने का फैसाला लिया. दरअसल गोड्डा लोकसभा सीट को लेकर खुद राहुल गांधी ने दखल दिया. कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गोड्डा कांग्रेस कमेटी द्वारा आलाकमान को दिया अल्टीमेटम राहुल गांधी तक पहुंच गया. गोड्डा लोकसभा सीट से दीपिका पांडेय सिंह को प्रत्याशी बनाने के निर्णय में राहुल गांधी को अंधेरे में रखा गया था और उनकी सलाह भी नहीं ली गयी थी. विगत 20 अप्रैल को बिहार के दौरे पर जाने के क्रम में राहुल गांधी देवघर एयरपोर्ट पर रुके थे, जहां उनकी मुलाकात प्रदीप यादव, दीपिका सिंह पांडेय सिंह और डॉ इरफान अंसारी से हुई थी.

देवघर एयरपोर्ट पर प्रदीप यादव ने अलग से राहुल गांधी से बातचीत की थी. उन्होंने गोड्डा लोकसभा सीट को लेकर तैयार रणनीति के बारे में समझाया. जातिकरण समीकरण के बारे में बताया. इसके बाद राहुल ने खुद ही गोड्डा सीट से प्रत्याशी बदलने की पहल की. मौके से ही अलग से पार्टी के आला नेताओं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से बातचीत की और अपनी आपत्ति दर्ज करायी. राहुल गांधी ने कांग्रेस नेताओं को गोड्डा सीट को लेकर कड़ी फटकार भी लगायी. इसके बाद गोड्डा सीट को लेकर दिल्ली में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी. मामले में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से भी राहुल गांधी ने बातचीत की. राहुल गांधी की दखल के बाद गोड्डा सीट से दीपिका पांडेय सिंह का नाम वापस लेते हुए प्रदीप यादव को प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया गया.

# गुमला में हेलीपैड का भाड़ा अधिक लेने की शिकायत



**संवाददाता।रांची**

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग जिले में अलग दर से हेलीपैड का भाड़ा लिए जाने के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंचा है. इसमें भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरविंदर सिंह शेट्टी, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा शामिल थे. टीम ने चुनाव आयोग को बताया कि जब गुमला में भाजपा की टीम अपने नेताओ के लिए हैलीपैड भाड़ा पर लेने प्रशासन के पास गयी तो प्रशासन ने 53400 जमा करने का फरमान जारी किया, जबकि सब खर्च मिलाकर लगभग 10000 भाड़ा है. चुनाव आयोग ने तत्काल सभी जिलों के उपायुक्त को पत्र लिख कर सभी हेलीपैड के दर की सूची मंगायी.

# धूमधाम से मनाया गया श्री धोली सती दादी जी का उत्सव

संवाददाता। रांची



### धोली सती

- प्रचारक प्रकाश सर्राफ के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ
- महिलाएं परंपरागत राजस्थानी परिधान पहनकर पहुंची

श्री धोली सती दादी प्रचार समिति कोलकाता की ओर से भगवती प्रसाद सर्राफ के आवास मे श्री धोली सती दादी जी की उत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण हर्षोल्लास धूमधाम के साथ मनाया गया. दादीजी की दरबार का अलौकिक श्रृंगार किया गया. दादी उत्सव का शुभारंभ संध्या पांच बजे गणेश पूजन के साथ हुई. इस दौरान नाचो गाओ खुशी मनाओ दादी आई है.., डाली चढ़कर दादी जी ससुराल चली.., दादी दादी बोल दादी सुण लेसी सुण लेसी दादी सुण लेसी.., हारे हारे हारे तुम हारे के सहारे...., सजा है प्यारा दरबार दादी जी का..., मंगल भवन अमंगल हारी नारायणी तेरो नाम सुखाई.., भजनों पर श्रोता खूब झूमे. वहीं भगवती प्रसाद सर्राफ, मधु सर्राफ परिवार के साथ पूरे विधि विधान से पूजन कर पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर सवामणि भोग प्रसाद लगाये. श्री धोली सती दादी प्रचार समिति कोलकाता के 16 सदस्यीय दादी भक्तों की टीम के साथ पधारे प्रचारक प्रकाश सर्राफ के नेतृत्व में मंगल पाठ एवं भजन कीर्तन किया गया. दादी के उत्सव में सभी महिलाएं परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर दादी जी के जीवन चरित्र पर मंगल पाठ की एवं संगीतमय संकीर्तन पर खूब झूमीं. पूरा दरबार भक्तिमय एवं दादीमय से गुंजायमान रहा. प्रकाश सर्राफ ने अपने समधुर भजनों से गंगा प्रवाहित कर श्री धोली सती दादीजी के श्री चरणों में भजनों की लड़ी लगा दी. रात्रि नौ बजे सामूहिक महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ धोली सती दादी जी का उत्सव संपन्न हुआ. धोली सती दादी प्रचार समिति कोलकाता के प्रकाश सर्राफ ने कहा कि दादी भक्तों का उत्साह और स्नेह देखकर बड़ी सुखद अनुभूति हुई. समिति के संजय सर्राफ ने कहा कि मौके पर नंदकिशोर सर्राफ, विनोद सर्राफ, निरंजन सर्राफ, संजय सर्राफ, संतोष सर्राफ, सुबोध सर्राफ, कुशाग्र सर्राफ, नितिन सर्राफ शामिल थे.

# श्री महावीर मंडल रांची का झंडा उतारी कार्यक्रम आज

- 7.15 बजे आरती पूजा-पाठ के साथ बजरंगबली का पहला झंडा उतारा जाएगा

संवाददाता। रांची

श्री महावीर मंडल रांची द्वारा स्थापित 1929 का प्रथम झंडा का 23 अप्रैल को श्री महावीर मंदिर महावीर चौक के मुख्य पुजारी शारदा नाथ उपाध्याय, अमित मिश्रा श्री महावीर मंडल रांची, श्री रामनवमी श्रृंगार समिति के तत्वावधान में झंडा उतारी का कार्यक्रम होगा. श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व मंत्री शंकर प्रसाद ने कहा कि सात बजकर 15 मिनट में आरती पूजा पाठ के साथ श्री बजरंग बली का प्रथम झंडा उतारा जायेगा. शंकर प्रसाद ने सभी झंड़ेधारी अखाड़ा वाले बंधु से विनती किया कि श्री महावीर मंडल के झंडा उतारी के बाद सभी अपने-अपने अखाड़े से विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद झंडा उतार लें और अगले वर्ष धूमधाम से श्री रामनवमी महोत्सव आयोजित करने का संकल्प लें. शंकर प्रसाद ने श्री रामनवमी महोत्सव आयोजक समिति से आग्रह किया कि सड़क, चौक, चौराहे में जो झंडे लगाए हैं उन्हें उतार लें और रोड में जो गड्ढे बन गए हैं उन्हें भर दें ताकि किसी को सड़क पर तकलीफ ना हो.

**पृथ्वी दिवस : पर्यावरण संरक्षक कार्यकर्ता दयामनी बरला ने कहा**

# धरती को समझना है तो आदिवासी जीवनशैली को समझना ही होगा

संवाददाता। रांची



संत जेवियर्स कॉलेज रांची में शनिवार को जिओ क्लब भूगोल विभाग व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में पृथ्वी दिवस का आयोजन हुआ. इस मौके पर कॉलेज सभागार में "वन अर्थ, नो प्लान बी" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा एवं आमंत्रित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया. मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षक कार्यकर्ता दयामनी बारला ने कहा कि हमारे युवा एवं सभी व्यक्ति हमारी पृथ्वी के पर्यावरण व्यवस्था के स्तंभ हैं. उन्होंने कहा कि अगर धरती को समझना है तो आदिवासी जीवन शैली को समझना होगा. भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बढ़ते पर्यावरण निम्नीकरण के मुद्दों के बारे में कहा कि ऊर्जा का संरक्षण करने व नवीकरणीय संसाधनों की ओर बदलाव किया जाना चाहिए. इसके बाद कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा बनायी हुई प्रस्तुति दिखायी गई. जिसमे झारखंड एवं पर्यावरण बदलाव के मुख्य मुद्दों को लोगों के समक्ष रखा. वन संरक्षक एवं राज्य सिल्वीकल्चरिस्ट, झारखंड (आईएफएस) स्मिता पंकज ने माइक्रो प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि हमारी अच्छी आदतें ही पृथ्वी को दुबारा स्वच्छ होने में सहायता कर सकती हैं. प्रधानाचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने कहा कि संत जेवियर्स कॉलेज रांची उन जिम्मेदार वैश्विक नागरिकों के पोषण के लिए प्रतिबद्ध है जो पर्यावरण प्रबंधन के महत्व को समझते हैं.

## धरती मां के समान है : विनीता सिंघानिया



**रांची।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रांची समर्पण शाखा ने सोमवार को हात्मा बस्ती सिद्धू कान्हू पार्क के नजदीक में कीटनाशक दवा का छिड़काव सुबह आठ बजे किया. शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा कि धरती मां के समान है. हमें ख़ुद इसे साफ़ रख कर इसका सम्मान करना चाहिए. पर्यावरण एवं स्वच्छता प्रभारी रितु पोद्दार और सयोजिका राधा ड्रोलिया के नेतृत्व में यह कार्य संपन्न हुआ. शाखा सदस्यों ने बस्ती के लोगों से बात कर उन्हें साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया.

इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, कविता सोमानी व राधा ड्रोलिया उपस्थित थीं. साथ ही झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के कार्यक्रम हर बच्चे का स्वस्थ सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच, समर्पण शाखा रांची के द्वारा मारवाड़ी कन्या पाठशाला में किया गया. हर बच्चे का स्वस्थ सप्ताह कार्यक्रम में आज कक्षा एक से तीन के विद्यार्थियों के साथ 40 मिनट का एक कार्यशाला रखा गया. जिसमें हमने बच्चियों को गुड टच बैड टच के बारे में सेशन करवाया. इस कार्यशाला को करने की लिए जेसीआई इंडिया (जोसीआई इंडिया) की जोन ट्रेनर जेसी विनीता चितलांगिया द्वारा यह सेशन लिया गया. जिसमें उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ अपनी सुरक्षा करना सिखाया गया. उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया गया. उपस्थित बच्चों के बीच मंच के ओर से जूस का वितरण किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के सदस्यों के साथ विद्यालय प्रबंधन का भरपूर सहयोग मिला. इसमें शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, कविता सोमानी, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, कोमल झुनझुनवाला उपस्थित थीं.

## उषा मार्टिन फाउंडेशन ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**रांची।** उषा मार्टिन फाउंडेशन और पर्यावरण विभाग की ओर से महिलौंग मध्य विद्यालय में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया. फाउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि समाज के सामूहिक प्रयास से ही पृथ्वी का संरक्षण संभव है. इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति, परिवार और समूह को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी. इससे पृथ्वी को नुकसानदायक कारकों से बचाया जा सकेगा. वहीं, सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए छोटी-छोटी सामुदायिक पहल जरूरी है. गांव से लेकर शहरी क्षेत्र के स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना होगा.

# मदरा मुंडा के धार्मिक स्थलों की हुई पूजा

संवाददाता। रांची



कांके प्रखंड के मुड़हर पहाड़ पर महाराजा मदरा मुंडा के 50 से अधिक ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों पर अरविंद पाहन एवं स्थानीय लोगों ने सोमवार को पारंपरिक रूप से पूजा पाठ किया. इस अवसर पर सुतियांबे के पाहन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष चैत पूर्णिमा के पहले दिन मुड़हर पहाड़ पर पूजा पाठ करते आ रहे हैं. यह स्थल मुंडा जनजाति के लिए खास स्थान माना जाता है. इसी स्थान से आदिवासी समुदाय अन्य जिलों और राज्यों में जाकर अपना गांव, कस्बा व मुहल्ला बनाया.आदिवासियों का पारंपरिक पड़हा व्यवस्था मुड़हर पहाड़ से शुरू हुआ था.

महाराजा मदरा मुंडा ग्रामीणों के साथ पंचायत करते थे. लोगों की समस्या का समाधान करते थे. इस दौरान लूटकुम हाड़म, लुटकुम बढ़िया, बाघ बाघिन व सूरज मंडा समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर अरबा चावल, बेल पत्ता, फूल और टीका सिंदूर लगाकर पूजा किया गया. पूजन कार्यक्रम में अरविंद पाहन, साधु लाल मुंडा, सहदेव मुंडा, राजेश पाहन, जगदीश पाहन, विजय मुंडा, सुरेश मुंडा व रतन नाग समेत कई लोग शामिल थे.

# विहिप हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन करेगा : चंद्रकांत



संवाददाता। रांची

### हनुमान जन्मोत्सव

- वैचारिक संगठन भी अपने स्तर से तैयारी कर रहे हैं
- घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि रामोत्सव के बाद शुक्रवार को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव विहिप के द्वारा राज्यभर के सभी गांवों में मनाया जाएगा. इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी कर रहे हैं. चंद्रकांत रायपत सोमवार को पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे. प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि प्रांत के लगभग 31,000 स्थानों पर मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जायेगा. इसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के अन्य लोग भी सम्मिलित होंगे. एकल अभियान से रेखा जैन ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा सभी पर कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है. विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूलों में इसकी तैयारी की जा रही है.

# पृथ्वी को स्वस्थ रखना होगा : प्रिंसिपल जरीन



संवाददाता। रांची

### केबी स्कूल

- ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की प्रेरणा दी गई
- पृथ्वी को बचाने में हर किसी का योगदान जरूरी है

विश्व पृथ्वी दिवस पर रांची के मेन रोड स्थित केबी एकेडमी स्कूल में सोमवार को समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बच्चों को पृथ्वी दिवस पर जानकारी दी गई. ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की प्रेरणा दी गई. कार्यक्रम की शुरुआत अकेडमी के प्रिंसिपल सबा जरीन ने किया. छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहना चाहते हैं तो पृथ्वी को स्वस्थ रखना होगा. पृथ्वी को बचाने में हर किसी का योगदान जरूरी है. ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना है. साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण की जानकारी दी. वाइस प्रिंसिपल फरीदा यास्मीन ने विद्यार्थियों से कहा कि यह दिवस पृथ्वी पर रहने वाले जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों को बचाने और दुनिया भर में पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है. मौके पर सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लोगों व स्वयं को जागरूक करने का संकल्प लिया.

# दैनिक जीवन में अपनाएं पर्यावरण अनुकूल व्यवहार : डॉ राम सिंह

संवाददाता। रांची



दिल्ली पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ पृथ्वी दिवस मनाया गया. इस अवसर पर छात्रों में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ. विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने पृथ्वी दिवस का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों से सुसज्जित बैज पहनकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साइकिल रैली थी. जिसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने समान रूप से भाग लिया.

मौके पर पृथ्वी संरक्षण की वकालत करने वाले पोस्के-बैनर के साथ, प्रतिभागियों ने स्कूल के आसपास की सड़कों पर लोगों को पर्यावरणीय जिम्मेदारी और प्रदूषण पर अंकुश लगाने की तत्काल आवश्यकता का संदेश दिया. पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, स्कूल परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया गया. छात्रों ने इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लेकर पूरे विद्यालय परिसर में पौधे लगाए. विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने पृथ्वी दिवस के महत्व और धरती की रक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया. उन्होंने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश को समाज एवं देश में फैलाने का आग्रह किया. साथ ही छात्रों को अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया.

# राज्यस्तरीय ओपन योग प्रतियोगिता 27-28 अप्रैल को

संवाददाता। रांची

### योग प्रतियोगिता

- योग प्रतियोगिता के साथ क्विज प्रतियोगिता होगी
- तीन चरणों में प्रतियोगिता का आयोजन करने की है तैयारी

नौवीं सत्यानंद राज्य स्तरीय ओपन योग प्रतियोगिता 27 एवं 28 अप्रैल को बिशप स्कूल, ओल्ड एचबी रोड बहु बाजार के प्रांगण में आयोजित की जाएगी. दो दिवसीय राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के साथ क्विज, स्पीच, पेंटिंग एवं रंगोली की भी प्रतियोगिता होगी. प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल है. इस प्रतियोगिता में तीन साल से लेकर सत्तर साल तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं. यह प्रतियोगिता तीन चरण में संपन्न होगी. 27 तारीख दिन शनिवार के दो बजे उद्घाटन सत्र है. उस दिन केवल योग के प्रतिभागी ग्रुप डी, ई, एफ और जी के लड़के एवं लड़कियां प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगे. दूसरे दिन रविवार को सुबह नौ बजे से बाकी ग्रुप ओ, ऐ, बी एवं सी की प्रतियोगिता शुरू होगी. साथ ही पेंटिंग, क्विज, स्पीच और रंगोली की भी प्रतियोगिता रविवार को ही आयोजित की जाएगी. इस बात की जानकारी एक बैठक मे दी गई. जिसकी अध्यक्षता डॉ. परिणीता सिंह ने की. इस बैठक में निशि अग्रवाल (उपाध्यक्ष ), योगाचार्य आदित्य कुमार (सेक्रेटरी), डॉ रूपम सिंह (ज्वाइंट सेक्रेटरी), विवेक कुमार, निक्की साहू, शैल मिश्रा मौजूद थे.

**पदाधिकारी वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी के पर्यटक स्थलों को देखेंगे**

# यूथ हॉस्टल इंडिया के सदस्य जाएंगे वियतनाम, पर्यटन को देंगे बढ़ावा

संवाददाता। रांची



यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखंड राज्य शाखा के पदाधिकारी वियतनाम जाएंगे. ये पदाधिकारी वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और हनोई के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे. यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के अंतरराष्ट्रीय और रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है.

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखंड राज्य के चेयरमैन शिवेन्द्र दुबे ने बताया कि झारखंड राज्य में रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन प्रयासरत है और इस वर्ष से नेतरहाट,पारसनाथ और देवघर ट्रेकिंग और ट्रेनिंग एक्सपीडिशन का आयोजन किया जाएंगा.

वियतनाम यात्रा के संयोजक उदय साहू ने बताया कि यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं और हमारा दल 25 अप्रैल को रवाना होगा. झारखंड से वियतनाम जा रहे इस दल में उदय साहू, मनोज महतो, राजकुमार जैन, शैलेन्द्र कुमार, मनोज साहू, शिवेन्द्र दुबे शामिल हैं.

**काव्यपाठ** हरिद्वार में पांच दिवसीय वैदिक साहित्य काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन

# आचार्यकुलम, रांची के बच्चों ने झारखंड का नाम रौशन किया

संवाददाता। रांची



### पतंजलि संस्थान

- आचार्यकुलम के 17 में से 16 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण
- बाबा रामदेव ने मेडल के साथ 25 हजार रु का पुरस्कार दिया

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में वैदिक साहित्य काव्यपाठ प्रतिस्पर्धा का आयोजन 17 से 21 अप्रैल तक हुआ. स्पर्धा बाबा रामदेव की संस्था द्वारा आयोजित की गयी थी, जिसमें पतंजलि संस्थान द्वारा संचालित समस्त शिक्षण संस्थानों जैसे पतंजलि गुरुकुलम हरिद्वार, देवप्रयाग, ज्वालापुर, नासिक, आचार्यकुलम् रांची, हरिद्वार और पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया. इसमें रांची से कुल 17 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें 10 लड़कियां और सात लड़के शामिल थे. प्रतियोगिता में रांची के आचार्यकुलम् में पदस्थापित पूज्य साध्वी देवेष्टि जी के मार्गदर्शन में सभी छात्र -छात्राओं ने अन्य संस्थानों की तुलना में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 17 में 16 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. अभिनीति अवस्थी और अनुभूति अवस्थी को अष्टाध्यायी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रामदेव बाबा ने आजीवन गोद ले लिया. भगवद्गीता में आयुष, अनमोल, अनन्या, आन्या, जिया, आयुषी, ऋतिका, प्रिन्सी कौस्तूभ, साकेत, समृद्धि, शौर्य, उपास्या व दर्शन में अक्षत, सूरज और मनश्विनि ने भाग लिया. सभी बच्चों को स्वामी रामदेव ने स्वर्ण पदक और निर्धारित पुरस्कार राशि 20 हजार के साथ पांच हजार रुपये अतिरिक्त प्रदान किया गया.

## मारवाड़ी सम्मेलन का सम्मान समारोह आज

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है. सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि अग्रवाल समाज के युवा अग्रणी चाईबासा निवासी अमन अग्रवाल को प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा. अमन अग्रवाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पद पर 544 में रैंक से पास होकर समाज का मान बढ़ाया है. अमर अग्रवाल के पिता मनोज अग्रवाल, माता बबीता अग्रवाल, चाचा रविंद्र अग्रवाल आईएएस हैं, जो वर्तमान में केरल राज्य में प्रिंसिपल सेक्रेट्री फाइनेंस के पद पर कार्यरत हैं.

# अयोध्या की तर्ज पर मधुकम में बनेगा रामलला का मंदिर



संवाददाता। रांची

रातू रोड स्थित न्यू मधुकम साईं बिहार रोड नं 3 में भी अयोध्या की तर्ज पर रामलला की मंदिर निर्माण होगा. मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने सोमवार को यह जानकारी दी. समिति के प्रवक्ता अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि एक करोड़ की लागत से अयोध्या की तर्ज पर रांची में रामलला का दूसरा मंदिर बनाया जाएगा. मूर्ति की ऊंचाई तीन फीट,चौड़ाई 2.5 फीट और 150 किलो वजन होगा. हाथों में धनुष-वाण,चेहरे पर मधुर मुस्कान लिये प्रभु राम के बाल स्वरूप की काले पत्थर से बनी प्रतिमा स्थापित की जाएगी.बनारस के शालीग्राम पत्थर से बनी मूर्ति पर दूध से अभिषेक का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.

## ब्रीफ खबरें

### डिवाइडर से टकरायी बाइक,दो की हुई मौत

**खूंटी।** खूंटी-तमाड़ मार्ग पर रविवार की रात एसएसबी हूंठ कैंप के समीप तेज रफ्तार बाइक डिवाडर से जा टकरायी. इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी. मृतकों में अड़की के तिनतिला पंचायत के भुरसुडीह निवासी सुलेमान मुंडा (25) और दाउद ओड़ेया (22) शामिल हैं. जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से कोवा साप्ताहिक बाजार से कहीं निकले थे. बाइक की रफ्तार काफी तेज थी. इसी क्रम में एसएसबी हूंठ कैंप के समीप डिवाडर से उनकी बाइक टकरा गयी. हादसे में सुलेमान मुंडा की मौके पर ही मौत हो गयी.

### बेहोश होकर गिरने से सीसीएल कर्मी की मौत

**डकरा।** एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना में डम्फर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत झरी गंझू का सोमवार की सुबह मौत हो गई. परिजनों के अनुसार झरी सुबह उठकर बाथरूम जाने के क्रम में अचानक बेहोश होकर नीचे गिर गए. आनन फानन में उसे सीसीएल केंद्रीय अस्पताल डकरा लेकर आये. यहां चिकित्सकों ने उन्हें अमृत घोषित कर दिया. झरी गंझू मूलरूप से बेंती पंचायत के हरगड़ी गांव के रहने वाले थे. उसके निधन पर परियोजना के सहकर्मियों एवं अधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है. उधर रैयत विस्थापित मोर्चा ने अनुकंपा के आधार पर मृतक के परिजनों को जल्द नौकरी देने की मांग प्रबंधन से की है.

### दो घरों से नकदी समेत लाखों के जेवरात की चोरी

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के टांगर गांव में रविवार की रात दो घरों में अपराधियों ने धावा बोला और सामान की चोरी कर फरार हो गये. दोनों घरों के लोग शादी समारोह में गये हुए थे. बताया जाता है कि विनोद कुजूर के घर से 10 हजार नकद और करीब 50 हजार के जेवरात, जबकि राज कुजूर के घर से 35 हजार नकद और करीब एक लाख रुपये के जेवरात की चोरी हो गयी. भुक्तभोगी राज कुजूर ने बताया कि घर के दरवाजे का ताला तोड़ने के बाद कमरे में रखे आलमीरा को भी कुदाल से चोरों ने तोड़ दिया था और उसके अंदर रखे जेवरात और नकदी की चोरी कर ली थी. घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. पुलिस छानबीन कर रही है.

### विद्यार्थियों को दी गयी करियर की जानकारी

**अनगड़ा।** आइटी सेक्टर की कंपनी टीसीएस ने सोमवार को कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी) में इंजीनियरिंग के फाइनल व प्री फाइनल सेशन के विद्यार्थियों के लिए प्री प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया. कंपनी के एचआर टीम के संदीप रॉय एवं आकाश घोष ने विद्यार्थियों को चयन प्रकिया की जानकारी दी. वहीं विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये सवालों का भी जवाब दिया. कंपनी के प्रतिनिधियों ने चयन के लिए टीसीएस की ओर से सालाना आयोजित होनेवाले (एनक्यूटी) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रकिया के अलावा इंटर्नशिप, करियर ग्रोथ, अपग्रेड स्किल्स, कट ऑफ, टेस्ट पैटर्न के बेसिक व एडवांस आदि की जानकारी दी. मौके पर चीफ कोर्डिनेटर प्रो अंकित सिंह, प्रोफेसर इंचार्ज ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ केपी दत्ता, कौशिक चटर्जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे. सत्र में कंप्यूटर साइंस के अलावे इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने भाग लिया.

### कांके में संजय सेठ का चुनाव कार्यालय खुला

**कांके।** रांची संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ का कांके में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन रिंग रोड सुकुरहुट्टू में सोमवार को हुआ. मुख्य अतिथि सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कार्यकर्ता दिनरात लग जाएं तथा सभी को केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास योजनाओं की जानकारी दें. कहा कि भाजपा कार्यकर्ता होना सौभाग्य की बात है. सांसद संजय सेठ ने कहा कि 400 पार सीटें आने पर एक देश एक कानून बनेगा. अधिक से अधिक मतदाताओं को बूथ पर लाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है. उनके साथ विधायक समरी लाल, संयोजक संजीव विजयवर्गीय, रमाकांत ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, नसीबलाल, जिप सदस्य सुषमा देवी, किरण देवी, आदि ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चुनाव में उनके अहम भूमिका की चर्चा की.

---

रात के अंधेरे में लाठी-डंडे से लैस लोगों ने झामुमो नेता के घर पर बोला धावा

# घर के बच्चों सहित महिलाओं को पीटा, दो गंभीर

**संवाददाता। ओरमांझी**





चकला गांव निवासी सह झामुमो के पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष अब्दुल कुद्दूस अंसारी के घर में पड़ोसियों ने कुटे गांव के लोगों के साथ मिलकर धावा बोल दिया. लाठी-डंडे से हमला कर उनके बेटे सहित अन्य परिजनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया.घटना रविवार की देर रात की है. गंभीर रूप से घायल झामुमो नेता के पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.इस संबंध में अब्दुल कुद्दूस अंसारी ने छह नामजद सहित15 लोगों के खिलाफ ओरमांझी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अब्दुल कुद्दूस अंसारी रविवार की रात अपने घर के अंदर बैठे हुए थे. इसी दौरान कुटे निवासी इसराफिल अंसारी, एजाज अंसारी, एनामुल अंसारी,चकला निवासी चिराग अंसारी,नेयाज अंसारी,मिन्हाज अंसारी व अन्य 10 से 15 की संख्या में लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर अचानक आ धमके और अंदर घुस गए. इस के बाद गाली-गलौज करते हुए उनके पुत्र,बहु व छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियों पर लाठी-डंडे, राड, हाकी स्टिक और अन्य धारदार हथियार से हमला करने लगे. हल्ला सुनकर गांव वाले जमा हो गए और हमलावरों से किसी तरह बचाया.अपने आप को गांव वालों से घिरता देख सभी हमलावर वहां से भागने में सफल रहे. हमले में मुनिस अख्तर के सिर में गंभीर चोटें आई है और उसके दोनों हाथ भी टूट गए हैं. हमलावर जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी देते हुए गए हैं. इधर,पुलिस ने फौरी तौर पर कार्रवाई करते हुए नामजद तीन आरोपियों मिन्हाज अंसारी,एनामुल अंसारी और एजाज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है. पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है.

**खास बातें**
- छह नामजद सहित 15 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज
- पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

---

12 अप्रैल को शुभम संदेश ने घटिया सड़क निर्माण की खबर की थी प्रकाशित

# चीफ इंजीनियर की फटकार के बाद दोबारा काम हुआ चालू

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

**सतीश गोस्वामी। गोमो**



धनबाद जिला के तोपचांची प्रखंड अंतर्गत चिरुडीह मोड़ से भिखनीडीह गांव तक ग्रमीण विकास विभाग द्वारा अलकतरायुक्त घटिया सड़क (एक हिस्सा करीब 1500 मीटर) बनाने का मामला काफी तूल पकड़ा था. इसे लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त था. शुभम संदेश ने घटिया सड़क निर्माण की खबर 12 अप्रैल को प्रमुखता से प्रकाशित की थी. अब इस मामले में दोबारा सड़क बनाने का काम सोमवार को चालू हो गया है.

गौरतलब हो कि सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितताएं बरतने की शिकायत के बाद 11 अप्रैल को अभियंताओं की एक टीम ने सड़क गुणवत्ता की जांच की थी. विभाग के वरीय अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट सौंपी थी. जानकारी के अनुसार, विभागीय अभियंताओं की जांच रिपोर्ट एवं ग्रामीणों के शिकायत पत्र के आलोक में झारखंड के मुख्य अभियंता इंजीनियर आरके प्रसाद ने कार्य में अनियमितता बरते जाने को लेकर संवेदक को फटकार लगायी थी. साथ ही अविलंब सड़क को दोबारा बनाने का निर्देश दिया था. इसके बाद धनबाद के विभागीय अभियंता और संवेदक हरकत में आए.

**खास बातें**
- ग्रामीणों के विरोध के बाद भी बनायी गयी थी घटिया सड़क
- संवेदक को दोबारा सड़क बनाने का दिया गया निर्देश

सोमवार को कनीय अभियंता वरुण कुमार की देखरेख में ठेकेदार द्वारा दोबारा सड़क बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया. ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार आरएन सिंह द्वारा सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गयी थी. सड़क बनने के साथ ही गिट्टी उखड़ने लगी और सड़क धंसने लगी थी. स्थानीय ग्रामीणों के विरोध करने के बावजूद भी सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया था. ग्रामीणों के शिकायत आवेदन पत्र के आलोक पर विभाग के द्वारा संज्ञान में लिए जाने एवं अविलंब कार्रवाई के आदेश दिए जाने पर ग्रामीणों ने वरीय अधिकारियों को धन्यवाद दिया है.

**ग्रामीणों ने डीसी व मुख्य अभियंता से की थी शिकायत**

ग्रामीणों ने बताया कि 20 अप्रैल को उपायुक्त, कार्यपालक अभियंता, धनबाद एवं मुख्य अभियंता, रांची को हस्ताक्षर युक्त शिकायत आवेदन दिये थे. संयोग से 20 अप्रैल को मुख्य अभियंता आरके प्रसाद तोपचांची दौरे पर थे. उन्होंने मामले पर तत्काल संज्ञान लिया और धनबाद के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार को फटकार लगाते हुए अविलंब सड़क को दुरुस्त करने के लिए दिशा-निर्देश दिए थे. इसके बाद विभाग में खलबली मच गयी थी. विभाग द्वारा ठेकेदार को अविलंब सड़क निर्माण कार्य शुरू करने कहा गया था.

### मुरी में हाजी दिलकांश रांचवी का हुआ स्वागत



**सिल्ली/मुरी।** शायरे हिंदुस्तान हाजी दिलकांश रांचवी उमरा कर वापस आने पर मुरी स्टेशन पर उनका भव्य स्वागत किया गया. इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, मोहम्मद फारूक, हाजी मौलाना, नासिर अली फैजी, कलुवाडीह के इमाम, कारी तयेब, मंजूर आलम, शाहिद, हमीद रजा, जमील अंसारी, अब्दुल जब्बर, मोहम्मद तैयब, कुटाम के इमाम शहबाज रजा कादरी, मुख्तार आलम, सरवर रांचवी, मोहम्मद जमीर हुसैन समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे.

### कांके हुंदूर में शिव मंडा पूजा का जागरण आज

**कांके।** पिठौरिया थाना क्षेत्र हुंदूर गांव का शिव मंडा पूजा मंगलवार शाम को किया जायेगा. जिसमे भोक्ता दहकते अंगारों पर नंगे पैर चलेंगे ओर फूल शिवभक्तों के ऊपर बरसाएंगे . वहीं रात भर भक्ति भजन जागरण का आयोजन किया गया है. शिव मंडा पूजा का डागर 17 अप्रैल से ही प्रारंभ हो गया था. जिसमें 200 से अधिक भोक्ता एवं सोक्ताइन माताओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना कर रही है. मंगलवार को फूल कुंदी के बाद भजन जागरण होगा. दूसरे दिन बुधवार 24 अप्रैल को सुबह झूलन वा मेला के साथ पूजा समापन किया जायेगा.

---

# राज मिस्त्री की हत्या मामले में दो नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

**संवाददाता। रांची**

राजमिस्त्री की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. यह घटना जिला के बेड़ो थाना क्षेत्र के ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ स्थित टावर के पास के हुई. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. जिनमें पंचम उरांव, शंकर उरॉव, महावीर उरांव शामिल है. इस घटना में शामिल दो किशोरों को भी पकड़ा है. ग्रामीण एसपी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी.

**क्या है मामला :** यह घटना शनिवार देर रात की है. मृतक 25 वर्षीय राजमिस्त्री सरवर अंसारी करांजी गांव का निवासी था. बताया जाता है कि शनिवार की शाम सरवर अपने साथ काम कर रही रेजा बिरसमुनि उराइन चरिमा गांव निवासी को उसके घर पैसा पहुंचाने गया था. इसी बीच ग्रामीणों ने दोनों को एक जगह देखा, इसके बाद ग्रामीणों से उसकी बकझक होने लगी. रेजा बिरसमुनि उराइन ने ग्रामीणों से कहा कि वह मुझे पैसा देने आया है. इसके बावजूद ग्रामीणों ने लाठी डंडे से पीटकर उसकी हत्या कर दी. वहीं शव को ईंटाचिल्द्री खिरदा मोड़ स्थित टावर के पास फेंक दिया. छापामारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो, अखिल नितिश कुजूर, पुलिस अवर निरीक्षक नकुल साह, थाना प्रभारी बेड़ो, देव प्रताप प्रधान थाना प्रभारी नरकोपी संतोष यादव ,थाना प्रभारी लापुंग अभिषेक राय, थाना प्रभारी नगड़ी अभिषेक कुमार ,थाना प्रभारी ईटकी नन्दु पैड़ा बेड़ो थाना अनिल टोप्पो बेड़ो थाना व सशस्त्र बल शामिल थे.

---

सेल की जीतपुर कोलियरी में पानी का रिसाव होने से मजदूरों में हड़कंप

# 200 मजदूरों को खदान से बाहर निकाला गया

**संवाददाता। झरिया**



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) की जीतपुर कोलियरी की एकमात्र भूमिगत खदान में सोमवार की शाम अचानक पानी का रिसाव बढ़ने से कर्मियों में हड़कंप मच गया. सूचना मिलने के बाद खदान के अंदर कार्यरत कंपनी के लगभग 200 कर्मियों व ठेका मजदूरों को आनन-फानन में खदान से बाहर निकाला गया. हालांकि, इस संबंध में कोलियरी के अधिकारी कुछ भी कहने से परहेज कर रहे हैं. इस बीच उप महाप्रबंधक मनीष कुमार ने खदान को पूरी तरह सुरक्षित होने का दावा करते हुए उत्पादन को सामान्य बताया है. मालूम हो कि टाटा स्टील की कोलियरी की 6/7 नंबर खदान व जीतपुर कोलियरी की खदान का बैरियर एक ही है. पिछले एक वर्ष से जीतपुर की खदान बंद थी. खदान चालू होने के बाद उसमें ठेका स्तर से रोजाना 300 टन कोयला उत्पादन हो रहा है. वहीं, कंपनी की ओर से सुरक्षा व मेंटेनेंस का काम भी किया जा रहा है. इस दौरान जीतपुर खदान में पिछले तीन दिनों से पानी का रिसाव हो रहा था. सुरक्षा को लेकर यूनियन नेताओं की मांग पर उपमहाप्रबंधक मनीष कुमार ने यूनियन प्रतिनिधियों के साथ वार्ता भी की. वार्ता में यूनियन नेताओं ने जल रिसाव से प्रबंधन को अवगत कराते हुए खदान व कर्मियों की सुरक्षा को लेकर तुरंत पहल करने की मांग की. इस पर प्रबंधन ने कनीय अधिकारियों सहित कर्मियों को कार्य के दौरान एहतियात बरतने का निर्देश दिया. सोमवार को खदान के 14 नंबर सिम में द्वितीय पाली में जब कर्मी उत्पादन कार्य में लगे थे, तभी खदान में जल रिसाव बढ़ता देख कर्मियों में हड़कंप मच गया. मामले की जानकारी अधिकारियों को दी गई. सुरक्षा को ध्यान में रख प्रबंधन ने तत्काल कर्मियों को खदान से बाहर निकाला. जल रिसाव की सूचना प्रबंधन ने डीजीएमएस व सिम्फ़र को देकर सुरक्षा को लेकर एहतियाती कदम उठाने को कहा है.

---

**आयोजन**

उषा मार्टिन ने महिलौंग मध्य विद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस

# सामूहिक प्रयास से बचेगी पृथ्वी: डॉ मयंक मुरारी

**संवाददाता। नामकुम**



समाज के सामूहिक प्रयास से ही पृथ्वी को बचाया जा सकेगा. इसके लिए हरेक व्यक्ति, परिवार और समूह को अपनी जवाबदेही तय करनी होगी, ताकि पृथ्वी को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों से बचाया जा सके. उक्त बातें उषा मार्टिन फॉउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने कहीं. वह सोमवार को महिलौंग मध्य विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर बोल रहे थे. यह कार्यक्रम उषा मार्टिन फॉउंडेशन और पर्यावरण विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया था. इस अवसर पर सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे. गांव के स्तर पर बच्चों को जागरूक कर परिवार को इन प्रयासों से जोड़ा जा सकता है. ईएसजी की मैनेजर स्नेहा ने कहा कि जल, वायु और विद्युत संरक्षण से ही हम पृथ्वी की सुरक्षा कर सकेंगे. महिलौंग मध्य विद्यालय की प्राचार्या हेमलता कुमारी ने कहा कि उषा मार्टिन अपने सीएसआर के तहत विकास एवं पर्यावरण के दिशा में कई पहल किया है. इससे गांव के स्तर पर लोगों की जागरूकता बढ़ी है. उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम कर ही पृथ्वी को बचाना संभव होगा.

कार्यक्रम में बच्चों के मध्यम भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया. भाषण प्रतियोगता में माधुरी को पहला, रबीना को दूसरा एवं सुहानी को तीसरा स्थान तथा पेंटिंग में श्रीद्धि और रूचिका को पहला, शिवम कुमार को दूसरा एवं हरीश को तीसरा स्थान मिला. सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में मंच संचालन शचींद्र कुमार ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यावरण विभाग के पवन कुमार, वरूण कुमार एवं भुवनेश्वर महतो ने अहम योगदान किया. इस अवसर पर विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं.

**खास बातें**
- पृथ्वी को बचाने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे : बागची
- स्कूली बच्चों के बीच विविध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

---

## न्यूज अपडेट

### विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कई गांवों में की बैठक



**लापुंग।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को लापुंग प्रखंड के लतरातु पंचायत के बलांदु लतरातु एवं नावाटोली सहित विभिन्न गांवो का दौरा कर बैठक किया. भ्रमण के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों से मुलाक़ात कर उनका हाल चाल लिया. गांव के अखरा में उनके साथ बैठक किया. बैठक के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड सरकार की अत्यंत लाभकारी और महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी. उन्होंने यह भी कहा आगामी लोकसभा चुनाव के कारण चुनाव आचार संहिता लग गया है जिससे विकास की अनेक योजनाओं और कार्यो पर कुछ असर पड़ा है. इस मौक़े पर लतरातु पंचायत की मुखिया अलका तिर्की, देवगांव पंचायत के पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, पंचायत अध्यक्ष एतवा उरांव एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद थे.

### शिविर में लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया



**पिपरवार।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित किए जाने को लेकर पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में टंडवा प्रखंड द्वारा मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया . शिविर की अध्यक्षता बचारा दक्षिणी पंचायत मुखिया रीना देवी ने किया. शिविर में वंचित मतदाताओं के नाम जोड़े जाने, शुद्धिकरण सहितअपने मतदान का उपयोग करने को लेकर प्रेरित किया गया. मतदाता जागरूकता शिविर में मुख्य रूप से पिपरवार कार्मिक व प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपाल, मुखिया रीना देवी, सुपरवाईजर अजमेरी खातुन, पंचायत सेवक मो. इमरान, बीएलओ गीता देवी, बालकुमारी, आशा देवी, डॉली देवी, संगीता देवी, कलावती देवी आदि शामिल थे.

### अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**बुढ़मू।** श्री महाबीर मंडल काटमकुली एवं बरौदी के तत्वाधान में सोमवार को अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उदघाटन आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हकीम अंसारी,कांग्रेस के वरीय नेता सुरेश बैठा व आजसू के कांके प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव ने किया. मौके पर हकीम अंसारी ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर हमसभी एक सशक्त समाज बना सकते हैं. साथ ही उन्होंने कहा कि हमें सभी धर्मों व त्योहारों को मिलजुलकर मनाने की जरूरत है. कार्यक्रम में कांके, बुढ़मू, मांडर, रातू, लोहरदगा, चतरा, लातेहार,खूंटी के दर्जनों अखाड़ेधारी शामिल हुए. अखाड़ेधारियों ने देर रात तक अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया. आयोजन कमेटी द्वारा सभी अखाड़ेधारियों को पुरस्कृत भी किया गया. कार्यक्रम के आयोजन में मोतीराम महतो,मोतीलाल महतो,रामप्रसाद महतो,बलराम महतो,प्रेम महतो,विकास मुंडा आदि की सराहनीय भूमिका रही.

### आरटीसी इंस्टीट्यूट में पृथ्वी दिवस का आयोजन



**ओरमांझी।** आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. रूपम शर्मा द्वारा ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया. व्याख्यान में विद्यार्थियों को पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी. इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने पर्यावरण की सुरक्षा एवं प्रदूषण रोकने के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी के बिगड़ते स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए हम सभी सचेत हो और उन बातों पर ख्याल रखें जिससे पृथ्वी की सेहत बेहतर रहे इसी उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें छात्र वैज्ञानिकों के पर्यावरण के मानव स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभाव के बारे में विचार सुन सके.कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रूपम शर्मा ने की. मौके पर मुख्य रूप से किरण कुमारी, बबीता कुमारी एवं सरिता कुमारी एवं सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ व छात्र छात्राएं उपस्थित थे.

### भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने भरा नामांकन



**रांची/चाईबासा।** सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया. उन्होंने दो सेट में पर्चा भरा. नामांकन करने से पहले गीता कोड़ा गितिलिपि के देसाउली मंदिर पहुंची. यहां मत्था टेक कर पूजा-अर्चना की. इसके बाद वह गांधी मैदान पहुंचीं. वहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे थे. यहीं से जुलूस की शक्ल में भाजपा नेता और कार्यकर्ता साढ़े तीन किलोमीटर की दूरी तय कर खूंटकटी मैदान पहुंचे. इसके बाद भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ जिला निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय पहुंची और दोपहर 1: 40 बजे नामांकन दाखिल किया. मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद, लोकसभा संयोजक गीता बलमुचू और गीता कोड़ा के वकील अंकुर राय चौधरी भी मौजूद थे. नामांकन के बाद गीता कोड़ा ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि जोबा मांझी चुनाव लड़ें या मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता.

# लापुंग के बोकरन्दा गांव में तीन दिवसीय शिवमंडा शुरू

**संवाददाता। लापुंग**



लापुंग प्रखंड के बोकरन्दा में तीन दिवसीय शिव मंडा पुजा कार्यक्रम का लोटन सेवा के साथ शुभारंभ किया गया. भोक्ताओं के दल ने पवित्र स्नान कर शिव मंदिर के चारों ओर लोटन सेवा कर मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की. पटभोक्ता रामजीत राम और विजय सिंह के नेतृत्व में सत्येंद्र नाथ शाह, अनूप राम, सुरेश बैठा, सुरेश नायक, धाधु मुंडा, गंदुरा मुंडा, धर्म नायक, जोगेंद्र नायक सहित 20 भोक्ताओं के दल ने शिव के प्रति अपनी अटूट विश्वास आस्था एवं श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया. भोक्ता विजय सिंह ने बताया कि पाट को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पुरना टोली, बरटोली, खरवाटोली, बडकाकुरा गांव में ले जाकर नगर भ्रमण किया गया. पाट का दर्शन कर लोग अभिभूत हुए. इस मौके पर शिव मंडा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र नाथ शाह, सचिव अशोक नाथ शाह, कोषाध्यक्ष संदीप साहु, पंकज साहु, रंथु नायक विजय साहु , फिरेंद्र साहु अजय राम सहित कई लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** व्यापार भाव मे चंद्र है. धन का आगमन होगा. व्यापार के लिए स्थिति सामान्य रहेगी. जीवनसाथी से विवाद हो सकता है. रिश्तों में मधुरता आएगी. जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा. भगवान शिव का पूजन करें.

**वृषभ** अनिद्रा की शिकायत हो सकती है. साथ ही मौसमी रोग से बचें. आमोद-प्रमोद का अवसर प्राप्त होगा. भागदौड़ रहेगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. चींटी को चीनी सफेद तिल और चावल मिला कर दे.

**मिथुन** प्रयास अच्छा से किया जाए तो शिक्षा में विशेष लाभ होगा. आपके प्रयास से रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. रिश्तों में मधुरता आएगी. भागदौड़ रहेगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी.

**कर्क** किसी से विवाद हो सकता है. पर धन की स्थिति सुखद रहेगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी. भागदौड़ की स्थिति सुखद रहेगी. पर गुरु भाग्य का साथ देगा. गुरु गायत्री का जाप करें.

**सिंह** भाई के सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा. यदि हो सके तो आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं. कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा प्रभावित हो. किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा. किसी गरीब को अन्न का दान करें.

**कन्या** आय के लिये पूर्व में किया गया प्रयास रंग लाएगा. पर खर्च पर नियंत्रण करें. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. शासन सत्ता का सहयोग रहेगा. कुत्ता को भोजन दें.

**तुला** कुछ तनाव को छोड़ दिया जाय तो मानसिक और शारीरिक सुख मिलेगा. जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी. संबंधों में निकटता आएगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी, लेकिन जीवनसाथी से तनाव मिल सकता है.

**वृश्चिक** आय और धन वृद्धि होगी. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. अन्न का दान आउट गायत्री मंत्र का जाप करें.

**धनु** समय बहुत ही अनुकूल है. आय का नया मार्ग मिलेगा. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आपके मेहनत और ईमानदारी से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा.

**मकर** पिता से लाभ होगा. कोई रुका हुआ सरकारी कार्य मे वृद्धि होगी. साथ ही उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. रिश्तों में मजबूती आएगी. दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा. पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. काला कपड़ा और जूता किसी गरीब को दें.

**कुंभ** भाग्य का साथ मिलेगा. आलस का त्याग करें. शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे. सुखद समाचार मिलेगा. व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. किसी वृद्ध की सेवा से बिगड़ा कार्य बनेगा.

**मीन** कुछ मानसिक तनाव हो सकता है. बेकार के बहस से बचें. मित्र से सहयोग होगा. आपके अथक प्रयास से अपनों से रिश्तों में मधुरता आएगी. राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी. स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें.

### मारपीट कर जख्मी करने की आरोपी को कैद

**गोड्डा।** जान मारने की नियत से मारपीट कर जख्मी कर देने के मामले में कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाया. गोड्डा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य की अदालत ने मामले में लोहिया नगर निवासी आरोपी महिला खुशबू देवी को चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई. साथ ही पांच हजार का जुर्माना भी लगाया. घटना वर्ष 2018 को हुई थी. इस संबंध में नगर थाना में महिला के खिलाफ कांड संख्या 01/18 दर्ज किया गया था. प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित किए जाने के बाद मामले की सुनवाई हुई. लोक अभियोजक ने गवाहों का बयान दर्ज कराया. दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने खुशबू देवी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई. सरकार की ओर से पीपी बशीर अहमद ने पक्ष रखा.

### अश्लील वीडियो वायरल मामले में जेल

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र के एक विवाहिता महिला का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपित को राधानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. मामले को लेकर विवाहिता महिला ने राधानगर थाना में एक युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी. पीड़ित महिला के बयान पर थाना कांड संख्या 60/24 के तहत दक्षिण बेगमगंज के फुटानी बाजार के लक्ष्मण मंडल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. राधानगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर उसे सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है.

### बोकारो :उत्पाद विभाग ने मारा छापा

**बोकारो।** उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त के नेतृत्व में सोमवार को छापा मारा गया. गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग के सदर निरीक्षक के साथ गठित टीम एवं प्रतिनियुक्त गृहरक्षकों ने चतरोचट्टी थाना अन्तर्गत चिंद्री गांव में जागो साव, छोटन साव व राजेंद्र साव के घर पर छापा मारा. विधिवत तलाशी के क्रम में घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब, खाली बोतल, लेबल एवं ढक्कन बरामद हुआ. इस दौरान संबंधित अभियुक्तों जागो, छोटन व राजेंद्र के विरुद्ध केस दर्ज किया गया.

धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के पैतृक गांव बाघमारा के चिटाही पहुंच कर सरयू राय ने ललकारा, कहा

# अब ढुल्लू महतो के भ्रष्टाचार और आतंक को समाप्त करके दम लूंगा

संवाददाता। बरोरा (कतरास)

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है. सोमवार को सरयू राय ने बाघमारा में ढुल्लू के पैतृक गांव चिटाही पहुंच कर ललकारा. कहा-अब ढुल्लू महतो के भ्रष्टाचार और आतंक को मैं समाप्त करके ही दम लूंगा. बाघमारा के विभिन्न गांवों में पहुंच कर ढुल्लू महतो के कथित यातनाओं से परेशान लोगों से मुलाकात कर न्याय दिलाने का भरोसा दिया. राय ढुल्लू के पैतृक गांव चिटाही पहुंचे. वहां अशोक महतो के घर पहुंच कर रामराज मंदिर की विवादित जमीन की जानकारी ली. पूरे परिवार को निर्भीक रहने को कहा. इससे पूर्व रैयतों के साथ सरयू राय ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू के कथित कब्जे वाली सरकारी व आदिवासी रैयतों की जमीन बेहराकुदर दरिदा ,सिंदवारटांड़ में बनी बड़ी बड़ी चहारदीवारी का अवलोकन किया. रैयतों ने अपनी जमीन के दस्तावेज दिखाकर राय को ढुल्लू के आतंक की जानकारी दी.



**बोले सरयू**

- अशोक से मिलकर मंदिर की विवादित जमीन की जानकारी ली
- ढुल्लू की कथित कब्जे वाली जमीन का भी अवलोकन किया

### भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी

सरयू राय कांग्रेस नेता अमित महतो के मुराईडीह बस्ती स्थित आवास पहुंचे. पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी. चाहे वह मेरे प्रिय मित्र लालू यादव हों या ढुल्लू महतो, भाजपा से अलग रहने के बाद भी मेरी विचारधारा आज भी वही है. जनसंघ के नेताओं द्वारा कहा गया था कि पार्टी में प्रत्याशी चुनने में अगर भूल हो जाती है, तो पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक उसमें सुधार लाने का प्रयास कर सकते हैं. उसी विचारधारा के तहत आज हम भाजपा द्वारा चुने गए गलत उम्मीदवार ढुल्लू महतो का विरोध कर रहे हैं. अब ढुल्लू महतो के भ्रष्टाचार व आतंक को मैं समाप्त करके ही दम लूंगा.

### दर्जनों रैयतों ने शिकायत पत्र सौंपा

दर्जनों रैयतों ने सामूहिक हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र सरयू राय को सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई. राय ने रैयतों को भरोसा दिलाया कि वे उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी कोशिश करेंगे. किसी भी कीमत पर अब पीछे नहीं हटेंगे. बेहराकुदर में आंसू सिंह के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं व रैयतों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया. मौके पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष उदय सिंह पूर्व वियाडा अध्यक्ष विजय झा ,गौतम मंडल, रविन्द्र पांडेय ,बलराम,राजेश राम, महतो, अमित महतो, धनेश्वर महतो, मधुसूदन महतो, परवेज आलम, मंजूर अंसारी, सईद अंसारी, कलावती देवी, नंदलाला मांझी सहित अन्य रैयत उपस्थित थे.

ईचागढ़ विस क्षेत्र के टीकर में यशस्विनी ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

# जनता अब मोदी के जुमलों से छुटकारा चाहती है: सहाय

संवाददाता। चांडिल

रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय टिकट मिलने के बाद सोमवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंची. कांग्रेस पार्टी ने रविवार को ही रांची संसदीय क्षेत्र के लिए उनके नाम की घोषणा उम्मीदवार के रूप में किया था. रांची सीट से उम्मीदवार घोषित होने के दूसरे दिन ही उन्होंने अपने पिता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय के साथ ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया. इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर अपनी भावी योजनाओं के बारे में बताया कि समर्थन मांगा. लोगों से मिलने के दौरान उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगार युवाओं की समस्या, महिलाओं के साथ हो रही अन्याय, अत्याचार और कमर तोड़ महंगाई जैसे मुद्दों पर अपनी बातों को रखा.

इससे पहले इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को दिऊड़ी मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना किया. पूजा करने के बाद अपना प्रचार अभियान शुरू किया. सबसे पहले ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के टीकर पहुंची. टीकर में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने के बाद चुनाव-प्रचार अभियान का श्रीगणेश किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले दस साल से देश की जनता मोदी सरकार का दंश झेल रही है. अब आम जनता मोदी के जुमलों से छुटकारा पाना चाहती है. कांग्रेस की सरकारों ने जनता के लिए जो सुविधाएं दी है, उनका एक प्रतिशत भी मोदी सरकार नहीं दे सकी है. मोदी सरकार सिर्फ प्रचार करने में ही कांग्रेस की सरकार से आगे है. उन्होंने टीकर में लोगों से मिलने और चर्चा करने के बाद चिपड़ी में ग्रामीणों से बात की. इस दौरान चिपड़ी में महिलाओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया. यशस्विनी ने मिलन चौक में भी प्रचार अभियान चलाया. इस दौरान उनके पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी साथ थे.



**यशस्विनी सहाय**

- यशस्विनी ने ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा
- यशस्विनी ने दिऊड़ी मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की
- मोदी सरकार सिर्फ प्रचार करने में ही कांग्रेस से आगे है



### पिता सुबोधकांत सहाय की विरासत संभालेगी अब यशस्विनी

रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के युवा व महिला उम्मीदवार यशस्विनी सहाय अपने पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का विरासत को संभालने मैदान में उतरी है. कांग्रेस ने युवा व महिला उम्मीदवार देकर युवा व महिलाओं को साधने का प्रयास किया है. बता दें कि यशस्विनी सहाय ने ट्रांसनेशनल क्राइम एंड जस्टिस, टुरिन, इटली से लॉ में मास्टर डिग्री प्राप्त किया है. रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी के रूप में पहले सुबोधकांत सहाय, रामटहल चौधरी और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के नाम की चर्चा चल रही थी. यशस्विनी का चुनावी मैदान में भाजपा के दिग्गज नेता व निवर्तमान सांसद संजय सेठ से सामना होगा. सुबोधकांत सहाय रांची से तीन बार सांसद निर्वाचित हो चुके है और केंद्र में मंत्री भी रह चुके हैं.

## चार प्रत्याशियों ने भरा अपना नामांकन परचा

संवाददाता। गुमला

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में 13 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव के लिए सोमवार को चार अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. जिन अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. उनमें सीपीआई से महेन्द्र उरांव, भागीदारी पार्टी से मनी मुंडा, स्वतंत्र अभ्यर्थी स्टेफन मिंज और पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया से बिहारी भगत के नाम शामिल हैं. अभ्यर्थियों ने अपने प्रस्ताव व समर्थकों के साथ निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त कर्ण सत्यर्थी के समक्ष अपना परचा दाखिल किया. वहीं बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा सहित तीन अभ्यर्थियों ने सोमवार को नामांकन पत्रों की खरीद की. सोमवार को जिन लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं, उनमें चमरा लिंडा, एतवा उरांव और रंजीत भगत के नाम शामिल हैं.



### पलामू में एक नामांकन दो नामांकन पत्र बिका

पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के चौथे दिन लोकहित अधिकार पार्टी के बिगन राम द्वारा नामांकन किया गया. सोमवार को कामेश्वर बैठा और ब्रजेश कुमार तुरी ने नामांकन पत्र खरीदा. अब तक नौ नामांकन पत्र बिके हैं.

## भाजपा प्रत्याशी ने मांगा मतदाताओं से समर्थन

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने सोमवार को पाटन प्रखंड के गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार भी उनके साथ थे. भाजपा प्रत्याशी विधायक व उनके समर्थकों ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताते हुए मतदाताओं से अपने लिए समर्थन मांगा. भाजपा प्रत्याशी के कार्यों से कई गांव में संतुष्ट दिख रहे मतदाताओं ने उनका भव्य स्वागत किया. कई गांव में ग्रामीणों ने संसद व विधायक के पहुंचते ही जय भाजपा विजय भाजपा तय भाजपा, अबकी बार मोदी सरकार 400 पार का नारा के साथ ही नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बीजेपी जिंदाबाद, विष्णु दयाल राम जिंदाबाद आदि के भी नारे लगा रहे थे. भाजपा प्रत्याशी विष्णुदयाल राम, विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कई गांव में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की.



## धरती को बचाने के लिए हरियाली है बहुत ही जरूरी : किशोर मंत्री



संवाददाता। रांची

झारखंड चैंबर की स्वच्छ भारत और पौधरोपण उप समिति की बैठक चैंबर भवन में उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई. विश्व धरती दिवस के मौके पर कहा गया कि यह धरती माता हम सब की पोशाक है. हम सबको इसकी रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए. पर्यावरण प्रदूषण और वृक्षों के कटने के कारण धरती लगातार गर्म होती जा रही है. यही वजह है कि हमेशा प्राकृतिक आपदा आती रहती है. कभी बाढ़ सूखा गर्मी का बढ़ना तूफान भूकंप इसका प्रमुख कारण है. लोगों की जान माल की क्षति हो रही है. धरती का शोषण दोहन अत्याचार करना बंद करना होगा, तभी सभी धरती पर सुरक्षित रह सकते हैं. हम सभी धरती के पुत्र समान हैं. तभी हम इसे धरती माता कहते हैं और प्रणाम करते हैं. धरती माता लोगों के सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करती है. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन गई है. इससे बचने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में पौधरोपण करना चाहिए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके. पौधरोपण द्वारा ही पर्यावरण की रक्षा संभव है.

भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रांची में हुई उलगुलान रैली पर झामुमो को घेरा

## सीएम को उचित सम्मान नहीं मिला : शाहदेव

संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को रांची में हुए इंडी गठबंधन के उलगुलान रैली को परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया बताया. कहा कि पूरे रैली के दौरान कल्पना सोरेन को केंद्र में रखकर अगले नेता के रूप में प्रोजेक्ट करने की कोशिश की गई. कल्पना सोरेन बिल्कुल केंद्र में बैठी रहीं, जबकि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को मंच पर उनके पद के हिसाब से उचित स्थान नहीं मिला. जब मुख्यमंत्री को बोलने का मौका दिया गया तो न ही उनके समर्थन में नारे लगे और न ही सभा स्थल पर भीड़ बची. उनका भाषण शुरू होने के वक्त मंच से कई बड़े नेता उतर कर चले गए. यह एक आदिवासी मुख्यमंत्री का अपमान है. प्रतुल शाहदेव रांची में भाजपा के मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे. प्रतुल ने कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए की 1975 में आपातकाल क्यों लगाया गया. 1976 में 42वें संशोधन के जरिए संविधान के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश क्यों की गई. 42वें संशोधन के जरिए हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और राज्यों की शक्तियों को भी छीन कर पीएमओ को दे दिया गया था.

इस पर विचार करना चाहिए. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने की बात कहने वाले लोगों की रैली में कल सहयोगी दल के सैकड़ों समर्थकों के बीच में खूनी संघर्ष हुआ. दर्जनों के सिर फट गए. कई को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था. अब निराश और हताश झामुमो और कांग्रेस भाजपा पर हंगामा का आरोप लगा रही है, जबकि वीडियो फुटेज से स्पष्ट है कि कांग्रेस और राजद के नेता और कार्यकर्ता एक दूसरे को पीट रहे थे. प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में रैली के एक दिन पहले बसंत सोरेन निरीक्षण करते नजर आए थे, लेकिन रैली के दिन गायब रहे. मीडिया में यह खबरें फैली कि इस रैली से सिर्फ कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट करना था. सोरेन परिवार के किसी दूसरे सदस्य को नहीं बोलने देना था. शायद इसी कारण से वह नहीं आए और झामुमो इस मुद्दे पर झूठ बोलती नजर आई. इतना ही नहीं रैली में शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन जिंदाबाद के नारे लगे, लेकिन झामुमो के संस्थापकों में शुमार स्व विनोद बिहारी महतो, स्व निर्मल महतो और स्व दुर्गा सोरेन को पार्टी में पूरी तरह भूला दिया गया.



**संवाद** महागठबंधन की चाईबासा प्रत्याशी जोबा मांझी के नामांकन की तैयारी कर रणनीति बनाई

# झारखंड में इस बार महागठबंधन की लहर है : चंपाई सोरेन

संवाददाता। आदित्यपुर

मुख्यमंत्री चंपाई सोमवार को आदित्यपुर पहुंचे. उन्होंने होटल नोवांता में कार्यकर्ताओं संग संवाद किया. महागठबंधन की चाईबासा प्रत्याशी जोबा मांझी के नामांकन की तैयारी की रणनीति बनाई. मौके पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार झारखंड में महागठबंधन की लहर है. सभी सीटों पर उनके प्रत्याशी विजयी होंगे. उन्होंने कहा कि सारी सीटों पर सोच समझकर प्रत्याशी उतारे जा रहे हैं. जिसमें थोड़ी देर हो रही है. लेकिन महागठबंधन का प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे. वे होटल नोवांता से शाम चार बजे अपने आवास झिलिंगगोड़ा के लिए निकले. जहां रात्रि विश्राम करेंगे और सुबह 10 बजे कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे.




**हम तैयार**

- सभी सीटों पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विजयी होंगे
- सारी सीटों पर सोच-विचार कर प्रत्याशी उतारे जा रहे हैं

### उलगुलान महारैली पूरी तरह सफल : सुप्रियो भट्टाचार्य

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता किया. सुप्रियो ने कहा कि धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में रविवार को आयोजित उलगुलान महारैली पूरी तरह से सफल हुई है. उन्होंने इसके लिए इडिया गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने महारैली की सफलता पर जनता को धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि उलगुलान महारैली में जनता का महाजुटान से यह साफ हुआ है कि अब देश में परिवर्तन की लकीर खिंचनी शुरू हो गई है. लोग परिवर्तन चाहते हैं. बीजेपी राज से जनता मुक्ति चाहते हैं. उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड की जनता क्या चाहती है. हमलोगों ने महसूस किया कि जन नेता हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों के अंदर आक्रोश है. भाजपा को समझ लेना चाहिए की जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए. मारपीट की जो घटना हुई वह अप्रत्याशित थी. हमें लगता है कि भाजपा की ओर से प्रायोजित किया गया था. भाजपा हताश व निराश होकर ऐसे कार्य को अंजाम देती है. मारपीट की घटना टार्गेटेड थी, जो भाजपा का कर्मकांड है. बता दें कि झामुमो के नेतृत्व में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम की जिम्मेदारी झामुमो की थी. किंतु गठबंधन के इतने बड़े कार्यक्रम में गिरिडीह विधायक सुदिव्य सोनू और बसंत सोरेन शरीक नहीं हो पाये थे.



अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा

## पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

संवाददाता। साहिबगंज

साहिबगंज पुलिस ने सोमवार को अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है. सरगना अर्जुन सिंह उर्फ देवा सिंह को गिरफ्तार कर लिया. गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ के निर्देशानुसार राजमहल पुलिस ने थाना क्षेत्र के मंगलहाट में चोरी की बाइक बिक्री करने पहुंचे अर्जुन सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. उसकी बाइक की जांच की गयी तो कोई कागजात नहीं थे. इसकी जानकारी एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने दी. एसडीपीओ ने कहा कि गिरफ्तार किए गए अर्जुन सिंह झारखंड एवं बिहार में अंतर्राज्यीय गिरोह संचालित करता है. गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर राजमहल पुलिस की छापेमारी दल ने गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर शेख अंसारी नामक व्यक्ति को कसवा दुधिचक से गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी गुलाम सरवर के बयान पर मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस ने बिना कागजात की तीन बाइक तीन मोबाइल एवं 14 हजार नकद जब्त किया है. गिरफ्तार अर्जुन सिंह उर्फ देवा सिंह वा शेख अंसारी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. टीम में थाना प्रभारी गुलाम सरवर शामिल थे.

## चुनावी मुद्दे और संविधान

पहले दौर में मत प्रतिशतों की कमी के संकेत चाहे जो भी हों, एक बात तो तय है कि इस बार के चुनाव में अब तक न तो कोई लहर है और न ही किसी भावनात्मक मुद्दा का प्रभाव दिख रहा है. तो क्या माना जाए कि जीवन से जुड़े वास्तविक मुद्दों का असर बढ़ा है. दरअसल एक दो सर्वेक्षणों ने इस बात का संकेत जरूर दिया है कि बेरोजगारी इस समय देश की सबसे बड़ी समस्या है और दूसरे नंबर पर मंहगाई है. पहले चरण में इन मुद्दों के असर का तत्काल आकलन तो संभव नहीं है, लेकिन वोटरों के एक बड़े तबके में जिस तरह की निराशा और उदासीनता मौजूद है, उसने सभी दलों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार के लिए बाध्य कर दिया है. वैसे तो राजनीतिक दलों के दावे चाहे जिस तरह के हों, इस बार का चुनाव 2014 और 2019 से भिन्न दिख रहा है. प्रधानमंत्री के भाषण में परिवारवाद और कांग्रेस ही निशाने पर हैं और इसके साथ ही विपक्षी दलों को भ्रष्ट बताने का उनका अभियान भी जोरो पर हैं. केरल के अखबार को दिए साक्षात्कार में तो प्रधानमंत्री ने चुनावों में विदेशी ताकतों को भी खींच लिया है. उन्होंने कहा है कि देश की कुछ बड़ी ताकतें विदेशी ताकतों से मिल का उन्हें हराने का प्रयास कर रही हैं. यानी विक्टिम कार्ड उनका पुराना हथियार रहा है और वे उस पर उतर आए हैं. पहले चरण के बाद ध्रुवीकरण की कोशिशें भी भाजपा नेताओं ने तेज कर दी हैं. बावजूद इसके इस बार मतदाताओं का मन पढ़ने में चुनाव विशेषज्ञ और राजनेता दोनों ही कारगर नहीं दिख रहे हैं. कम मतदान के संदेश को किस तरह पढ़ा जाए इसे ले कर मतभिन्नता है. लेकिन इतना तो कहा जा सकता है कि पहले दौर में कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखी है और कोई भी दल ठोस दावा करने की स्थिति में नहीं है. रांची के उलगुलान न्याय रैली में इंडिया गठबंधन के नेताओं का आत्मविश्वास बढा हुआ दिखा. पहले फेज के चुनाव का इसे असर भी माना जा सकता है. इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जिस तरह इलेक्टोरल बांड्स को अब तक का सबसे बडा भ्रष्टाचार और उसमें प्रधानमंत्री की संलिप्तता का सवाल उठाया, उससे जाहिर है कि भ्रष्टाचार के सवाल पर इंडिया गठबंधन भी भाजपा को चक्रब्यूह में फंसाने को तैयार है. इसके साथ ही गठबंधन के नेताओं ने बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी का सवाल प्रमुखता से उठाया. ये मुद्दे इस समय भाजपा के लिए परेशानी के सबब हैं. विपक्षी गठबंधन इंडिया ने संविधान को बदलने के खतरे और लोकतंत्र को कमजोर करने के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया है. संविधान एक बड़ा मुद्दा बन कर उभर रहा है इस बात का संकेत प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के भाषणों से भी मिल रहा है. प्रधानमंत्री ने एक सभा में कहा कि बाबा साहेब निर्मित संविधान को कोई बदल नहीं सकता तो अमित शाह ने यहां तक कह दिया कि संविधान की प्रस्तावना में जिस सेकुलर शब्द का इस्तेमाल किया गया है, उसे भी नहीं बदला जाएगा.

> इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जिस तरह इलेक्टोरल बांड्स को अब तक का सबसे बडा भ्रष्टाचार और उसमें प्रधानमंत्री की संलिप्तता का सवाल उठाया, उससे जाहिर है कि भ्रष्टाचार के सवाल पर इंडिया गठबंधन भी भाजपा को चक्रब्यूह में फंसाने को तैयार है.

### सुभाषित

**तैलाद् रक्षेत् जलाद् रक्षेत् रक्षेत् शिथिल बंधनात् ।**
**मूर्ख हस्ते न दातव्यं एवं वदति पुस्तकम्॥**


एक पुस्तक कहता है कि मेरी तेल से रक्षा करो (तेल पुस्तक में दाग छोड़ देता है), मेरी जल से रक्षा करो (पानी पुस्तक को नष्ट कर देता है), मेरी शिथिल बंधन से रक्षा करो (ठीक से बंधे न होने पर पुस्तक के पृष्ठ बिखर जाते हैं) और मुझे कभी किसी मूर्ख के हाथों में मत सौंपो.

# आज की राजनीति में सच और झूठ

**कहते हैं आदर्श से सावधान रहना. आदर्श के कारण ही आपका जीवन खाली रह गया है. आदर्श के कारण ही आदर्श फल-फूल नहीं पाए. अगर सच में आप चाहते हैं कि आदर्श आपके जीवन को भर दे, तो आदर्शों को बिल्कुल भूल जाएं और जीवन के साक्षी हो जाएं. जैसा है, है. जो है, है. इसमें रत्ती भर फेरबदल करने की आकांक्षा मत पालें? आप हेर-फेर कर कैसे सकते हैं, आज जीवन का यही लक्ष्य हो गया है. भारत सत्य और अहिंसा का देश रहा है.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

देश के प्रधानमंत्री का यह तर्क बहुत अजीब है कि 'सरकार ने काला धन खत्म करने के लिए ही इलेक्टोरल बॉण्ड की परंपरा को लागू किया.' प्रधानमंत्री ने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में ऐसी कई बातें कही हैं, जिनसे देश बेहाल हो चुका है, जनता परेशान हो चुकी है और यहां तक कि जिसे सर्वोच्च अदालत ने भी असंवैधानिक करार दिया है. देश का मीडिया आजतक इस बात के लिए परेशान रहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद दस वर्षों में उन्होंने कोई भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं किया, जबकि अगर साक्षात्कार भी दिया, तो बस ऐसे चुनिंदा संस्थानों को, जिन्हें सरकारी मीडिया की उपाधि दी जाती है. आखिर प्रधानमंत्री क्यों ऐसा कहते हैं कि चुनाव में तो काला धन आता ही है और उद्योगपतियों के साथ आम जनता भी चंदा देने में भागीदारी निभाती है. शायद भाजपा, विशेष रूप से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने ही इसी शर्त पर थे कि उनके सत्ता में आते ही देश की कौन कहे, विदेशी बैंकों से भी काला धन निकालकर ले आया जाएगा, जिसमें से देश के सभी लोगों के बैंक खाते में पंद्रह-पंद्रह लाख रुपए जमा करा दिए जाएंगे. यह तो अच्छा हुआ इस साक्षात्कार में कि प्रधानमंत्री ने इस बात को स्वीकारा कि चुनाव में काले धन को इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से सफेद करने का कार्य किया. अब सवाल यह उठता है कि जब देश का संरक्षक ही काले धन को सफेद करने का तरीका कैमरे के सामने बता रहा हो तो फिर देश कहां पहुंचने जा रहा है, इसका अंदाजा स्वतः लगाया जा सकता है. अब तो विपक्ष का यह आरोप भी साफ हो जाता है कि जो भी भ्रष्टाचारी भाजपा का दामन थाम लेता है, वह उसकी वाशिंग मशीन में धुलकर साफ हो जाता है. विपक्ष कई ऐसे नेताओं का नाम भी गिनाता है, जिन्हें सरकार ने कुछ दिन पहले तक भ्रष्टाचारी और दागी माना और आज वे ही कई राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तक बना दिए गए हैं. आज देश में प्रधानमंत्री का यह साक्षात्कार चर्चा का विषय बना हुआ है और इसका विश्लेषण सब अपने अपने तरीके से कर रहे हैं.

प्रधानमंत्री ने नोट बंदी पर भी अपने साक्षात्कार में कारण बताते हुए कहा कि चुनाव के दौरान बड़ी मात्रा में इन नोटों का दुरुपयोग किया गया और सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया कि काले धन के धंधे पर अंकुश लगे. यह भी हास्यास्पद है. ऐसा इसलिए कि एक तरफ सरकार की नीयत काले धन को बंद करने का है, वहीं दूसरी ओर उस काले धन को इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में लाकर चुनाव लड़ा जाए. यह ठीक है कि इस काले धन की लूट का एकमात्र लाभ भाजपा को ही नहीं मिला, बल्कि सभी दलों को मिला है, लेकिन राजनीतिज्ञों को ऐसी क्या मजबूरी होती है कि वे किसी न किसी रास्ते से चुनाव जीतकर सरकार में आना चाहते हैं! आखिर काले धन को समाप्त करने में सरकार इतनी असफल साबित क्यों हो रही है! काले धन के खेल में जो लिप्त हैं, उनके खिलाफ मुहिम चलाकर उस धन को सरकारी खजाने में जमा कराने का साहस किसी सरकार द्वारा अब तक क्यों नहीं दिखाया गया. उत्तर साफ है, आजादी के बाद से अब तक किसी भी सरकार ने ऐसा कोई प्रयास ही नहीं किया.

काले धन को बंद करने का प्रयास इसलिए भी नहीं किया गया, क्योंकि यदि ऐसा कर दिया जाता तो बाहुबली चुनाव कैसे लड़ पाते? आजादी के पहले तो बाहुबली और मवाली राजनीति में आते ही नहीं थे. उस समय तो महात्मा गांधी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सुभाष चंद्र बोस जैसे महानायक ही राजनीति में आते थे. आज क्या बात हो गई कि राजनीति करने वाले अपने चुनाव में करोड़ों रुपये खर्च कर देते हैं और देश के शीर्ष पर बैठकर अपने हिसाब से उपकृत व्यक्तियों का हित साधने लगते हैं. वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस इसलिए तो हार गई, क्योंकि उसके लिए यह दुष्प्रचार करने में वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार सफल रही कि कांग्रेस सरकार निकम्मी है, भ्रष्ट है, उसके पास काले धन का अंबार है और उसी काले धन को देश से ही नहीं, विदेशी बैंकों से लाकर सबके खाते में जमा करा दिया जाएगा. और, उनकी सरकार बिल्कुल पाक-साफ होकर देश में जनता और उसके विकास के लिए कटिबद्ध रहेगी. कहते हैं आदर्श से सावधान रहना. आदर्श के कारण ही आपका जीवन खाली रह गया है. आदर्श के कारण ही आदर्श फल-फूल नहीं पाए. अगर सच में आप चाहते हैं कि आदर्श आपके जीवन को भर दे, तो आदर्शों को बिल्कुल भूल जाएं और जीवन के साक्षी हो जाएं. जैसा है, है. जो है, है. इसमें रत्ती भर फेरबदल करने की आकांक्षा मत पालें? आप हेर-फेर कर कैसे सकते हैं, आज जीवन का यही लक्ष्य हो गया है. भारत सत्य और अहिंसा का देश रहा है. यहीं राजा हरिश्चंद्र भी हुए थे, जिन्होंने सत्य के लिए अपने सुखों को न्योछावर कर दिया था, लेकिन आज तो हर कोई सत्य का मुखौटा लगाकर आपके सामने प्रस्तुत होता है. क्या अब देश इसी तरह चलेगा? इसी साक्षात्कार में पूछा गया कि विपक्षियों को जेल में डाला जा रहा है? प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों के इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि ईडी द्वारा दर्ज तीन प्रतिशत केस ही राजनेताओं के खिलाफ हैं, शेष 97 प्रतिशत मामले उन लोगों या कंपनियों के विरुद्ध हैं, जिनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं. ईमानदार व्यक्ति को कोई डर नहीं है, लेकिन भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को अपने पाप का डर है. प्रधानमंत्री का यह कहना शत-प्रतिशत सही है कि डरते वही हैं, जो असंवैधानिक कार्यों में लिप्त होते हैं, भ्रष्टाचारी होते हैं, काले धन के दम पर समाज पर राज करते हैं . काश, हमारी सभी संस्थाएं असंवैधानिक कार्य करने बंद कर दें, भ्रष्टाचार बंद हो जाए और काला धन-बल खत्म हो जाए.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## अंगुलिमाल को हुआ बोध

गौतम बुद्ध का एक दृष्टांत है सहनशीलता में निडरता के लिए भी और जीवन के मूल्य (अहिंसा) के लिए भी. अंगुलिमाल नाम का एक बहुत बड़ा डाकू था. वह लोगों को मारकर उनकी उंगलियां काट लेता था और उनकी माला पहनता था. इसी से उसका यह नाम पड़ा था. आदमियों को लूट लेना, उनकी जान ले लेना, उसके बाएं हाथ का खेल था. लोग उससे डरते थे. उसका नाम सुनते ही उनके प्राण सूख जाते थे. संयोग से एक बार भगवान बुद्ध उपदेश देते हुए उधर आ निकले. लोगों ने उनसे प्रार्थना की कि वह वहां से चले जायं. अंगुलिमाल ऐसा डाकू है, जो किसी के आगे नहीं झुकता. बुद्ध ने लोगों की बात सुनी, पर उन्होंने अपना इरादा नहीं बदला. वह बेधड़क वहां घूमने लगे. जब अंगुलिमाल को इसका पता चला तो वह झुंझलाकर बुद्ध के पास आया. वह उन्हें मार डालना चाहता था, लेकिन जब उसने बुद्ध को मुस्कराकर प्यार से उसका स्वागत करते देखा तो उसका पत्थर का दिल कुछ मुलायम हो गया. बुद्ध ने उससे कहा, "क्यों भाई, सामने के पेड़ से चार पत्ते तोड़ लाओगे?" अंगुलिमाल के लिए यह काम क्या मुश्किल था! वह दौड़ कर गया और जरा-सी देर में पत्ते तोड़कर ले आया. बुद्ध ने कहा, "अब एक काम करो. जहां से इन पत्तों को तोड़कर लाये हो, वहीं इन्हें लगा आओ." अंगुलिमाल बोला, "यह कैसे हो सकता है?" बुद्ध ने कहा, "भैया! जब जानते हो कि टूटा जुड़ता नहीं तो फिर तोड़ने का काम क्यों करते हो?"इतना सुनते ही अंगुलिमाल को बोध हो गया और उसने सदैव के लिए उस हिंसा और आतंक को त्याग दिया. सही भी है किसी को पुनः जीवन देने का सामर्थ्य नहीं तो आपको किसी का जीवन हरने का कोई अधिकार नहीं. आज फांसी की न्यायिक सजा का भी विरोध हो रहा है. कारण वही है एक तो सजा सुधार के वांछित परिणाम नहीं देती और दूसरा जीवन ले लेने के बाद तो कुछ भी शेष नहीं रहता न सजा न सुधार. एक सामान्य सी सजा के भी असंख्य विपरीत परिणाम होते हैं. ऐसे में चूकवश सजा यदि निरपराधी को दे दी जाय तो परिणाम और भी भयंकर हो सकते हैं. सम्भावित दुष्परिणामों के कारण अहिंसा का महत्व अनेक गुना बढ़ जाता है. किसी भी तरह की हिंसा के पीछे कितने ही उचित कारण हों, हिंसा प्रतिशोध के एक अंतहीन चक्र को जन्म देती है. प्रतिरक्षा में भी जो सुरक्षा भाव निहित है उसका मूल उद्देश्य तो शान्तिपूर्ण जीवन ही है. जिस अंतहीन चक्र से अशान्ति और संताप उत्पन्न हो और समाधान स्थिर न हो तो क्या लाभ?

# संविधान न तो ख़तरे में है और न ही असुरक्षित?

• सामयिकी

प्रेम कुमार

संविधान को ख़तरे में बताए जाने के बीच यह बात बड़े जोर-शोर से उठाई जा रही है कि भारत का संविधान बदला ही नहीं जा सकता. बीते एक हफ्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार यह बात कही है कि "मोदी तो क्या बाबा साहेब अंबेडकर भी संविधान को नहीं बदल सकते." कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी कमोबेस ऐसा ही कह रहे हैं- "मोदी में दम नहीं कि वे संविधान बदल सकें". लालू प्रसाद तो यहां तक कह रहे हैं कि जो कोई भी संविधान बदलने की कोशिश करेगा जनता उसकी आंखें निकाल लेगी. तो, क्या मान लिया जाए कि संविधान न तो ख़तरे में है और न ही असुरक्षित? संविधान में अब तक 127 संशोधन हो चुके हैं. इन संशोधनों को संविधान बदलना नहीं कह सकते. फिर, संविधान बदला कैसे जाएगा? संशोधनों के माध्यम से ही तो संविधान में बदलाव होगा. इसका मतलब यह है कि संविधान संशोधन को जरूर संविधान बदलना नहीं कह सकते, लेकिन संविधान बदलने का रास्ता भी संविधान संशोधन ही है. समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, अखण्डता से जुड़कर हमारा संविधान मजबूत हुआ है. 42वें संविधान संशोधन जिसके तहत संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और अखण्डता जैसे शब्द जोड़े गये. बीजेपी इन दिनों इसे संविधान बदलना ही कहती रही है. बीजेपी के नेता अक्सर इन शब्दों को संविधान से हटाने की जरूरत बताते रहे हैं. इसके उलट सच यह है कि स्वयं बीजेपी ने अपने संविधान में गांधीवादी समाजवाद को जोड़ा था और वास्तव में 46वें संविधान संशोधन पर अपनी सहमति दी थी. मगर, आज की बीजेपी बदल गयी है. बीजेपी-आरएसएस का इरादा धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद जैसी सोच से छुटकारा पाना है. वे इसके समांतर हिन्दुत्व, रामराज्य, हिन्दू राष्ट्र जैसे शब्द संविधान में रखना चाहते हैं. इस मंशा का एलान बीजेपी और संघ के नेता समय-समय पर करते रहे हैं. लेकिन, इन दिनों जो बहस संविधान पर ख़तरे को लेकर चली है उसके पीछे दो स्पष्ट कारण हैं- एक कारण है बीजेपी सरकार की विपक्ष के प्रति असहिष्णुता की नीति और दूसरा कारण है स्वयं बीजेपी की ओर से संविधान में बदलाव की ललक जिसे वे छिपा नहीं पाती. अनंत हेगड़े, ज्योति मिर्धा, प्रेम कुमार, लल्लू सिंह, अरुण गोविल जैसे नेताओं ने लगातार अपने बयान से संविधान बदलने की इच्छा का खुलकर इजहार किया है. बीजेपी ने कभी इन बयानों का खंडन नहीं किया. स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी इन नेताओं पर नकेल कसने की जरूरत नहीं समझी. ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान का क्या मतलब निकाला जाए कि बाबा साहेब अंबेडकर भी आ जाते तो संविधान नहीं बदल पाते? क्या वे कहना चाहते हैं कि अब संविधान बदलने की ताकत केवल और केवल बीजेपी में आ गयी है? ऐसा करने की क्षमता बीजेपी के अलावा अब किसी और में नहीं रही? ये संशोधन लोकसभा और राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत लाकर ही संभव है. राज्यसभा में अब भी बीजेपी के पास सामान्य बहुमत नहीं है. ऐसे में संयुक्त सेशन बुलाए जाने की स्थिति में राज्यसभा में घटी हुई ताकत की भरपाई भी लोकसभा सदस्य के तौर पर हो. यही कारण है कि बीजेपी के सत्ता में आने के बाद 400 पार का नारा उसके लिए बड़ी शक्ति रहने वाली है. इस संभावित शक्ति की मंशा पर ही सवाल है कि क्या इस शक्ति का दुरुपयोग जनता के ही खिलाफ तो नहीं होगा ? विपक्ष आरोप लगा रहा है कि बीजेपी के मन में लोकतंत्र के लिए आदर नहीं है. वह हर हाल में सत्ता में बने रहने के लिए वांछित परिवर्तन करने में लगी हुई है. सत्ता में रहते हुए 147 सांसदों का निलंबन और इस दौरान महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करना यह बताता है कि बीजेपी संसदीय लोकतंत्र को कितना तवज्जो देती है. चुनाव के समय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजना भी संसदीय लोकतंत्र और चुनाव में समानता के सिद्धांत का उल्लंघन है. जनता के सामने यही चुनौती है कि सही मायने में लोकतंत्र के रक्षक कौन हैं? इस सवाल का जवाब ढूंढ़ने के लिए लोकतंत्र की आवाज़ उठाने का दावा करने वालों को परखना होगा. लोकतंत्र का किसने अतीत में कितना सम्मान किया है इसकी भी परख जरूरी है. ऐसा करके ही जनता सही मायने में लोकतंत्र के रखवाले की पहचान कर सकेगी. आम चुनाव अवश्य संविधान बचाने की चिंता से लैस इस देश को अपनी राय बनाने में मदद करेगी.

> सत्ता में रहते हुए 147 सांसदों का निलंबन और इस दौरान महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करना यह बताता है कि बीजेपी संसदीय लोकतंत्र को कितना तवज्जो देती है. चुनाव के समय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजना भी संसदीय लोकतंत्र और चुनाव में समानता के सिद्धांत का उल्लंघन है.

# भारतीय राजनीति में अहम हैं क्षेत्रीय दल

• सियासत

अरविन्द मोहन

अब नरेंद्र मोदी और उनकी प्रचार मंडली को इस बात का श्रेय दिया ही जाना चाहिए कि वे इस चुनाव में कई मामलों में बढ़त बना चुके हैं. सरकार, भाजपा की जगह मोदी की गारंटी और चार सौ पार जैसे नारों से उन्होंने अपने समर्थकों को उत्साहित करने की कोशिश की है. नए नारे या जुमले गढ़ने में मोदी जी का जवाब नहीं है. पहले भी काफी बार ऐसे नारे गढ़े गए थे और उनके न पूरा होने या चुनाव हारने के बाद अमित शाह को कहना पड़ा कि ये तो अपने कार्यकर्ताओं को उत्साहित और प्रेरित करने के लिए हैं. आज यह सवाल सबसे मौजूं है कि चार सौ सीटें आएंगी कहां से? जो कोई राज्यवार हिसाब लगाता है वह सारी उदारता बरतते हुए भी 272 पार नहीं कर पाता क्योंकि उत्तर और पश्चिम के राज्यों में भाजपा ने पिछली बार लगभग सारी सीटें जीती थीं और दक्षिण तथा पूरब में बहुत कम. इस बार दक्षिण और पूरब में भी सीटें बढ़ने की जगह घटती लग रही हैं और उत्तर तथा पश्चिम में भी. वहां भाजपा के लिए सीटें बढ़ाने की गुंजाइश तो नहीं ही बची है. भाजपा को अपने सौ से ज्यादा सांसदों का टिकट काटना पड़ा है और जगह-जगह बगावत है. कई मंत्री बेटिकट रह गए हैं. दर्जन भर मुद्दों की रस्साकशी के बाद मोदी जी खुद मुद्दा बन गए हैं, सारा चुनाव अपने ऊपर ओढ़ लिया है. चुनाव घोषणा पत्र में सबसे ज्यादा 65 बार नरेंद्र मोदी आया है. जब काफी लंबी अनिश्चितता के बाद अचानक इंडिया गठबंधन उभर आया तो सारी कवायद उसे बदनाम करने, तोड़ने और 'एक शेर और जाने कितने गीदड़ों' की लड़ाई बताने की रही. पर जल्दी ही समझ आया कि लीडर के दावे और सारे प्रचार के बावजूद विविधता भरे इस देश में गठबंधन के बगैर काम नहीं चलने वाला है तो सारे लिहाज छोड़कर जाने किस-किस दल या नेता के साथ गठबंधन किया गया, एनडीए को पुनर्जीवित करने का नाटक किया गया. नेहरू के समय के कांग्रेस के बारे में माना जाता था कि वह सामाजिक स्तर पर एक 'रेनबो कॉलिशन' बनाकर चलती थी. प्रसिद्ध राजनीति विज्ञानी रजनी कोठारी इसे नेहरू माडल ही कहते हैं. हालांकि तब भी पूर्वोत्तर, तमिलनाडु और पंजाब में भिन्न स्वर सुनाई देने लगे थे, लेकिन कुल मिलाकर कांग्रेस सारे समाज को साथ रखती थी. पर धीरे धीरे वह ब्राह्मण, दलित और मुसलमान पार्टी बनने लगी और मध्य जातियां समाजवादी आंदोलन के प्रभाव में उससे छिटकती गईं. कालांतर उन्होंने अपनी मजबूत पार्टियां बनाईं. आज उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, हरियाणा में लोकदल, पंजाब में अकाली दल, कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-पीडीपी, ओडिशा में बीजद, प. बंगाल में टीएमसी और दक्षिण के राज्यों की तो पूरी राजनीति क्षेत्रीय दलों के कब्जे में आ गई. क्षेत्रीय दलों की धमक बढ़ने के पीछे उनकी संसद में उपस्थिति बढ़नी मुख्य कारण था. उनके मजबूत समर्थकों ने जोखिम लेकर भी उनके उम्मीदवारों को संसद में भेजा. जाहिर तौर पर ऐसा राज्य में मजबूती आने के बाद हुआ. और एक समय तो ऐसा आया कि चुनाव आयोग की परिभाषा से राष्ट्रीय मानी जाने वाले सारी पार्टियों के सांसदों की कुल संख्या क्षेत्रीय दलों के सांसदों से कम होने लगी. वोट प्रतिशत में वे कब का पचास फीसदी पार कर गई थी. इधर दो चुनाव से और पुलवामा की घटना के बाद मोदी तथा भाजपा के आसमान पर पहुंचने के बाद यह हुआ कि राष्ट्रीय पार्टियों के सांसदों की संख्या फिर आधे से ऊपर हो गई थी (हालांकि क्षेत्रीय दलों की हिस्सेदारी भी 42-43 फीसदी है) लेकिन मत प्रतिशत में पिछली लोक सभा में भी क्षेत्रीय दल ऊपर थे. और इस बार मोदी और मीडिया के सारे शोर-शराबे के बावजूद अगर पहली नजर में और राज्यवार गिनती में भाजपा चार सौ या 370 के कहीं आसपास नहीं लगती है तो उसका कारण क्षेत्रीय दलों की निरंतर बनी मजबूती है.हल्के एहसास के साथ भाजपा ने बीजद, अन्नाद्रमुक, भारत देशम पार्टी और अकाली दल के साथ गठबंधन बनाने का असफल प्रयास किया. तमिलनाडु में उसका घुसना मुश्किल हो गया तो आंध्र में उसे चंद्रबाबू का सहारा लेना पड़ा है, जिसे पार्टी की सरकार ने केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से पचहत्तर दिन जेल में रखा था. जेल से नेताओं को तोड़ने का प्रयास तो पूरे देश में हो रहा है, लेकिन हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी ने हवा बदल दी है.

> तमिलनाडु में उसका घुसना मुश्किल हो गया तो आंध्र में उसे चंद्रबाबू का सहारा लेना पड़ा है, जिसे पार्टी की सरकार ने केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से पचहत्तर दिन जेल में रखा था. जेल से नेताओं को तोड़ने का प्रयास तो पूरे देश में हो रहा है, लेकिन हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी ने हवा बदल दी है.

**मीडिया में अन्यत्र**

## वैश्विक आईटी खर्च की दिशा बदलेगी!

**देश** की तीन दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों, टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो के वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च) और वित्त वर्ष 24 के नतीजे कमजोर रहे हैं. तीनों कंपनियों ने सतर्क अनुमान और सलाह भी जारी किए हैं (हालांकि टीसीएस राजस्व का अनुमान जारी नहीं करती).तीनों बड़ी कंपनियों के प्रबंधन की यह सोच है कि वैसे तो मांग में कोई स्पष्ट उभार नहीं दिख रहा, लेकिन वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही (अक्टूबर 24 से मार्च 25) संभवतः इसका सबसे निचला दौर हो, जिसके बाद सुधार दिख सकता है. उनको उम्मीद है कि वैश्विक स्तर पर हालात बेहतर होने से वित्त वर्ष 25 के अंतिम महीनों और वित्त वर्ष 26 में आय की गति में धीरे-धीरे सुधार आ सकता है.आईटी की इन तीन दिग्गज कंपनियों की मौजूदगी सभी भौगोलिक इलाकों और कार्यक्षेत्रों तक है. मार्च 2024 तक इन कंपनियों में कुल मिलाकर करीब 12 लाख कर्मचारी थे और वित्त वर्ष 24 का उनका कुल राजस्व 4.8 लाख करोड़ रुपये से अधिक था. उनके महत्त्वपूर्ण आकार और सभी खंडों और भौगोलिक इलाकों में मौजूदगी को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वित्त वर्ष 25 के लिए उनके अनुमान और रुझानों का आकलन ज्यादातर आईटी सेवा व्यवसायों के लिए अच्छा रहने की संभावना है, विशेष रूप से उन बड़ी कंपनियों के लिए जो छोटे, विशिष्ट क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं.तीनों बड़ी कंपनियों का वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में राजस्व कम रहा है. इस अवधि में विप्रो का राजस्व तिमाही आधार पर थोड़ा कम रहा, जबकि एक साल पहले की तुलना में 6.5 फीसदी कम रहा. इसी तरह, इन्फोसिस के राजस्व में तिमाही आधार पर 2.2 फीसदी गिरावट आई, जबकि यह सालाना आधार पर यह सपाट रहा. टीसीएस का राजस्व तिमाही आधार पर 1.1 फीसदी बढ़ा, जबकि सालाना आधार पर इसमें 2.2 फीसदी की बढ़त हुई.तीनों कंपनियों में वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या में भी तिमाही आधार पर गिरावट आई है. एक साल पहले के मुकाबले उनके कर्मचारियों की संख्या में 63,000 से ज्यादा की कमी आई है. इसके बावजूद कार्यबल का उपयोग अभी भी ऐतिहासिक स्तर से नीचे है. तीनों कंपनियों में आट्रिशन रेट यानी नौकरी छोड़ने की दर भी घटकर 12 फीसदी के आसपास रह गई है जो कि पिछले वर्षों के मुकाबले आधा है. कर्मचारियों की कम संख्या और कम नौकरी छोड़ने की दर का यह संयोजन पूरे उद्योग में कमजोर मांग का संकेत देता है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## इंसिडेंट/एक्सीडेंट

**बोलचाल** की भाषा में अक्सर इंसिडेंट और एक्सीडेंट शब्दों का प्रयोग होता है. दोनों शब्द अंग्रेजी मूल के हैं और हिंदी में अपना स्थान बना चुके हैं. दोनों शब्दों के सामान्य अर्थ लगभग एक ही हैं, लेकिन भाव और आशय के आधार पर देखा जाये तो दोनों के बीच सूक्ष्म अंतर है. जहां इंसिडेंट का प्रयोग किया जाना है, वहां एक्सीडेंट का प्रयोग अटपटा ही नहीं, अप्रिय भी लग सकता है. इंसिडेंट सामान्य घटना है. यह घटना अच्छी भी हो सकती है और बुरी भी. वहीं एक्सीडेंट निश्चित रूप से बुरी और अप्रिय घटना ही होती है. एक्सीडेंट शब्द का हिंदी पर्यायवाची शब्द है दुर्घटना. इंसिडेंट और एक्सीडेंट के बीच के अंतर को हम घटना और दुर्घटना के रूप में इस प्रकार समझ सकते हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार घटना संस्कृत मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इस रूप में इसका मतलब है अचानक होने वाली बात, वाकया, हादसा, कोई अप्रत्याशित या विलक्षण बात जो हो जाये, विधि या व्यवहार के विरुद्ध बात, वारदात, इत्तफाक. कोई भी व्यवस्था जब अपनी मूल अवस्था से परिवर्तित होती है तो उसे घटना की संज्ञा दी जाती है. घटना के अन्तर्गत अच्छे और बुरे दोनों परिणाम आते हैं. सूर्य का उगना भी घटना है, इंसिडेंट है. कहीं आना जाना, सड़क का बनना, चांद का उगना, हवा का चलना, बरसात होना, सुबह होना, शाम होना आदि कुछ भी हो जाना घटना है, चाहे वह अच्छा हो या बुरा. दुर्घटना तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसमें दो शब्द होते हैं- दुः+घटना. अर्थात् घटना में जब 'दुः' उपसर्ग का संयोग होता है तो दुर्घटना शब्द की रचना होती है. 'दुः' मूलतः संस्कृत का उपसर्ग है, जिसका अर्थ है बुरा, अप्रिय, कठिन. इसका अर्थ है अशुभ या बुरी घटना, वह बात जिससे शोक हो, वारदात, अनहोनी, हादसा, विपत्ति, आफत, अनर्थ, कांड. वह घटना जो उचित न हो, जिसे नहीं होना चाहिए था, जिससे जन-धन की हानि होती है.

# यहां-वहां, जहां-तहां, खबरें ही खबरें!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



पहले बड़ा आराम था. लोग इत्मीनान से अपनी अपनी खटिया पर पड़े रहते थे. खबरों से बेखबर. लेकिन इधर जब से मीडिया का विकास हुआ है, आप न चाहें तो भी खबरें आपका पीछा नहीं छोड़तीं. हर आदमी के चारों तरफ मंडराती रहती हैं. अच्छी और बुरी खबरें, ताज़ी और गई-बीती खबरें. राजनैतिक, आर्थिक, और खेलकूद की खबरें. उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम की खबरें. चारों दिशाओं से आती हैं – नार्थ, ईस्ट, वेस्ट, साउथ, इसीलिए तो 'न्यूज़' कहलाती हैं. खूब खबर लेती हैं. बचकर जा नहीं सकते आप. खबर सूचना है, जानकारी है. खबर हाल है, समाचार है. खबर संदेशा है. खबर दी जाती है, खबर ली भी जाती है. खबरों से लोग चेत जाते हैं. खबर पाकर लोगों के होश उड़ जाते हैं. कुछ लोगों का यह काम ही होता है – खोज खबर लेते रहना. ऐसे खबरगीर हर बात की देख-रेख करते रहते हैं. आपको खबरदार भी करते हैं. उनकी खबरदारी आपको होशियार कर देती है. बताने के लिए जब खबरें कम पड़ने लगती हैं, वे गढ़ ली जाती हैं. अतः खबरों के कारखाने विकसित हो गए हैं. वहां खबरें 'बनाई' जाने लगी हैं. खबरों के अभाव में, धोखा देने के लिए ही सही, खबरें गढ़ी जाती हैं. आखिर कुछ तो ख़बरें हों, जिनकी खबर-कांक्षी लोगों में खपत हो सके. असल न होने पर गलत ही सही. खबरों के कई प्रकार हो गए हैं. कुछ तो सही खबरें होती हैं. लेकिन कुछ गलत खबरें भी उड़ा दी जाती हैं. पहले इन्हें अफवाहें कहते थे. इन्हें बाकायदा रोपा जाता था. फैलाया जाता था. अब ऐसी ही अफवाहों को 'फेक-न्यूज़' कहने लगे हैं. फेक-न्यूज़, न्यूज़ तो होती है, लेकिन वास्तविक 'न्यूज़' नहीं होती. यह गढ़ी हुई, झूठी खबर होती है जिसे किसी स्वार्थ वश कोई फैला देता है. एक ही झूठ को बार बार कहें तो लोग उसे सच मानने लगते हैं. यही सिद्धांत 'फेक न्यूज़' पर भी लागू होता है. फेक-न्यूज़ को बढ़ावा देने में फेस-बुक, वाट्स-एप, ट्विटर जैसे उपकरणों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है. कुछ व्यक्तिनिष्ट खबरें इस लायक नहीं होती, जिन्हें खबर कहा जा सके, या सार्वजनिक किया जा सके. लेकिन स्वार्थ वश लोग इन्हें भी खबर की तरह प्रसारित करवाना चाहते हैं. आखिर, ले-देकर इन्हें भी छपवा ही लिया जाता है. ये भी खबरों की किस्मों में इजाफा करती हैं. और इन्हें 'पेड-न्यूज़' कहा जाता है. लोग चाहते हैं कि खबरें उन्हें जल्दी से जल्दी मिल सकें. अतः तुरंत मिली खबर को 'ब्रेकिंग-न्यूज़' की तरह प्रस्तुत किया जाता है. ऐसी ब्रेकिंक न्यूज़ कभी कभी खबर की कमर तक तोड़ देती हैं. जल्दबाजी में बताई गई खबरें बाद में ना-खबर सिद्ध होती हैं.

# हनुमान जयंती



*मान्यता है कि हनुमान जी धरती पर आज भी मौजूद हैं और विचरण करते रहते हैं. हनुमान को कलयुग का प्रत्यक्ष देव कहा गया है. हनुमान को कलयुग का प्रत्यक्ष देव कहा गया है.*

# जनदेवता हैं अंजनी के लाल हनुमान



हिमकर श्याम

अंजनी के लाल महावीर श्री हनुमान जनदेवता हैं. लोकमंगल करने वाले हनुमान की शरण में जाने मात्र से भक्तों के सभी संकट दूर हो जाते हैं. उनको अतुलित शक्तियों का स्वामी कहा गया है. उनके पास अष्ट सिद्धियां और नव निधियां मौजूद हैं. वह प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हैं और भक्ति के सर्वोच्च प्रतीक भी. रामचरित्र मानस हनुमान जी की आराधना के बिना अधूरा है. हनुमान को शिव का ग्यारहवां रुद्रावतार माना जाता है. उनके पिता केसरी और माता अंजनी थीं. माता अंजनी ने भगवान शिव की घोर तपस्या की थी और शिव से ऐसा पुत्र मांगा जो रूद्र की तरह बलवान और वायु की तरह गतिमान हो. तब भगवान शिव ने पवन देव की सहायता से अपनी रौद्र शक्ति का अंश यज्ञ कुंड में अर्पित किया था और वही शक्ति अंजनी के गर्भ में प्रविष्ट हुई थी. चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हनुमानजी का जन्म हुआ था. इस रूप में भगवान शंकर ने राम की सेवा भी की और रावण वध में उनकी सहायता भी. हनुमान जी चिरंजीवी हैं. उन्हें स्वयं माता सीता ने अमरता का वरदान दिया था. मान्यता है कि हनुमान जी धरती पर आज भी मौजूद हैं और विचरण करते रहते हैं. हनुमान को कलयुग का प्रत्यक्ष देव कहा गया है. उन्हें बल, बुद्धि और विद्या प्रदान करने वाला देवता माना जाता है. कहा जाता है कि संकट मोचन महाबली हनुमान अपनी शरण में आने वालों की सभी कामनाएं पूरी करते हैं.

**जन्म की ये कथाएं :** हनुमान के जन्म के विषय में भांति-भांति की कथाएं प्रचलित हैं. वाल्मीकि रामायण के सुंदरकांड में हनुमान जी ने अपना परिचय देते हुए कहा 'मेरा नाम हनुमान है और मैं पवन देव का औरस पुत्र हूं'. ऋषि अगत्स्य के द्वारा भी हनुमान जी के जन्म की कथा कही गई है, जिसमें उन्हें वानरराज केसरी और वायुदेव दोनों का ही पुत्र बताया गया है. हनुमान जी की माता का नाम अंजनी था. अंजनी के पुत्र होने के कारण है उन्हें आंजनेय कहा जाता है. उनके पिता का नाम केसरी है. इसीलिए उन्हें केसरीनंदन भी कहा जता है. उनका जन्म वायु देव के वरदान से हुआ था, इसलिए उन्हें पवन सुत या वायु पुत्र भी कहा जाता है. हनुमान जी रूद्र अवतार हैं, इसलिए कपीश हैं. वे जहां पर रहते हैं, वहां पर सदैव प्रकाश रहता है. वह बेहद बलशाली हैं. उनका शरीर बज्र के समान है, इसलिए उन्हें बजरंगबली भी कहा जाता है. चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हनुमान जयंती का त्यौहार मनाया जाता है. कहा जाता है कि इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से व्यक्ति पर उनकी विशेष कृपा होती है.

**धमधमिया पहाड़ :** अंजना पहाड़ी पर एक चक्रधारी मंदिर भी है, जिसमें आठ शिवलिंग हैं. इनके ऊपर बड़े पत्थर का बना एक चक्र है,जो अष्टशम्भु नाम से विख्यात है. आंजन में नकटी देवी स्थान भी है. आंजन गुफा से सटी एक पहाड़ी है जिस पर चलने से धम-धम की आवाज आती है. लगता है कि जैसे अंदर से खोखली हो. बैल के आकार की इस पहाड़ी को धमधमिया पहाड़ कहा जाता है. कहा जाता है कि यह माता अंजनी का कोषागार था. ऐसा माना जाता है कि यह क्षेत्र रामायण काल में किष्किंधा का क्षेत्र था. यहां प्रभु राम एवं हनुमान से जुड़े कई स्थल मौजूद हैं. जैसे पंपापुर पहाड़, सुग्रीव गुफा, शबरी गुफा, मलमलपुर, शीतलपुर, पंपापुर सरोवर आदि.

**पालकोट में हुआ था श्रीराम-हनुमान का मिलन :** गुमला से 26 किलोमीटर की दूरी पर पालकोट प्रखंड है. कहा जाता है यही रामायण काल का पंपापुर है जहां वानरराज बाली और सुग्रीव की राजधानी थी. यह नागवंशी राजाओं की उप-राजधानी भी रही है. श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण के साथ माता सीता की तलाश में यहां पहुंचे थे. यहां पंपापुर नाम का सरोवर भी है, जहां प्रभु श्री राम और लक्ष्मण ने रुक कर स्नान किया था. पंपा सरोवर के बगल का पहाड़ ऋष्यमूक पर्वत है. इसी पर्वत पर श्रीराम और हनुमान जी से भेंट हुई थी. किष्किंधा कांड के अनुसार हनुमान सर्वप्रथम एक ब्राह्मण के रूप में राम और लक्ष्मण से मिले थे. वह सुग्रीव के महामंत्री थे. बाद में राम-लक्ष्मण को लेकर वानरराज सुग्रीव के पास पहुंचे थे. उन्हें भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के बारे में बताया था. भगवान राम सुग्रीव को अपना मित्र मान कर उन्हें बाली के त्रास से मुक्त करवाने का वचन दिया और बाली का वध करके सुग्रीव को किष्किन्धा का राजा घोषित किया.

**ऋष्यमूक पर्वत पर है सुग्रीव गुफा :** ऋष्यमूक पर्वत पर आज भी वो गुफा विद्यमान है, जहां वानरराज सुग्रीव अपने मंत्री हनुमान, जामवंत और नल-नील के साथ रहते थे. ऋष्यमूक पर्वत पर ऋषि मतंग का आश्रम था. ऋषि मतंग ने एक समय अपने आश्रम को अपवित्र करने के कारण बाली को शाप दिया था. उस शाप के अनुसार बाली जैसे ही इस क्षेत्र में प्रवेश करेगा, उसकी मृत्यु हो जाएगी. यही कारण था कि सुग्रीव के छिपने के लिए यह स्थान सबसे उपयुक्त था. इसे मलमली गुफा भी कहते हैं. यहां के लोगों का यह भी कहना है कि बाली-सुग्रीव का युद्ध यहीं के सुग्रीव पहाड़ के ऊपर हुआ था. पास ही घोड़लता गुफा, घोड़लता पहाड़ी पर स्थित है. गुफा के भीतर पंचमुखी हनुमान मंदिर है जो काफी प्राचीन है. गुफा के अंदर एक निर्झर झरना है, जहां पानी की बूंदें अनवरत टपकती रहती हैं, जबकि गुफा में पानी का कोई स्रोत दिखाई नहीं पड़ता. ऊपर पहाड़ी पर एक और मंदिर है. एक छोटा तालाब भी है. जहां सालो भर पानी रहता है. यहां पर प्राचीन शिवलिंग भी है. इस गुफा के बारे में अलग-अलग मान्यताएं हैं. इस गुफा को भी सुग्रीव गुफा के नाम से भी जाना जाता है. यहां शबरी आश्रम भी है. सीता की खोज करते हुए जब राम व लक्ष्मण माता शबरी की कुटिया में आए थे, तो शबरी ने जूठे बेर खिलाकर उनका आदर-सत्कार किया था.



## आंजन गांव में हुआ था जन्म

हनुमानजी के जन्म स्थान को लेकर अलग-अलग मत हैं. एक मत यह है कि उनका जन्म झारखंड के गुमला जिले के आंजन गांव के समीप एक गुफा में हुआ था. आंजन गांव रांची से 130 किमी और गुमला से 21 किमी की दूरी पर स्थित है. माता अंजनी के नाम से ही इस गांव का नाम आंजन हुआ. अंजनी माता की पूजा ग्राम देवी की तरह होती है और यहां के लोग खुद को भगवान हनुमान का वंशज मानते हैं. इस गांव से चार किमी की दूरी पर अंजनी गुफा है. यह गुफा पहाड़ की चोटी पर स्थित है. माना जाता है कि यहीं पर माता अंजनी और पिता केसरी रहते थे. स्थानीय लोगों की प्रबल मान्यता है कि अंजनी गुफा में ही हनुमानजी का जन्म हुआ था. किष्किंधा कांड में जिस आंजन पर्वत का जिक्र है, जहां भगवान हनुमान का जन्म हुआ था. दावा है कि वह जगह वही है और अब आंजन धाम के नाम से प्रसिद्ध है. आंजन धाम के तीन ओर पहाड़ी और एक ओर खरवा नदी है. यहां ऐतिहासिक महत्व की कई वस्तुएं मिली हैं. इसी गुफा में तीन फीट की प्रस्तर मूर्ति मिली, जिसमें माता अंजनी की गोद में बाल हनुमान बैठे हैं. ऐसी प्रतिमा शायद ही कहीं हो. वर्ष 1953 में अंजनी मंदिर की स्थापना की गई. मंदिर में राम-लक्ष्मण व सीता और शिव की भी प्रतिमाएं हैं. मंदिर के नीचे सर्प गुफा है. अंजनी माता के दर्शन के बाद श्रद्धालु सर्प गुफा के दर्शन करते हैं. रामनवमी, हनुमान जयंती सहित सावन के महीने में विशेष पूजा अर्चना होती है.



## शिवभक्त थीं माता अंजनी

मान्यता है कि माता अंजनी पूर्व जन्म में पुंजिकास्थली नामक इंद्रदेव की दरबार की एक अप्सरा थीं, जो तीनों लोकों में अपनी सुंदरता के लिए विख्यात थीं. उन्हें एक शाप की वजह से पृथ्वी पर एक वानरी अर्थात रूप विहीन नारी के रुप में जन्म लेना पड़ा. माता अंजनी का विवाह वानर राज केसरी के साथ हुआ था. माता अंजनी शिव की परम भक्त थीं. यहां स्थित गुफा की लंबाई 1500 फीट से अधिक है. गुफा के अंदर एक रास्ता है. मान्यता है कि इसी रास्ते से होकर कभी अंजनी माता खटवा नदी तक जाती थी और स्नान कर लौट आती थी. यह भी कहा जाता है कि माता अंजनी हर दिन एक तालाब में स्नान कर एक शिवलिंग में जलाभिषेक करती थीं. उन्होंने 360 तालाबों में स्नान कर उतने ही शिवलिंग पर जल का अभिषेक किया था. इस इलाके में अभी भी 100 से ज्यादा शिवलिंग और तालाब इस बात के साक्षी हैं.



## राम दूत अतुलित बल धामा

आचार्य अजय मिश्रा

*हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है. भक्त बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए इस दिन विधि-विधान से पूजा करते हैं और उपवास रखते हैं. इस साल हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल, मंगलवार को है. ऐसा माना जाता है कि हनुमान जी का जन्म सूर्योदय के समय हुआ था. हनुमान जन्मोत्सव के दिन मंदिरों में प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाता है और यह आयोजन सूर्योदय के साथ ही समाप्त हो जाते हैं.*

### बन रहा अद्भुत संयोग

हनुमान जन्मोत्सव पर इस वर्ष सालों बाद अद्भुत संयोग बन रहा है. शास्त्रों के अनुसार, मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित माना गया है और साल 2024 में हनुमान जन्मोत्सव के दिन भी मंगलवार पड़ रहा है. मंगलवार के दिन हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण इस दिन का महत्व और बढ़ गया है.

### यह है शुभ मुहूर्त

पूर्णिमा तिथि प्रारंभ 23 अप्रैल 2024 को सुबह 03 बजकर 25 मिनट से शुरू होकर 06 24 अप्रैल 2023 को सुबह 05 बजकर 18 मिनट पर समाप्त होगी. उदया तिथि के अनुसार 23 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाई जाएगी. इस साल जन्मोत्सव जयंती पर ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 04 बजकर 20 मिनट से 05 बजकर 04 मिनट तक है. अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 53 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक है. वहीं इस दिन हनुमान जी की पूजा का मुहूर्त सुबह 09 बजकर 03 मिनट से 10 बजकर 41 मिनट तक है.

### पूजा की सामग्री

सिंदूर, लाल फूल, जनेऊ, कलश, चमेली का तेल, लाल कपड़ा या लाल लंगोट, गंगाजल, गंगाजल, इत्र, घी, धूप, अगरबत्ती, दीप, पंचामृत, नारियल, चंदन, फल, मिठाई, तुलसी पत्र, मोतीचूर का लड्डू, पान, पूजा की चौकी व अक्षत आदि.

### ऐसे करें पूजा

हनुमान जन्मोत्सव व्रत की पूर्व रात को जमीन पर सोने से पहले भगवान राम और माता सीता के साथ-साथ हनुमान जी का स्मरण करें. प्रातः जल्दी उठकर दोबारा राम-सीता एवं हनुमान जी को याद करें. अब हाथ में गंगाजल लेकर व्रत का संकल्प करें. पूर्व की ओर भगवान हनुमानजी की प्रतिमा को स्थापित करें. अब भावपूर्ण बजरंगबली की प्रार्थना करें. विधि विधान से श्री हनुमान की आराधना करें.

### हनुमान जी के मंत्र

1. ॐ श्री हनुमते नमः
2. ॐ ऐं ह्रीं हनुमते, श्री रामदूताय नम
3. ॐ आञ्जनेयाय विद्महे वायुपुत्राय धीमहि। तन्नो हनुमत् प्रचोदयात्॥

### महत्व

हनुमान जयंती के दिन विधि-विधान के साथ बजरंबली की पूजा करने से भक्तों के सभी संकट दूर हो जाते हैं. इस दिन विधिविधान से पूजा, हनुमान चालीसा, रामायण, बजरंग बाण और सुंदरकांड का पाठ लाभदायक माना जाता है. भक्त को परेशानियों से मुक्ति मिलती है और उनके जीवन में सुख और शांति आती है. शनि से संबंधित चुनौतियों पर काबू पाने के लिए हनुमान जयंती का व्रत शुभ माना जाता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने



# गुकेश ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता



**40** साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा

**12** वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब जीता था गुकेश ने

**एजेंसी। टोरंटो।** भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीत कर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए. उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा. गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला. विश्व चैम्पियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे. वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे. चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा. कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिये चुनौती दी थी. गुकेश ने 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब जीता था और वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने. उन्होंने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक भी जीता था. विश्व चैम्पियनशिप की तारीखें और स्थान अभी तय नहीं हैं. गुकेश ने कहा, मैने इस बारे में सोचा नहीं है. नतीजा अभी आया है और रणनीति अच्छा खेलने की ही रहेगी. मैं तैयारियों पर फोकस करूंगा.

## विश्वनाथन आनंद के बाद बने दूसरे भारतीय खिलाड़ी


गुकेश ने जीत के बाद कहा, बहुत राहत महसूस कर रहा हूं. मैं फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था. इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली. गुकेश को 88500 यूरो ( 78 .5 लाख रुपए) ईनाम के तौर पर भी मिले. इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है. वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए. पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था. आनंद ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई. आपकी उपलब्धि पर गर्व है. मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला. इस पल का मजा लो. गुकेश को जीत के लिए ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती. दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा. दूसरी ओर कारूआना और नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही. अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता.

### अंतिम 15 मिनट तनावपूर्ण थे

गुकेश ने कहा, वो 15 मिनट पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा तनावपूर्ण थे. मैं कमेंट्री सुन रहा था और फिर मैं अपने ट्रेनर के साथ टहलने निकल गया. उसके बाद मेरे पिता दौड़ते हुए आये. उन्होंने कहा, मेरे पास बेहतरीन सहयोगी हैं. मैं उनके नाम नहीं लूंगा लेकिन उन्हें पता है कि मैं उनका कितना शुक्रगुजार हूं. कारूआना, नेपाम्नियाश्चि और नकामूरा तीनों के 8 .5 अंक रहे और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे. भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सात अंक लेकर पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया. विदित गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला और वह छठे स्थान पर रहे. अलीरजा सातवें और अबासोव आठवें स्थान पर रहे.



## पीएम मोदी ने गुकेश को बधाई दी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से लाखों को प्रेरणा मिलेगी. मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है. उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा, टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है. उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी.

## सातवें दौर में हार से मुझे ऊर्जा और खिताब पर लक्ष्य करने की प्रेरणा मिली : गुकेश

**नयी दिल्ली।** अधिकांश खिलाड़ियों के लिए जीत सबसे बड़ी प्रेरणा होती है, लेकिन इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश उनमें से नहीं हैं. उनका कहना है कि सातवें दौर में फिरोजा अलीरजा से हारने के बाद उन्हें सबसे युवा कैंडिडेट्स शतरंज चैम्पियन बनने की प्रेरणा मिली. चेन्नई के 17 वर्ष के गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन और मां माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं. उन्होंने चौदहवें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने. वह इस साल के आखिर में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे. गुकेश ने टोरंटो से दिये जूम इंटरव्यू पर कहा ,मैं शुरू ही से अच्छा महसूस कर रहा था लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था. अगले दिन विश्राम का था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था. इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है. उन्होंने कहा , हार के बाद मुझे लगा कि अगर अच्छा खेला और सही मानसिकता के साथ खेला तो जीत सकता हूं. गुकेश पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे ही भारतीय हैं. उन्होंने गैरी कास्पोरोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा चैलेंजर बने थे.



### फोकस खेलने पर था

दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा , शुरू ही से फोकस प्रक्रिया पर भरोसा करने पर, सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था. पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे. यह पूछने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है, गुकेश ने कहा ,यह खूबसूरत पल था. मैं बहुत खुश था और इत्मीनान है कि आखिर जीत गया. गुकेश को जीत के लिए ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती. दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा. दूसरी ओर फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही. अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता. गुकेश ने कहा ,मैं टाइब्रेकर की तैयारी कर रहा था. मैं अपने ट्रेनर से बात कर रहा था लेकिन जैसे ही बातचीत शुरू की, हमें पता चला कि अब इसकी जरूरत नहीं है.

### मैं अच्छा खेलने पर फोकस करूंगा

विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिए उनकी योजना के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , मेरे पास इसके बारे में सोचने के लिए ज्यादा समय नहीं था मैं अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करूंगा. उन्होंने कहा , आनंद ने मुझे बधाई दी. उनसे बात नहीं हो सकी लेकिन जल्दी ही करूंगा. मैने अपने माता पिता से बात की जो बहुत खुश हैं. मैने अपने ट्रेनर, प्रायोजक और दोस्तों के साथ समय बिताया. बहुत सारे संदेश आ रहे हैं जिनके जवाब देने हैं. उन्होंने कहा, अभी कुछ दिन आराम करूंगा. पिछले तीन सप्ताह काफी तनावपूर्ण रहे हैं. आराम के बाद विश्व चैम्पियनशिप मैच के बारे में सोचूंगा.

## शतरंज जगत ने गुकेश को बधाई दी , कहा भावी विश्व चैम्पियन

युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बधाई देते हुए शतरंज जगत ने उन्हें भविष्य का विश्व चैम्पियन करार दिया. पूर्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई. आपकी उपलब्धि पर गर्व है. इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर डेविड होवेल ने कहा कि गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई. क्या शानदार टूर्नामेंट रहा. मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है. वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था. उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं. पूर्व विश्व चैम्पियन और रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक ने लिखा, गुकेश को बधाई. सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक. सभी जांबाजों को बधाई. महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रही भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने लिखा , डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई. द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच रामाचंद्रन रमेश ने कहा , युवा डी गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने पर बधाई. प्रेरक प्रदर्शन. पूरे देश को तुम पर गर्व है.

## मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और रन बनाने होंगे: लांगेवेल्ट

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच चार्ल लांगेवेल्ट ने गुजरात टाइटंस के हाथों आईपीएल के मैच में तीन विकेट से हार के बाद कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और रन बनाने होंगे. पंजाब किंग्स ने तेज शुरुआत करके पांच ओवर के बाद बिना किसी नुकसान के 45 रन बना लिये थे, लेकिन उसके बाद सात विकेट 47 रन के भीतर गंवा दिये और पूरी टीम 142 रन पर आउट हो गई. यह आठ मैचों में उसकी छठी हार थी. लांगेवेल्ट ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निराशाजनक. खिलाड़ी, स्टाफ और प्रशंसक सभी दुखी हैं. हमने गेंदबाजी अच्छी की, पावरप्ले में बल्लेबाजी भी अच्छी थी, लेकिन बीच के ओवरों में हमारे बल्लेबाज उनके स्पिनरों के सामने जूझते दिखे. उन्होंने कहा, मध्यक्रम को और रन बनाने होंगे. हम इस विकेट पर 20 रन पीछे रह गए. अब हमें दूसरे मैदानों पर मैच खेलने हैं, जो बल्लेबाजी के लिए बेहतर विकेट होंगे. उम्मीद है कि इससे बल्लेबाजों को और आत्मविश्वास मिलेगा.

## भाग्यशाली थे कि कोहली का विकेट मिल गया: सॉल्ट

एजेंसी। कोलकाता

**खास बातें**

- हर्षित राणी की फुलटॉस पर आउट हुए थे विराट कोहली
- नो बॉल को लेकर हुआ विवाद थर्ड अंपायर ने आउट दे दिया

केकेआर के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि आरसीबी के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा. केकेआर ने इस मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया. कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए. उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गयी. इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली हॉक-आई प्रणाली लागू है. इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है. सॉल्ट ने यहां नाइट्स गोल्फ कार्यक्रम के इतर कहा, इस फैसले पर अलग-अलग मत हो सकता है. हमारे नजरिये से हम खुशकिस्मत थे कि यह फैसला हमारे पक्ष में रहा. इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने कहा कि इस तरीके से तकनीक का लाभ उठाना खेल के लिए फायदेमंद है. उन्होंने कहा, उन्होंने नो बॉल का पता लगाने के लिए आंकड़ों का इस्तेमाल किया. हो सकता है कि 12 महीने बाद इस तकनीक की उपयोगिता पर चर्चा हो. यह देखना होगा कि यह कितना कारगर है. यह इस खेल में नयी चीज है. उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से एक खिलाड़ी के दृष्टिकोण से, जब भी आप अधिक सटीक होने और सही निर्णय लेने के लिए आंकड़ों और तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, तो यह खेल के लिए अच्छी बात है. कोहली शॉट खेलते समय क्रीज से बाहर थे और गेंद उनकी कमर से ऊपर थी लेकिन वह नीचे की तरफ आ रही थी. टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने ऊंचाई की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की ऊंचाई से गुजरी होती. इस स्थिति में गेंद कोहली के कमर की ऊंचाई (1.04 मीटर) से नीचे होती. ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की ऊंचाई को कोहली के कमर की ऊंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया था.

**आईपीएल संभावना** आज चेपॉक में भिड़ेंगी टूर्नामेंट की दो मजबूत टीमें, धौनी की टीम को होम ग्राउंड का फायदा

## अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी। चेन्नई

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी, तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा. पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था. केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी, जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की. दोनों टीमों



के सात मैचों में आठ अंक हैं. चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं. दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी. चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं.

### लखनऊ की मध्यक्रम की बल्लेबाजी चिंता का सबब

लखनऊ के लिए बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं. राहुल-डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां रन बनाने की जिम्मेदारी होगी. पूरन ने जरूरत पर हमेशा रन बनाये हैं और उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी. गेंदबाजी में युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे.

### टीमें

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान.

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धौनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी.

## न्यूज अपडेट

### इथोपियाई धाविका पर पांच साल का बैन

**मोनाको।** तोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है. वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी. एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने सोमवार को अपने आदेश में कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं. वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है.

### रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन खिताब

**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया. रूड ने 7 . 5, 6 . 3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया. वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं. यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है. पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था. पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है.

### भावेश, सिमरनप्रीत ने ओलंपिक चयन ट्रायल जीता

**नयी दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया है. ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और अनीश भानवाला (29) से आगे रहे. विजयवीर सिद्धू 22 हिट से तीसरे स्थान पर रहे. महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पहली दस सीरीज में 37 स्कोर किया. उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु भाकर को पछाड़ा, जिन्होंने 35 स्कोर किया ईशा सिंह 30 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहीं.

### डुप्लेसी और कुरेन पर लगा जुर्माना

**नयी दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डुप्लेसी पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. डु प्लेसी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी की एक रन से पराजय में धीमी ओवरगति के दोषी पाये गए थे.आईपीएल ने एक बयान में कहा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 36वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है.

▼ ब्रीफ खबरें

## 102 कार्टन विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के भोपतपुर ओपी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 102 कार्टन लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है.उक्त कार्रवाई डीएसपी सदर-2 जीतेश पांडेय के नेतृत्व में भोपतपुर थाना पुलिस ने बैरिया गांव के वार्ड-07 स्थित एक घर पर छापेमारी के दौरान की. जहां से बरामद विदेशी शराब के साथ भोपतपुर थाना क्षेत्र के सीताराम राय उर्फ दहाउर राय को गिरफ्तार किया गया. बताया गया है कि गिरफ्तार तस्कर के विरूद्ध दो मामले दर्ज हैं.

## घर में मिला 22 वर्षीय विवाहिता का शव

**अररिया ।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के हरिपुर डाक वार्ड संख्या-4 में विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है. मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया और वहीं, पोस्टमार्टम होने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया. मृतक की पहचान हरिपुर डाक वार्ड संख्या चार निवासी मोहम्मद जमशेद की 22 वर्षीय पत्नी नाजनी के रूप में हुई. वही, मृतक की मायके वालों ने पति, ससुर पर हत्या का आरोप लगाया है. बताया जा रहा है कि जमशेद और नाजनी की 16 माह पहले शादी हुई थी.

## लूट की योजना बनाते चार अपराधी गिरफ्तार

**नवादा ।** नवादा जिले की पुलिस ने सड़क लूट गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है. इन लोगों के पास से 2 कट्टा, 5 कारतूस, पूर्व में लूटी गई 2 बाइक, 42 हजार रुपए नगद, एक मोबाइल, एक एटीएम कार्ड की बरामदगी की गई है. गिरफ्तार सभी बदमाश एक ही गांव रोह थाना क्षेत्र के काजीचक-मरूई गांव के निवासी बताए जाते हैं. इस मामले में नवादा के पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 16 अप्रैल 2024 और 19 अप्रैल 2024 को दो घटनाएं हुई थी.

### चर्चित विशेश्वर ओझा हत्याकांड : 12 फरवरी 2016 की घटना

# दो दोषियों को उम्रकैद और पांच को दस साल की सजा

**संवाददाता ।पटना**

बिहार के चर्चित विशेश्वर ओझा हत्याकांड में आरा कोर्ट ने दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. एडीजे-8 की कोर्ट ने हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 85-85 हजार रुपये जुर्माना लगाया है. इनके अलावा अन्य पांच दोषियों को 10 साल एवं 35-35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है. नौ अप्रैल, 2024 को कोर्ट ने इस चर्चित हत्याकांड में नामजद अभियुक्त ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा समेत सात आरोपितों उमाकांत मिश्रा, टुन्नी मिश्रा, बसंत मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह को दोषी करार दिया था जबकि



साक्ष्य के अभाव में छह आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया था. ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा सगे भाई हैं. कोर्ट ने उन्हें इस हत्याकांड को अंजाम देने वाला करार दिया था. दोनों ने साथियों के साथ मिलकर भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष विशेश्वर ओझा को गोलियों से भून दिया था.

**कोर्ट ने इन मामलों में पाया दोषी :** कोर्ट ने हरेश मिश्रा और उसके भाई ब्रजेश मिश्रा को हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले का दोषी पाया. उमाकांत, टुनी, बसंत, पप्पू और हरेंद्र सिंह को 307 आईपीसी एवं 27 आर्म्स एक्ट में दोषी पाया गया. कोर्ट ने इस कांड में आरोपित बनाये गये कुंदन, संतोष, विनोद, भृगु, मदन, बबलू को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया था.

बता दें कि विशेश्वर ओझा 12 फरवरी, 2016 की शाम सफारी गाड़ी से ड्राइवर राकेश कुमार ओझा और चार अन्य समर्थकों के साथ बभनौली निवासी चंदेश्वर उपाध्याय के भतीजे की बारात में शामिल होने परसोंडा टोला स्थित मृत्युंजय मिश्रा के घर आये थे. वहां से एक दूसरी गाड़ी उनके काफिले में शामिल हो गई. ओझा के घर लौटने के दौरान सोनबरसा मैदान में मिश्रा बंधुओं ने सहयोगियों के साथ उनकी गाड़ी को रोक लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इस फायरिंग में विशेश्वर ओझा एवं उनके ड्राइवर राकेश कुमार ओझा को गोली लगी थी. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने विशेश्वर ओझा को मृत घोषित कर दिया था. उनकी हत्या के बाद बिहार की राजनीति में उबाल आ गया था. इस हत्याकांड को लेकर राजनाथ ओझा के बयान पर शाहपुर थाना में मामला दर्ज करते हुए कुल सात लोगों पर नामजद किया गया था, जिस पर आठ साल बाद फैसला आया.

### गोराडीह प्रखंड में चुनावी जनसभा को सीएम ने किया संबोधित, बोले-

# कुछ लोग सिर्फ अपने परिवार को बढ़ाया, हमने परिवार को नहीं बढ़ाया

**संवाददाता ।भागलपुर**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को भागलपुर के गोराडीह प्रखंड स्थित मुक्तापुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार का नाम लिए बिना कहा कि हमारी मूर्खता से वह आ गया था. उसमें हमारा भी सहयोग था. फिर वह गड़बड़ करने लगा. हमें भी लगा कि गड़बड़ करता है. लालू यादव को जब सात साल के बाद पद छोड़ना पड़ा तो अपने पत्नी को भी मुख्यमंत्री बना दिया. सीएम नीतीश ने कहा कि पति-पत्नी दोनों बन गए. उसके बाद बेटा,



बेटी, बाल बच्चा यही सबके फेरा में लगा रहता है. जदयू ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं. अपने परिवार के लिए कुछ नहीं करते हैं. मैं इतने दिनों से पार्टी में हूं. अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया. अपने परिवार के लिए नहीं कुछ किया. मुख्यमंत्री ने महिलाओं की तरक्की की बात करते हुए कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे. तो महिलाओं की उत्थान के लिए कमेटी बनाया गया था. उसे राष्ट्रीय नियम में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण की बात हुई थी. हम उसमें सदस्य थे.

नीतीश कुमार ने कहा कि जब पहली बार 2005 में हमारी सरकार बनी तो मुखिया के चुनाव में हमने महिलाओं को आरक्षण दिया. फिर नगर निकाय में भी आरक्षण दिया. अब नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण है. हमने बेटियों के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना चलाई. बेटियां अब स्कूल जाने लगी है.

### लखीसराय : बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार पांच लोगों को रौंदा

# चार लोगों की मौत,एक घायल

**संवाददाता ।लखीसराय**

लखीसराय में सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है. यहां मेदिनीचौकी थाना क्षेत्र के एनएच 80 हैवतगंज के पास बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार पांच लोगों को रौंदा. इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस ने युवक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है और मामले की जांच में जुट गये हैं.

बताया जाता है कि शादी समारोह में शामिल होकर पांच लोग दो बाइक से वापस लौट रहे थे. एनएच 80 हैवतगंज के पास बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार पांच लोगों को रौंद डाला. इनमें से चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया.

हादसे के बाद वहां चीख-पुकार मच गयी. वहीं ट्रक ड्राइवर मौका पाकर फरार हो गया. स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी हाइवे पेट्रोलिंग टीम को दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गयी.

**इन लोगों की हुई मौत**

- कुणाल कुमार, पुग्गु यादव, लक्ष्मी महतो, मनीष कुमार, सूरज कुमार (घायल).



## दूल्हे की कार ने चार को कुचला, दो की मौत

**संवाददाता ।नालंदा**

नालंदा के करायपरसुराय प्रखंड अंतर्गत मखदुमपुर पंचायत के छितर बिगहा गांव में एक शादी समारोह में बैठे लोगों को दूल्हे की कार ने कुचल दिया है. इस घटना में चार लोग चपेट में आ गए. वहीं, दुल्हन के मामा और ममेरे भाई की मौत हो गई और दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए. जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गईं. बताया जाता है कि पटना जिले के फतुहा थाना इलाके के बाकीपुर मछरियावां निवासी रमेश सिंह के पुत्र मिथिलेश कुमार बारात लेकर छितर बिगहा गांव निवासी कुलदीप सिंह की पुत्री से शादी के लिए पहुंचे थे. शांतिपूर्ण तरीके से शादी समारोह संपन्न होने के बाद विदाई की प्रक्रिया चल रही थी. इस दौरान दूल्हे की कार अनियंत्रित होकर टेंट में जा घुसी. चार लोगों को



कुचल दी. दो लोगों की मौत हो गई और दो लोगों का इलाज चल रहा है. मृतक पटना जिले के शहजाहांपुर थाना इलाके के नियामतपुर गांव निवासी जनार्दन प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार उर्फ गुड्डु कुमार जो दुल्हन के रिश्ते में मामा लगते हैं, जबकि दूसरे मृतक की पहचान इतवारी टोला निवासी बृजनंदन सिंह के 45 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो दूल्हे का ममेरा भाई लगते हैं.

## पिस्टल दिखाकर लूट लिये सात लाख रुपये

**पटना ।** बाइपास थाना के गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ में दो बाइक पर चार की संख्या में बदमाशों ने निजी कंपनी के कर्मी मुकेश कुमार से लगभग सात लाख रुपए हथियार के बल पर लूट लिए है. पीड़ित जीरो माइल की तरफ से रुपये संग्रह कर बैंक में जमा करने के लिए जा रहा था. इसी दौरान बदमाश ने पिस्टल सटा कर घटना को अंजाम दिया है. डीएसपी डॉ गौरव कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस छानबीन कर रही है. अपराधी के भागने की दिशा में लगे सीसीटी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है. पीड़ित ने बताया की वह अमेजन कंपनी का कर्मचारी है और जीरो माइल ऑफिस से निकल कर गुलजार बाग सेंट्रल बैंक में 7 लाख रुपया जमा कराने जा रहा था.

# बोगी में लगी आग, एसी में ब्लास्ट होने से जवान की मौत

**पटना ।** मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह वलसाड से पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस की बोगी में आग लगने के दौरान ब्लास्ट होने से आरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई. रेलवे पुलिस के मुताबिक प्लेटफार्म संख्या पांच पर यात्रियों के उतरने के कुछ देर बाद एसी बोगी में आग लग गई और बोगी से धुंआ निकालने लगा. आग बुझाने के लिए आरपीएफ का एक जवान बोगी में चढ़ गया और आग बुझाने लगा. आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट कर गया, जिससे जवान को गंभीर चोटें आईं और उसका चेहरा झुलस गया. स्थानीय रेलवे पुलिस ने आनन-फानन में गंभीर रूप से जख्मी



जवान को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के आईजी जंक्शन पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की. एफएसएल टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है. इस बाबत रेल आईजी अमरेश कुमार ने बताया कि आग बुझाने के दौरान आरपीएफ जवान की मौत हो गई है. जांच-पड़ताल की जा रही है.

# आग लगने से सौ घर जलकर राख

- वार्ड नंबर 13 में चार घरों में शादी थी, दो घरों में बारात आनेवाली थी

**संवाददाता ।पटना**

पश्चिम चंपारण के बेतिया में खाना बनाने के दौरान लगी आग में 100 से अधिक घर जल गए. पुलिस के मुताबिक जिले में बैरिया प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी पटजीरवा के वार्ड नंबर 13 निवासी भिखम यादव के घर में महिलाएं खाना बना रही थी. इसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई. तेज पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया. इस हादसे के बाद पूरे गांव में चीख पुकार मच गई. गांव के लोग अपना घर और जान बचाने की जद्दोजहद में जुट गए हालांकि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उसपर काबू पाना मुश्किल हो रहा था. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल की चार गाड़ियां पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 13 में चार घरों में शादी थी, जिसमें दो घरों में बारात आने वाली थी जबकि दो से बारात जाने वाली थी. शादी की तैयारियां जोर शोर से चल रही थीं और घर में कैश और गहना के साथ साथ शादी में इस्तेमाल होने वाले सामान भी थे लेकिन नकद पैसा, गहना, कपड़ा समेत शादी का सारा सामान जलकर राख हो गया.

## कारोबार

## सोना कॉमस्टार ने नया संयंत्र शुरू किया

**नयी दिल्ली ।** वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स ने सोमवार को कहा कि उसने मेक्सिको में एक नया कारखाना चालू किया है. कंपनी ने एक बयान में कहा कि रणनीतिक विस्तार उत्तरी अमेरिका में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) के लिए समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. नया संयंत्र बीईवी के लिए तैयार किए गए डिफरेंशियल असेंबली और रिडक्शन गियर के उत्पादन में विशेषज्ञता हासिल करेगा.

## जोमैटो ने प्रति ऑर्डर पांच रुपये कर दिया

**नयी दिल्ली ।** होटल से खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला ऑनलाइन मंच जोमैटो ने चुनिंदा बाजारों में अपने शुल्क को 25 प्रतिशत बढ़ाकर चार रुपये से पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है. कंपनी के ऐप के मुताबिक उसने अपनी अंतर-शहरी फूड डिलिवरी सर्विस इंटरसिटी लीजेंड्स को भी रोक दिया है. जोमैटो के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, यह एक कारोबारी कदम है जिन्हें हम समय-समय पर विभिन्न कारकों के आधार पर लेते हैं. इसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंपनी स्विगी पहले से ही प्रति ऑर्डर पांच रुपये का शुल्क लेती है.

## सौर क्षेत्र में वित्तपोषण घटा : मेरकॉम

**नयी दिल्ली ।** ऊंची लागत और आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े मसले के कारण जनवरी-मार्च अवधि में वैश्विक स्तर पर सौर क्षेत्र में कंपनियों का वित्तपोषण चार प्रतिशत घटकर 8.1 अरब डॉलर रह गया. अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने सोमवार को कहा कि सौर क्षेत्र में पिछले साल की समान तिमाही में 8.4 अरब डॉलर का निवेश आया था. हालांकि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में मार्च तिमाही में वित्तपोषण 47 प्रतिशत अधिक रहा. मेरकॉम कैपिटल ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज प्रभु ने कहा, सौर क्षेत्र अत्यधिक अनिश्चितता और एक चुनौतीपूर्ण निवेश माहौल का सामना कर रहा है.

### कंपनी अगले तीन साल में भारत में पांच लाख लोगों को रोजगार दे सकती है

# एपल भारत में नियुक्तियों में लाएगी तेजी

**भाषा ।नयी दिल्ली**

पिछले कुछ समय से मल्टीनेशनल कंपनियों में तेजी से छंटनी हो रही थी. इस वजह से रोजगार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे. लेकिन लगता है अब इस पर कुछ रोक लग सकती है. इसकी शुरुआत आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी एपल से होने की संभावना है. दरअसल एपल भारत में बड़े पैमाने पर बिजनेस करने की तैयारी में है. जाहिर है ऐसे में निवेश बढ़ेगा तो रोजगार भी बढ़ेगा. जानकारी है कि कंपनी अपने वेंडर्स के जरिए अगले तीन साल में भारत में पांच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है. सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है.

फिलहाल एपल के वेंडर्स और सप्लायर भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार दे रहे हैं. एपल के लिए दो प्लांट चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है. एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि एपल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रही है. एक पुराने अनुमान के अनुसार कंपनी अपने वेंडर्स और कंपोनेंट सप्लायर्स के माध्यम से अगले तीन साल में

**मिलेगा रोजगार**

- टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है
- 2023 में एपल रेवेन्यू के मामले में सबसे आगे रही



पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है.

बताया जाता है कि एपल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है. मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2023 में एपल रेवेन्यू के मामले में भारतीय बाजार में सबसे आगे रही जबकि वॉल्यूम के लिहाज से दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग ने बाजी मारी. फर्म ने अपना हालिया रिपोर्ट में कहा कि एपल भारत में एक करोड़ यूनिट से ज्यादा आईफोन बना चुकी है.

हाल में खबर आई थी कि एपल के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर आईफोन बनाने वाली ताइवान की एक और कंपनी टाटा ग्रुप की झोली में आने वाली है. सूत्रों के मुताबिक टाटा ग्रुप ताइवानी कंपनी पेगाट्रॉन की इंडिया यूनिट में मैज्योरिटी स्टेक खरीदने के लिए की तैयारी में है. दोनों कंपनियों के बीच बातचीत एडवांस स्टेज में है. इससे पहले टाटा ग्रुप एपल की एक और कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर विस्ट्रॉन को खरीद चुकी है. टाटा ग्रुप ने पिछले साल नवंबर में 12.5 करोड़ डॉलर (1,000 करोड़ रुपये) में इसकी लोकल यूनिट को खरीदा था और आईफोन बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई थी. भारत में तीन वेंडर्स ऐपल के लिए आईफोन बनाते हैं. इनमें विस्ट्रॉन, पेगाट्रॉन और फॉक्सकॉन शामिल हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, एपल ने कोरोना महामारी के बाद से ही चीन पर अपनी निर्भरता कम करने की रणनीति अपनाई हुई है और भारत में निवेश कर रही है. कंपनी की प्लानिंग अगले तीन साल में अपनी मौजूदा सप्लाई चेन का कम से कम आधा हिस्सा चीन से भारत ट्रांसफर करने की है. इसके तहत भारतीय सप्लायर्स पर जोर देना शुरू कर दिया है. कंपनी का टारगेट अगले चार से पांच साल में भारत में अपने प्रोडक्शन को 5 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 3.32 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचाना है. एपल के अलावा दुनिया की और भी कई कंपनियों ने इस रणनीति को अपनाया हुआ है.

**रेवेन्यू के मामले में पहला स्थान हासिल किया**

कंपनी ने 2023 में पहली बार उसने रेवेन्यू के मामले में पहला स्थान हासिल किया. फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में भारत से एपल के आईफोन का एक्सपोर्ट 12.1 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर रहा था. इस तरह भारत से कंपनी के एक्सपोर्ट में करीब 100 फीसदी तेजी आई.

**एक्सपीरियन डेवलपर्स**

## नोएडा में 1,500 करोड़ रुपये का करेगी निवेश

**नयी दिल्ली ।** आवासीय संपत्तियों की मांग में तेज वृद्धि के बीच रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स अपनी विस्तार योजनाओं के तहत नोएडा में एक लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. गुरुग्राम स्थित एक्सपीरियन डेवलपर्स ने अपनी नई परियोजना 'एक्सपीरियन एलिमेंट्स' को रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण रेरा के साथ पंजीकृत किया है. यह एक्सपीरियन होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (सिंगापुर) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है.

एक्सपीरियन डेवलपर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नागराजू राउथू ने कहा कि कंपनी नोएडा में प्रवेश कर रही है, जो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजार है. कंपनी ने इस आवासीय परियोजना को विकसित करने के लिए नीलामी प्रक्रिया के जरिए राज्य सरकार से जमीन खरीदी है. निवेश के बारे में पूछे जाने पर राउथू ने कहा कि यह करीब 1500 करोड़ है. इस परियोजना में 3बीएचके अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है.


### एशियाई और यूरोपीय बाजारों में आई तेजी

# सेंसेक्स ने 560 अंकों की छलांग लगाई, निफ्टी 22,300 के पार

**एजेंसी ।मुंबई**

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी आने से सोमवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछलकर बंद हुए. बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 73,648.62 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 679.47 अंक बढ़कर 73,767.80 पर पहुंच गया था.

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 189.40 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया. सेंसेक्स के समूह में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए. दूसरी तरफ, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा. बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.93 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई.



**अधिकांश वैश्विक बाजारों में तेजी का माहौल रहा**

क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड में सर्वाधिक 2.53 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.65 प्रतिशत की बढ़त रही. उपयोगिता खंड को छोड़कर बाकी सभी खंड बढ़कर बंद हुए. एचडीएफसी सिक्योरिज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, भू-राजनीतिक तनाव के नरम पड़ने से सोमवार को अधिकांश वैश्विक बाजारों में तेजी का माहौल रहा. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट निचले स्तर पर बंद हुआ.

**गिरावट आई**

### शिकागो एक्सचेंज में 1.25 प्रतिशत से अधिक आई गिरावट

# सोयाबीन डीगम, सीपीओ व पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

शिकागो एक्सचेंज में 1.25 प्रतिशत से अधिक गिरावट के बीच देश के तेल तिलहन बाजारों में सोयाबीन डीगम के साथ- साथ कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल जैसे आयातित तेलों में गिरावट दर्ज हुई. दूसरी ओर कम दाम पर बिकवाली नहीं करने की वजह से आवक घटने के बीच सोयाबीन तिलहन के अलावा सरसों तेल और मूंगफली तेल तिलहन के भाव में सुधार दिखा. सरसों, मूंगफली, सोयाबीन और बिनौला की अधिकांश तेल मिलों के बंद होने के बीच सरसों तिलहन, सोयाबीन दिल्ली एवं इंदौर तेल और बिनौला तेल कीमतें पूर्वस्तर पर बनी रहीं. बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सरसों की आवक घटने का कारण चुनाव की वजह से कई स्थानों पर मंडियों का कारोबार प्रभावित रहना बताया जा रहा था लेकिन बाद में पता लगा कि किसान नीचे भाव पर बिकवाली नहीं कर रहे थे जिसकी वजह से आवक कम हुई.

पहले चरण के चुनाव के बाद आज आवक बढ़ने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन आज भी आवक में खास वृद्धि नहीं देखी गई. आज सरसों की 6.50 लाख बोरी की आवक हुई जो आवक पिछले साल अप्रैल में 14-15 लाख बोरी की हो रही थी. उन्होंने कहा कि सरसों मिलों को पेराई करने में 5-6 रुपये प्रति किलो का नुकसान हो रहा है.

**28-32 लाख टन ही खरीद पायेगी सरकार**

सरकार अगर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों खरीद करेगी भी तो अधिक से अधिक 28-32 लाख टन ही खरीद पायेगी बाकी सरसों की विशाल



मात्रा कहां खपेगी इसे देखना बाकी है. सरकारी खरीद के हिसाब से सरसों तेल का भाव 125-130 रुपये किलो बैठता है और बाजार में इसका थोक भाव लगभग 100 रुपये किलो बैठता है. बाजार सूत्रों ने कहा कि खाद्य तेलों की लगभग 55 प्रतिशत कमी को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर इस देश में सरसों, मूंगफली, सोयाबीन और बिनौला की लगभग 65 प्रतिशत पेराई मिलें बंद हो गयी हैं. इसके बारे में क्या कोई तेल संगठन सरकार को वस्तुस्थिति की जानकारी भी दे रहा है, यह प्रश्न बना हुआ है. उन्होंने कहा कि ऐसे तिलहन उत्पादन बढ़ाने का क्या फायदा जहां आयातित तेलों के थोक दाम सस्ता होने के बीच देशी तेल तिलहन का खपना मुश्किल हो जाये. क्या यह स्थिति देशी तेल तिलहन का बाजार विकसित करने, इसके हिसाब से आयात नीति बनाने और शुल्क निर्धारित किये जाने की जरुरत नहीं रेखांकित करती? सूत्रों ने कहा कि कल रात शिकागो एक्सचेंज में गिरावट की वजह से सोयाबीन डीगम तेल के दाम में गिरावट रही. जबकि किसानों को पिछले दो-तीन सालों के मुकाबले सोयाबीन का मौजूदा दाम बहुत कम लग रहा है और इस कारण वे सस्ते में बिकवाली करने को राजी नहीं हैं जिसकी वजह से सोयाबीन दिल्ली और सोयाबीन इंदौर तेल में कामकाज कमजोर है.


### मुंबई की ओबेरॉय रियल्टी

# बिक्री बुकिंग 53 प्रतिशत घट कर 4,007 करोड़ रुपये हुई

- ओबेरॉय रियल्टी ने 4,007 करोड़ रुपये से 705 घर बेचे
- कुल 10.76 लाख वर्गफुट कारपेट क्षेत्र की बुकिंग हुई

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष में 53 फीसदी घटकर 4,007 करोड़ रुपये रह गई है. मुंबई की ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 2022-23 में 8,572 करोड़ रुपये की और 2021-22 में 3,889 करोड़ रुपये रही थी. अत्याधुनिक सुविधाओं वाली आवासीय परियोजनाओं पर केंद्रित ओबेरॉय रियल्टी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में



कहा कि कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 1,775 करोड़ रुपये में 228 घर बेचे.

कंपनी ने इस दौरान 4.49 लाख वर्ग फुट कारपेट क्षेत्र को बेचा. पूरे बीते वित्त वर्ष के दौरान ओबेरॉय रियल्टी ने 4,007 करोड़ रुपये से 705 घर बेचे. इस दौरान कुल 10.76 लाख वर्ग फुट कारपेट क्षेत्र की बुकिंग हुई.

## ब्रीफ खबरें

### मंत्री संजय निषाद पर हमला मामले में केस

**गोरखपुर (उप्र)** । उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद पर कथित रूप से कुछ लोगों द्वारा हमला किये जाने के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में गुंडागर्दी की वापसी कतई नहीं होने दी जाएगी. पुलिस के मुताबिक, हमला उस समय किया गया, जब वह रविवार देर रात एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे.

### उम्मीदवार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**बरेली (उप्र)** । उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की आंवला लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य और बसपा प्रत्याशी बताकर नामांकन करने वाले कथित प्रत्याशी सत्यवीर सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि आंवला लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार आबिद अली की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सत्यवीर सिंह और नीरज मौर्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है.

### सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**देहरादून** । उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में सोमवार को एक बोलेरो के अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में गिरने से वाहन में सवार दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस के अनुसार, एंचोली थाना क्षेत्र में अडोली के पास हुई दुर्घटना का शिकार सभी व्यक्ति एक विवाह समारोह में हिस्सा लेने के बाद घर लौट रहे थे. पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त बोलेरो में आठ लोग सवार थे. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

### राष्ट्रपति मुइज्जू को मिला प्रचंड बहुमत

**माले** । मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने संसदीय चुनाव में 71 सीट पर जीत दर्ज करके प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है. सोमवार को आए प्रारंभिक नतीजों से यह जानकारी मिली. मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीएनसी ने रविवार को हुए चुनाव में 20वीं पीपुल्स मजलिस (संसद) में 93 में से 68 सीट जीतीं और इसके गठबंधन साझेदारों-एमएनपी तथा एमडीए ने क्रमशः एक और दो सीट जीती हैं जो कि संसद के दो-तिहाई बहुमत से अधिक है.

### इजराइल सैन्य प्रमुख ने दिया इस्तीफा

**तेल अवीव (इजराइल)** । इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है. इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं. हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजराइल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी.

---

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ताला नगरी' अलीगढ़ में सभा को किया संबोधित, कहा-

# जनता की कमाई पर 'पंजा' मारना चाहती है कांग्रेस

**एजेंसी। अलीगढ़ (उप्र)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि यह पार्टी देश पर 'माओवादी सोच' थोपकर जनता की कमाई पर कब्जा करना चाहती है और उसके शासन में माताओं और बहनों का मंगलसूत्र तक सलामत नहीं रहेगा. प्रधानमंत्री 'ताला नगरी' अलीगढ़ में भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम और हाथरस से पार्टी उम्मीदवार अनूप वाल्मीकि के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कांग्रेस और इंडिया पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता



हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है. कांग्रेस के शहजादे (पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी) का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे.

#### अगर आपके पास दो घर हैं, तो एक घर कांग्रेस छीन लेगी

प्रधानमंत्री ने कहा, वह सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी संपत्ति है. यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर आपकी संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है. कांग्रेस यहां तक जाएगी कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी. यह माओवादी सोच है, यह कम्युनिस्टों की सोच है, ऐसा ही करके कितने ही देशों को वह बर्बाद कर चुके हैं. अब यही नीति कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस भारत में लागू करना चाहते हैं. प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, आपकी मेहनत की कमाई, आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है. माताओं और बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा. इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना साम्राज्य बना लिया है. अब उनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर पड़ गई है. देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं.

#### राम मंदिर की बात आती है तो उनकी नींद उड़ जाती है

मोदी ने विपक्ष पर राम मंदिर के निर्माण को 70 साल तक रोकने का भी आरोप लगाते हुए कहा, 'यह हम सबके लिए कितनी गर्व की बात है कि 500 साल के बाद भव्य राम मंदिर हम देख रहे हैं और जब राम मंदिर की बात आती है तो उनकी नींद उड़ जाती है. उनको लगता है कि यह 70 साल तक हम रोक कर बैठे थे. यह मोदी क्या आ गया कि इतने साल में ही अदालत से फैसला भी आ गया. मंदिर बन भी गया. प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई. रोज लाखों लोग आने भी लगे. अब उनकी नींद उड़ गई है और इसीलिए वह इतने गुस्से में हैं कि उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया.

---

### सैन्य तैयारियों की समीक्षा की

# रक्षा मंत्री राजनाथ व सेना प्रमुख जनरल के साथ पहुंचे सियाचिन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का सोमवार को दौरा किया और क्षेत्र में



भारत की समग्र सैन्य तैयारियों की समीक्षा की. सिंह ने सियाचिन का दौरा ऐसे समय में किया, जब रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में भारतीय सेना की मौजूदगी को एक सप्ताह पहले 40 वर्ष हो गये. अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्री ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ क्षेत्र में समग्र सुरक्षा स्थिति की

- **कैप्टन शिवा चौहान को तैनात किया गया :** पिछले साल जनवरी में सेना के कोर ऑफ इंजीनियर्स' की कैप्टन शिवा चौहान को सियाचिन में एक अग्रिम चौकी पर तैनात किया गया. इस प्रमुख युद्धक्षेत्र में किसी महिला सैन्य अधिकारी की यह पहली अभियानगत तैनाती है.

समीक्षा की. राजनाथ सिंह ने सियाचिन में तैनात सैनिकों से भी बातचीत की. काराकोरम पर्वतीय श्रृंखला में लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है जहां सैनिकों को शीतदंश और तेज हवाओं से जूझना पड़ता है.

---

### पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले का मामला

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने 24 हजार नौकरियां रद्द कर दी

#### खास बातें

- हाईकोर्ट ने 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया
- पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी सहित कई लोग जेल जा चुके हैं

**एजेंसी। कोलकाता**

शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार बैकफुट पर है. कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गयी स्कूल शिक्षक भर्ती कैंसल कर दी है. खबर है कि हाईकोर्ट ने 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है. लगभग 24 हजार नौकरियां खत्म कर दी गयी हैं. इस मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी सहित राज्य शिक्षा विभाग के कई अधिकारी जेल भेजे जा चुके हैं. कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद ईडी और सीबीआई दोनों कथित अनियमितताओं की जांच कर रही हैं. शिक्षक भर्ती घोटाला 2014 का बताया गया है. पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) ने राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी. भर्ती प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई. तब पार्थ चटर्जी शिक्षा मंत्री थे. गड़बड़ियां उजागर होने के बाद कोलकाता हाईकोर्ट में कई याचिका दाखिल की गयी थीं.



#### क्या है स्कूल नौकरी घोटाला

साल 2016 में पश्चिम बंगाल सरकार ने स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी. यह भर्ती सरकारी स्कूलों के लिए थी, जिसके जरिए माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के लिए शिक्षकों का चयन होना था। इस भर्ती में अनियमितता के आरोप लगे और मामला हाई कोर्ट तक पहुंच गया. इस मामले में घोटाले को लेकर कई याचिकाएं दायर की गईं और कोर्ट ने सभी पर एक साथ सुनवाई की. कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने पूरे मामले की जांच की और पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया. उनके अलावा पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के कुछ पदाधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया. हाईकोर्ट के कहने पर ही सीबीआई ने दो महीने के अंदर अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंप दी थी. रिपोर्ट मिलने के बाद 20 मार्च तक सुनवाई पूरी हुई और अब कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है.



#### कोर्ट के आदेश को चुनौती देंगे : ममता

इस बीच, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने 2016 की शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गईं सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को सोमवार को अवैध करार दिया और कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी. बनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा के नेताओं पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा, सभी नियुक्तियों को रद्द करने का अदालत का फैसला अवैध है. हम उन लोगों के साथ खड़े हैं जिनकी नौकरियां चली गई हैं. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले और आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे.

---

### हुबली में नेहा हिरेमथ की हत्या का मामला

# भाजपा का राज्यव्यापी प्रदर्शन पिता बोले- सीबीआई जांच हो

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भाजपा की कर्नाटक इकाई ने हुबली में एक युवती की नृशंस हत्या के खिलाफ सोमवार को राज्यव्यापी प्रदर्शन किया. हुबली-धारवाड़ नगर निगम के पार्षद और कांग्रेस नेता निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को धारवाड़ के बीवीबी कॉलेज परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी. घटना को लेकर पूरे राज्य में आक्रोश देखा गया था. नेहा, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन की प्रथम वर्ष की छात्रा थी. आरोपी फैयाज पूर्व में उसका सहपाठी था. फैयाज को पुलिस ने



गिरफ्तार कर लिया है. भाजपा ने इस घटना के लिए कांग्रेस सरकार की कथित तुष्टिकरण की राजनीति को जिम्मेदार ठहराते हुए राज्यव्यापी प्रदर्शन करने का फैसला किया. पार्टी ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में बम विस्फोट, जय श्री राम का नारा लगाने और हनुमान चालीसा का पाठ करने को लेकर युवाओं पर हमला जैसी कई घटनाओं पर भी प्रकाश डाला.

### छह और उम्मीदवारों के नाम घोषित किए बीजद ने

**भुवनेश्वर** । मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को पार्टी के छह और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की. पार्टी ने जिन छह सीट से उम्मीदवार घोषित किए हैं, उनमें से पांच सीट पर मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया गया. इसी के साथ बीजद ने अब तक 147 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 141 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है. जिन पांच मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया गया, उनमें हिंडोल की सिमरन नायक, बालिकुडा-एरसामा के रघुनंदन दास, रघुनाथपल्ली के सुब्रत तराई, बारी की सुनंदा दास और बांगीरपोसी के सुदाम मरंडी शामिल हैं. बीजद ने पुरी जिले के काकटपुर विधानसभा क्षेत्र से तुषार कांति बेहरा को फिर से उम्मीदवार बनाया है.

### सपा ने तेजप्रताप व पांडेय को बनाया उम्मीदवार

**लखनऊ** । सपा ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए बलिया और कन्नौज सीट पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की. पार्टी ने यह जानकारी दी. सपा ने 'एक्स' पर उम्मीदवारों की सूची साझा की, जिसमें पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव को कन्नौज और सनातन पांडेय को बलिया से उम्मीदवार घोषित किया गया है. लोकसभा चुनाव 2019 में कन्नौज सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को हराया था. सपा ने 2019 आम चुनाव में भी सनातन पांडेय को बलिया से उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्हें भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से हार का सामना करना पड़ा था.

# केजरीवाल को इंसुलिन की जरूरत पर ईडी ने झूठ बोला : आतिशी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने सोमवार को आरोप लगाया कि ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन की जरूरत है या नहीं, इस पर एम्स के विशेषज्ञों से सलाह लेने के बारे में अदालत से झूठ बोला. केजरीवाल ने शुक्रवार को एक नयी याचिका दाखिल कर हर दिन 15 मिनट अपने चिकित्सक से परामर्श लेने और जेल में इंसुलिन देने की मांग रखी थी. आतिशी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ईडी ने अदालत में झूठ बोला




और कहा कि एम्स के विशेषज्ञों से परामर्श लिया गया है और केजरीवाल को इंसुलिन की आवश्यकता नहीं है. उन्होंने केजरीवाल के लिए एक आहार चार्ट भी तैयार किया है. उन्होंने कहा, हालांकि, आहार चार्ट किसी मधुमेह विशेषज्ञ द्वारा नहीं बल्कि एक आहार विशेषज्ञ द्वारा तैयार किया गया है.

---

# अखिलेश का दावा : भाजपा बहुत कमजोर स्थिति में है

**एजेंसी। लखनऊ**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि



लोकसभा चुनाव में भाजपा बहुत कमजोर स्थिति में है जबकि समाजवादी पार्टी एवं इंडिया बहुत मजबूत स्थिति में है. उन्होंने कहा, भाजपा पीडीए से घबराई हुई है. भाजपा ने पीडीए-पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों सहित महिलाओं एवं आदिवासियों को भी धोखा दिया है. किसान त्रस्त है, नौजवान पस्त है. जनता ने इस बार भाजपा को राम-राम करके विदाई देने का मन बना लिया है. सपा द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक यादव ने यहां कहा कि पीडीए में सबका सम्मान और अधिकार सुरक्षित है जबकि भाजपा के सबके साथ के नारे से समाज की गैरबराबरी समाप्त नहीं होने वाली है. उन्होंने कहा, भाजपा में सबकी समानुपातिक भागीदारी कहां है? नौकरी में आरक्षण देने और जातीय जनगणना से भाजपा को परहेज है. जातीय जनगणना से सामाजिक न्याय का रास्ता खुलता है. यादव ने कहा कि महंगाई कम नहीं हो रही है, चुनावी बॉण्ड वसूली का माध्यम है. उन्होंने कहा कि चुनावी बॉण्ड में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है तथा ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिए डरा धमकाकर वसूली की गई.

### राहुल 26 को वायनाड में मतदान होने के बाद अमेठी आयेंगे : स्मृति

**अमेठी (उप्र)** । केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को दावा किया कि राहुल गांधी 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान होने के बाद अमेठी आएंगे. स्मृति ने कहा कि राहुल लोगों को जातिवाद के नाम पर विभाजित करने के साथ ही मंदिर-मंदिर जायेंगे. स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से तत्कालीन सांसद और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को हराया था. हालांकि कांग्रेस ने अभी तक अमेठी से अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है. राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल की वायनाड सीट से चुनाव जीते थे और 2024 में भी वहां से चुनाव मैदान में हैं. वायनाड में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा.

### गृह मंत्री अमित शाह ने दी नक्सलियों को चेतावनी, कहा-

# दो वर्ष में नक्सलवाद खत्म कर देंगे

- कहा- पांच वर्ष तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छत्तीसगढ़ सरकार में नक्सलियों पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गयी

**एजेंसी। कांकेर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को चेतावनी दी कि वे आत्मसमर्पण कर दें नहीं तो लड़ाई का परिणाम तय है और दो वर्ष में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा. शाह नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. सुरक्षाबलों ने 16 अप्रैल को कांकेर जिले में एक मुठभेड़ के दौरान 29 नक्सलियों को मार गिराया था,



जिसमें 15 महिलाएं भी शामिल थीं. शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 10 वर्षों के दौरान नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को समाप्त किया. मोदी जी ने इस देश से नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर ला दिया. उन्होंने कहा, पांच वर्ष तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में नक्सलियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री और विजय शर्मा के गृह मंत्री बनने के बाद पिछले चार माह में सुरक्षाबलों ने 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को मार गिराया.

इसके साथ ही 123 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 250 ने आत्मसमर्पण कर दिया. शाह ने कहा, मोदी जी ने देश भर से नक्सलवाद को समाप्त किया चाहे वह आंध्रप्रदेश हो, तेलंगाना हो, बिहार हो, झारखंड हो या मध्य प्रदेश हो. मैं कहकर जाता हूं कि मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बना दीजिए और दो साल दे दीजिए. छत्तीसगढ़ से हम नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे.

### उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**सियोल** । उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी. दक्षिण कोरिया ने सोमवार को यह जानकारी दी. दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइल दागने की यह नयी घटना है. दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि मिसाइल सोमवार को दागी गयी लेकिन उन्होंने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया कि मिसाइल कितनी दूरी तक गयी. उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ जारी गतिरोध के बीच अपनी सैन्य क्षमताओं में विस्तार करते हुए हाल के महीनों में हथियारों के परीक्षण की अपनी गति को और तेज कर दिया है. उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को पश्चिमी तटीय इलाके में परीक्षण की घोषणा की थी.

---

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट का कोर्स कर बना सकते हैं कॅरियर

**रजनीश प्रसाद**

फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट, निजी कंपनियों और सार्वजनिक एजेंसियों, जैसे पुलिस विभाग को डिजिटल डेटा एनालिसिस कर साइबर क्राइम के मामले हल करने में मदद करते हैं. वे डिवाइस से पुनः डेटा प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर सिस्टम के अपने ज्ञान का उपयोग करते हैं, प्राप्त डेटा की एनालिसिस करते हैं और उसी आधार पर रिपोर्ट लिखते हैं. ये एनालिस्ट रिकवरी और डिकोडिंग सॉफ्वेटयर का उपयोग कर डिलीट और एन्क्रिप्ट की गई फाइलों को वापस लाने में भी मदद करते हैं. फिर इन फाइलों को इकट्ठा किया जाता है और आपराधिक मामलों के सबूत के रूप में उपयोग किया जाता है. कंप्यूटर फोरेंसिक एनालिस्ट कंप्यूटर, नेटवर्क सर्वर, स्मार्ट डिवाइस और अन्य डिजिटल उपकरणों से डेटा प्राप्त करने में माहिर होते हैं.

#### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट क्यों बनें

- **उच्च नौकरी की मांग:** टेक्नोलॉजी लगातार विकसित हो रही है, जिसने दुर्भाग्य से साइबर अपराध की समस्याओं को भी बढ़ा दिया है. ऐसे में फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट की मांग भी बढ़ रही है.
- **नौकरी के व्यापक अवसर :** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट किसी भी कॉर्पोरेट, जांच, कानूनी या सरकारी क्षेत्र में काम कर सकता है. इस क्षेत्र में अनुभव प्राप्त करने के बाद आप फ्रीलांसर के रूप में भी काम कर सकते हैं।
- **उच्च वेतन :** इस नौकरी में उच्च वेतन की संभावनाएं हैं. पे स्केल के अनुसार, भारत में एक फ्रेशर के रूप में फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट का वेतन पांच से आठ लाख रुपये तक है.
- **कम प्रतिस्पर्धा :** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट के रूप में कुछ लोग ही काम करते हैं, जिसका अर्थ है कि बहुत कम प्रतिस्पर्द्धा है. यदि आपके पास उचित शिक्षा और कौशल है, तो आप आसानी से इस क्षेत्र में एक अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं.

#### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट के काम

1. कानूनी कार्यवाही के लिए कंप्यूटर और डिजिटल एविडेंस तैयार करना.
2. डिजिटल एविडेंस की जांच करना और उपयुक्त टीम के सदस्यों को रिपोर्ट देना.
3. विभिन्न प्रकार के फॉरेंसिक टूल और सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर डिजिटल डेटा को डिक्रिप्ट करना और एनालिसिस करना.
4. किसी व्यक्ति या स्थान की पहचान छिपाने के लिए लॉक की गई डिजिटल इमेजेस को अनलॉक करना.
5. किसी स्थान या व्यक्ति का पता लगाने के लिए मोबाइल फोन और सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डेटा की जांच करना.
6. कानूनी रूप से मान्य तरीके से एविडेंस और सूचना एकत्र करना.
7. क्षतिग्रस्त डिजिटल फाइल से डेटा को पुनः प्राप्त करना.
8. जांच के बाद रिपोर्ट तैयार करना.
9. फॉरेंसिक क्षेत्र में विकास और साइबर अपराध के तरीकों को ध्यान में रखते हुए भविष्य के साइबर हमलों को रोकने के लिए डेटा सिस्टम की सुरक्षा करना.

#### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट बनने के लिए आवश्यक कौशल

**फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट के कॅरियर में आप कुछ कौशल का उपयोग कर सकते हैं, जो इस प्रकार है :**

- तकनीकी ज्ञानः फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट अपराधों की जांच के लिए प्रोग्रामिंग, ऑपरेटिंग सिस्टम, डिवाइस और मैलवेयर के अपने ज्ञान का उपयोग कर सकते हैं. अतः उनके पास मजबूत टेक्निकल स्किल्स का होना आवश्यक है.
- नैतिकता का ज्ञानः डेटा के साथ साइबर एथिक्स की समझ फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्टों को डेटा सुरक्षा का मूल्यांकन करने और साइबर अपराधों की जांच करने में मदद कर सकती है.
- कानूनी ज्ञानः टेक्नोलॉजी कानूनों की समझ फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्टों को कंपनियों को साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने में मदद करता है.
- क्रिटिकल थिंकिंगः क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट को साइबर अपराधों की जांच और समाधान करने में सहायता कर सकती हैं.
- कम्युनिकेशनः फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट अपनी जांच के निष्कर्षों पर व्यापक रिपोर्ट लिखने और समस्याओं को हल करने के लिए दूसरों के साथ काम करते हैं. अतः उनके पास अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स उपयोगी है.

#### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट बनने के लिए जरूरी पाठ्यक्रम

- बीएससी कंप्यूटर फॉरेंसिक एंड सिक्योरिटी
- बीएससी (ऑनर्स) कंप्यूटर फॉरेंसिक
- बीएससी साइबर सिक्योरिटी एंड फॉरेंसिक कंप्यूटिंग
- बीएससी डिजिटल फॉरेंसिक एंड साइबर सिक्योरिटी
- ग्रेजुएट पाथवे कोर्स इन डिजिटल फॉरेंसिक एंड साइबर एनानिसिस
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन डिजिटल फॉरेंसिक
- एमएससी कंप्यूटर फॉरेंसिक
- एमइंजीनियरिंग कंप्यूटर फॉरेंसिक एंड सिक्योरिटी
- एमएससी फॉरेंसिक कंप्यूटिंग एंड साइबर क्राइम इन्वेस्टिंगेशन
- एमएससी साइबर सिक्योरिटी, थ्रेट, इंटेलीजेंस एंड फॉरेंसिक
- एमएससी साइबर टेक्नोलॉजी

#### फॉरेंसिक कंप्यूटर कोर्स के लिए भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

- आईआईटी, मुंबई
- आईआईटी, मद्रास
- स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज
- प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी, बेंगलोर
- ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी, धनबाद
- एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी, जयपुर
- आईटीएम यूनिवर्सिटी
- एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)